संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 17 मार्च 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 74 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# अडाणी मुद्दे पर डरे हैं पीएम: राहुल गांधी

## वे मुझे पार्लियामेंट में नहीं बोलने देंगे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बताएं अडाणी से उनका क्या रिश्ता: कांग्रेस नेता राहुल गांधी

**पीएम निशाने पर...**

= प्रधानमंत्री मोदी अडाणी के मुद्दे से डरे हुए हैं। वे बताएं कि अडाणी से उनका क्या रिश्ता है: कांग्रेस नेता राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लंदन** में दिए गए भाषण को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सफाई दी है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि मेरे भाषण में ऐसी कोई चीज नहीं थी जो मैंने पब्लिक रिकॉर्ड से नहीं निकाली। सब कुछ यहां-वहां से जुटाया था। यह पूरा मामला डिस्ट्रैक्ट करने का है। दरअसल, प्रधानमंत्री अडाणी के मुद्दे से डरे हुए हैं। वे बताएं कि अडाणी से उनका क्या रिश्ता है। राहुल गांधी ने यह सारी बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। साथ ही कहा कि लंदन में दिए गए भाषण के मुद्दे पर संसद में विस्तार से जवाब दूंगा। मैं सांसद हूं और संसद मेरा मंच है। राहुल ने कहा कि अडाणी को श्रीलंका, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया में ठेके मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री और ऑस्ट्रेलिया के पीएम के बीच क्या बात हुई पीएम उसके जवाब नहीं दे पाए। मैं लोकसभा का सदस्य हूं। मेरी जिम्मेदारी अपनी बात संसद में रखने की है। मुझे संसद में अगर बोलने का मौका मिलता है तो वहां मैं डिटेल में इस विषय पर अपनी बात रखूंगा। हालांकि लगता है कि वे मुझे पार्लियामेंट हाउस में बोलने नहीं देंगे।

**मेरा बोलना भाजपा को पसंद नहीं:** इससे पहले संसद के बाहर राहुल ने कहा था- मैंने लंदन में भारत के खिलाफ कुछ नहीं कहा था। अगर संसद में मुझे बोलने का मौका मिलेगा, तो मैं अपनी बात रखूंगा। उन्होंने आगे कहा कि मेरा बोलना भाजपा को पसंद नहीं आता है। इससे पहले, गुरुवार सुबह 11 बजे संसद की कार्यवाही शुरू होते ही दोनों सदनों को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दोपहर बाद कार्यवाही शुरू होने पर एक बार फिर हंगामा होने पर दोनों ही सदन दिनभर के लिए स्थगित कर दिए गए।

**राहुल ने स्पीकर से मिलकर वक्त मांगा:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से गुरुवार को मुलाकात की। उन्होंने लंदन के बयान पर अपना पक्ष संसद में रखने के लिए वक्त मांगा।

### देश के खिलाफ बयान स्वीकार नहीं: रिजिजू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** कानून मंत्री एवं भाजपा नेता किरण रिजिजू ने गुरुवार को राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान के संदर्भ में कहा कि संसद नहीं चलने से देश में चिंता का माहौल है। भाजपा का इस पर स्पष्ट मानना है कि देश के खिलाफ बयान स्वीकार नहीं किया जा सकता। भाजपा नेता ने आज पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी के लंदन में दिए बयानों को लेकर उनकी आलोचना की। उन्होंने कहा कि देशवासी भले ही उन्हें गंभीरता से ना लें लेकिन विदेश के लोग उनसे अपरिचित हैं और उन्हें लग सकता है कि राहुल गांधी जो कह रहे हैं वह सही है। कांग्रेस पार्टी को देशवासियों ने सबसे ज्यादा शासन का अवसर प्रदान किया है।

### 'मेरा पीएम कैंडिडेट होना चर्चा का विषय नहीं'

**राहुल** से जब यह पूछा गया कि वे अगले पीएम उम्मीदवार होंगे, इस पर उन्होंने कहा कि मेरा पीएम कैंडिडेट होना चर्चा का विषय नहीं है। विपक्ष का सेंट्रल आइडिया भाजपा और संघ को हराना है।

**मैं मोदी की शैली से सहमत नहीं:** ये आइडिया कि एक आदमी सभी समस्याओं को हल करता है, सतही है। लोगों से बात करने से समस्याएं हल हो जाती हैं। इसके लिए हितधारकों और सरकार के बीच बातचीत जरूरी है। मैं ऊपर से नीचे तक एक व्यक्ति वाली नरेंद्र मोदी-शैली से सहमत नहीं हूं जो चीजों को ठीक करने के लिए जादू की छड़ी लेकर इधर-उधर भागता है। राहुल ने कहा कि अमेरिका सहित दुनिया के लोकतांत्रिक देश यह नोटिस करने में विफल रहे कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है।



दुष्यंत चौटाला की शादी समारोह में शामिल हुए हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर। डिप्टी सीएम दुष्यंत ने किया स्वागत।

### 'सेक्सिस्ट भाषा, भद्दे चुटकुलों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जरूरी'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने महिलाओं के लिए गलत व्यवहार, सेक्सिस्ट भाषा और भद्दे चुटकुलों के लिए जीरो टॉलरेंस सुनिश्चित करने की बात कही है। जस्टिस चंद्रचूड़ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुप्रीम कोर्ट की जेंडर सेंसिटाइजेशन और इंटरनल कम्प्लेंट कमेटी के एक इवेंट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कोर्ट की भाषा, दलीलों और फैसलों में महिलाओं के लिए इस्तेमाल किए गए अनुचित शब्दों की शब्दावली जारी करने की घोषणा की।

**सीजेआई बोले- ये एक मिशन था, जो पूरा होने वाला है:** सीजेआई ने कहा कि यह डिक्शनरी एक मिशन था जिसे उन्होंने कुछ साल पहले शुरू किया था।

### हेलीकॉप्टर का मलबा मिला, दोनों पायलटों ने गंवाई जान



**नई दिल्ली:** अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी खमेंग जिले में गुरुवार को सुबह दुर्घटनाग्रस्त हुए चीता हेलीकॉप्टर का मलबा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास मिल गया है। मंडला पहाड़ी इलाके के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर के दोनों पायलटों ने इस हादसे में अपनी जान गंवाई है। सर्च ऑपरेशन के दौरान चीन बॉर्डर के पास मलबा के साथ पायलटों के शव भी मिल गए हैं। गुवाहाटी के रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि आज सुबह करीब 09:15 बजे अरुणाचल प्रदेश के बोमडिला के पास ऑपरेशनल उड़ान भरने वाले आर्मी एविएशन के चीता हेलीकॉप्टर का एटीसी से संपर्क टूट गया। इसके बाद बोमडिला के पश्चिम में मंडला के पास हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली।

### रूसी एयरस्पेस से दूर रहे अमेरिका: रूस



**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन**

**रूसी** जेट विमानों के काला सागर में अमेरिकी ड्रोन को गिराए जाने के बाद दोनों देशों के बीच तल्खी और बढ़ गई है। रूस ने अमेरिका को उसके हवाई क्षेत्र से दूर रहने की चेतावनी दी है। दोनों महाशक्तियों के बीच रूस-युक्रेन युद्ध के बाद पहला सीधा टकराव है। वाशिंगटन और मॉस्को दोनों इस घटना के लिए एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। जहां ड्रोन गिराया गया है, अमेरिका उसे अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र बता रहा है, जबकि रूस दावा कर रहा है कि उसने यह क्षेत्र यूक्रेन से जीता है। रूस यह भी कह रहा है कि इस अमेरिकी ड्रोन की मौजूदगी इस बात का सुबूत है कि अमेरिका यूक्रेन युद्ध में सीधे दखल दे रहा है। बताया जा रहा है कि रूस समुद्र से ड्रोन का मलबे को हासिल करने की कोशिश करेगा।

### ईडी ने कविता को फिर भेजा समन, 20 को पूछताछ के लिए बुलाया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता को नया समन जारी किया है। ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए 20 मार्च को दिल्ली स्थित दफ्तर में उपस्थित होने के लिए कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को ईडी ने फिर समन भेजा है। जांच एजेंसी ने उन्हें 20 मार्च को उपस्थित होने के लिए कहा है। के. कविता को ईडी के समक्ष आज पूर्वाह्न 11 बजे पेश होना था, लेकिन उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपनी लंबित याचिका का हवाला देते अपने एक प्रतिनिधि के जरिए जांच एजेंसी के दफ्तर दस्तावेज भिजवाया था।

## बाल विवाह पर कार्रवाई सांप्रदायिक नहीं: सरमा



**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहटी**

**दो टूक**

= लोग अपराधियों के लिए रो रहे हैं, लेकिन पीड़ित परिवार के उन बच्चियों के लिए नहीं जो 11 साल की उम्र में गर्भवती हो जाती हैं

**असम** में बाल विवाह के खिलाफ राज्य सरकार सख्त ऐक्शन ले रही है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि बाल विवाह पर किसी तरह की सांप्रदायिक कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री विधानसभा के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान सदन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा- कुछ लोग अपराधियों के लिए रो रहे हैं, लेकिन पीड़ित परिवार के उन बच्चियों के लिए नहीं जो 11 साल की उम्र में गर्भवती हो जाती हैं।

**सरमा बोले- या तो मुझे हटा दें, या बाल विवाह रोके:** असम सीएम ने कहा कि राज्य में बाल विवाह स्वीकार्य नहीं हैं। मैंने असम में देखा है कि कुछ विधायक आरोपियों के पक्ष में बात कर रहे हैं। सरमा ने यहां तक कह दिया- आपके पास दो विकल्प है, या तो मुझे यहां से हटा दो या बाल विवाह बंद करो, तीसरा कोई विकल्प नहीं है।

## चुनाव आयोग से मिला जम्मू-कश्मीर के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चुनाव की मांग**

= प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूख अब्दुल्ला ने किया

**नेशनल** कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात की और जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूख अब्दुल्ला ने किया। मुलाकात के बाद डॉ. अब्दुल्ला ने कहा कि हम सभी पार्टियों की एक ही मांग है कि राज्य में चुनाव कराए जाएं। इससे वहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू होगी और लोगों को राहत मिलेगी। आयोग से हमने कहा कि केन्द्र सरकार बार-बार राज्य में हालात सामान्य होने की बात कर रही है। अगर राज्य में हालात सामान्य हैं तो जल्द से जल्द चुनाव होना चाहिए। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह इस





विषय पर विचार कर रहे हैं। इस दौरान डॉ. अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिए जाने का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक राज्य को केन्द्रशासित प्रदेश बना दिया गया। निर्वाचन सदन जाने से पूर्व, प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं से राज्य के 13 दलों के नेताओं ने मुलाकात की। डॉ. अब्दुल्ला ने कहा कि राज्य के 13 दलों के नेताओं ने जम्मू कश्मीर के विषय पर आज बैठक की और इस बात पर सहमति जताई कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटाया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर सभी ने मिलकर काम करने का फैसला किया है। बैठक में शामिल एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटाए जाने पर सहमत हैं।

### देश के मेडिकल कॉलेजों में पीजी सीटें 110 प्रतिशत बढ़ी: डॉ. मनसुख

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केन्द्रीय** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में 71 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की सीटें 97 प्रतिशत और पीजी की सीटें 110 प्रतिशत बढ़ी हैं। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने ट्वीट कर कहा कि दौर बदला है और देश भी बदला है। साल 2014 में जहां एमबीबीएस की सीटें 51,348 हुआ करती थी, वह साल 2023 में बढ़कर 1,01,043 सीटें हो गई हैं।

## 70000 करोड़ रुपये के हथियार खरीदने के प्रस्तावों को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्रालय ने भारतीय रक्षा बलों के लिए विभिन्न हथियार प्रणालियों की खरीद के लिए 70,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्षा अधिकारियों ने इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, इन प्रस्तावों में भारतीय नौसेना के लिए 60 मेड इन इंडिया यूटिलिटी हेलीकॉप्टर मरीन और ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, भारतीय सेना के लिए 307 हॉवित्जर,



भारतीय तटरक्षक बल के लिए 9 ध्रुव हेलिकॉप्टर खरीदने के प्रस्तावों की मंजूरी शामिल है। इतना ही नहीं, इन प्रस्तावों में भारतीय नौसेना के लिए एचएएल द्वारा निर्मित 60 यूएच समुद्री हेलिकॉप्टर खरीदने के लिए 32,000 करोड़ रुपये का मेगा ऑर्डर भी शामिल है।

**व्यवधान** 2022-23 के समर्थन मूल्य घोषित करने में देश के किसानों से घोर विश्वासघात किया है: सुरजेवाला

## संसद में हंगामा: लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही ठप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गतिरोध**

= बजट सत्र के दूसरे भाग के चौथे दिन भी पक्ष विपक्ष के गतिरोध के चलते संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही

**संसद** के दोनों सदनों की कार्यवाही में चल रहा व्यवधान गुरुवार को भी जारी रहा जिसके चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 2 बजे और बाद में दिनभर तक के लिये स्थगित कर दी गई। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी पक्षों को बैठकर विचार कर हाउस में आर्डर लाने का अनुरोध किया। उन्होंने विपक्ष के नेताओं से कहा कि उन्हें बात रखने का अवसर दिया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि सदन की मर्यादा बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। ऐसे में प्रश्नकाल और बजट पर चर्चा होने देनी चाहिए। कुछ ऐसे ही हालात राज्यसभा में भी रहे



जहां सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ समय बाद हंगामे की वजह से दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान सभापति जगदीप धनखड़ ने प्रदर्शन कर रहे सांसदों को चेतावनी दी कि वे उनका नाम लेंगे। बाद में दोपहर 2 बजे कार्यवाही शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश की ओर से सदस्यों से सदन को चलने देने का आग्रह दोहराया गया। हंगामा न रुकते देख कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र के दूसरे भाग के चौथे दिन भी पक्ष विपक्ष के गतिरोध के चलते संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही है। सत्ता पक्ष जहां राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयानों पर उनसे माफी की मांग कर रहा है, तो दूसरी ओर विपक्ष अडानी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की मांग पर अड़ा है।



# दयालु योजना की सीएम ने की शुरूआत

## सही मायने में अंत्योदय को साकार कर रहा है हरियाणा, 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को सही मायनों में मूर्तरूप देने की अनेक पहले की हैं। इस कड़ी में सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक और अग्रणी कदम उठाते हुए अंत्योदय परिवारों को मृत्यु या दिव्यांग होने की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दयालु योजना का शुभारंभ किया। हरियाणा निवास में आयोजित एक कार्यक्रम में मनोहर लाल ने कहा कि दयालु योजना के तहत परिवार पहचान पत्र में सत्यापित डेटा के आधार पर 1 लाख 80 हजार रुपये तक आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का क्रियान्वयन हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चल रही मौजूदा बीमा योजनाओं को समेकित करने, मानकीकृत सुनिश्चित करने और दावों की प्रक्रिया को सरल



बनाने तथा लोगों को सीधे लाभ प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास की स्थापना की है।

इस न्यास द्वारा तीन योजनाएं शुरू की गई हैं, जिसमें उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में काम करने वाले ग्रुप सी व डी कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री हरियाणा कर्मचारी दुर्घटना बीमा योजना, छोटे कारोबारियों के लिए दुर्घटना में मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता के लिए मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना तथा अंत्योदय परिवारों को सामाजिक सुरक्षा कवच देने के लिए मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना शामिल है।

**पीपीपी डेटा के अनुसार ऑनलाइन मिलेगी सहायता राशिः** मुख्यमंत्री ने कहा कि दयालु योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी को आकस्मिक या प्राकृतिक मृत्यु व स्थायी दिव्यांगता के मामले में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 3 महीने के भीतर आवेदन करना होगा। मृत्यु के मामले में परिवार के मुखिया को और स्थायी दिव्यांगता के मामले में दिव्यांग लाभार्थी को परिवार पहचान पत्र डेटाबेस में पंजीकृत बैंक खाते में सहायता राशि का भुगतान किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने वर्ष 2023-24 के बजट अभिभाषण में हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास के माध्यम से विभिन्न बीमा योजनाओं सहित इस योजना का लाभ देने की घोषणा की है।

दयालु योजना के तहत विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार लाभ दिया जाएगा। इस योजना में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मिलने वाली 2 लाख रुपये की राशि भी शामिल होगी। उन्होंने कहा कि पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के लाभार्थियों, जिनकी पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपये तक है, उनका प्रीमियम हरियाणा सरकार दे रही है। इस योजना के तहत निम्न प्रकार से सहायता प्रदान की जाएगी।

## ट्राइसिटी में मेट्रो दौड़ाने पर बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब** के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित की अध्यक्षता में ट्राईसिटी कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान को लेकर बैठक हुई। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी इस बैठक में शामिल हुए। पंजाब से कैबिनेट मंत्री सुअनमोल गगन मान ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में पंचकूला, चंडीगढ़ और मोहाली (ट्राई सिटी) में यातायात व्यवस्था तथा तीनों शहरों में मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बैठक में सुझाव देते हुए कहा कि मेट्रो के माध्यम से जीरकपुर को पिंजौर-कालका तक जोड़ा जाए, ताकि चंडीगढ़ आने वाले नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिले। इसके अलावा, चंडीगढ़ से पिंजौर- कालका को भी जोड़ने पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेट्रो के विस्तार में घग्गर नदी और नए पंचकूला के इलाकों को भी शामिल किया जाए। इसके लिए मेट्रो के पहले फेज में ही ये सभी रूट शामिल किये जाने चाहिएं। मनोहर लाल ने कहा कि पंजाब, हरियाणा सिविल सचिवालय, विधानसभा, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, पीजीआई तथा एयरपोर्ट जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर नागरिकों की आवाजाही अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि पंचकूला वासियों के लिए एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को बेहतर और सुगम करने के साथ साथ ट्राईसिटी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना ही मेट्रो प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ को समन्वय स्थापित करते हुए पूरे तालमेल के साथ आगे बढ़ना है। बैठक में चंडीगढ़ के मेयर अनूप गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डी एस ढेसी, मुख्य सचिव संजीव कौशल और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण गुप्ता सहित पंजाब व चंडीगढ़ के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## सरपंच गांवों के विकास और उन्नति के लिए कार्य करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल द्वारा बुधवार को पंचायतों के हित में की गई घोषणाओं से उत्साहित होकर प्रदेश के सरपंच विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंदर बबली को आभार व्यक्त करने उनके निवास स्थान पर पहुंचे। इस अवसर पर सरपंचों ने पंचायत मंत्री से कहा कि वे गांवों के विकास और उन्नति के लिए कार्य करेंगे और इस बारे में कल मुख्यमंत्री जी की ओर से की गई घोषणाओं से उनका मनोबल बढ़ा है। पंचायत मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि सरकार ग्राम विकास के लिए संकल्पित है। सरपंच उनका साथ दें। उन्होंने सरपंचों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी हर जायज मांग को माना जाएगा। हम सभी एक ही परिवार का भाग हैं। उन्होंने कहा कि सरपंच प्रस्ताव बनाकर भेजें और उन्हें विकास कार्यों के लिए किसी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी। देवेंद्र बबली ने कहा कि सरकार का सपना है कि गाँवों को शहरों की तर्ज पर विकसित करना है। सरकार 9 सूत्रीय कार्यक्रमों को लेकर आगे बढ़ रही है। गाँवों में जिम, लाइब्रेरी, महिला संस्कृति केंद्र, कम्युनिटी सेंटर, स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी कैमरा, कूड़ा प्रबंधन, ग्रे वाटर मैनेजमेंट और अन्य मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

## छात्रों ने टैबलेट जमा नहीं किए तो जारी नहीं होगा परीक्षा परिणाम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों ने अगर समय रहते टैबलेट जमा नहीं किया तो उनका परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड तथा सीबीएसई को पत्र जारी करके गाइडलाइन बता दी है। गाइडलाइन में कहा गया है कि दसवीं तथा जमा दो के विद्यार्थियों को परीक्षाएं समाप्त होने के पांच दिन के भीतर-भीतर अपना टैब स्कूल में जमा करवाना होगा। परीक्षाएं समाप्त होने के पांच दिन के भीतर-भीतर सिम ब्लाक कर दिए जाएंगे। दसवीं कक्षा के जो विद्यार्थी स्कूल नहीं बदलेंगे और अपनी पढ़ाई उसी स्कूल में जारी रखेंगे तो उन्हें इस



बारे में स्कूल प्रबंधकों को एक लिखित पत्र देना होगा। इस पत्र पर मिलने वाली स्वीकृति के आधार पर 11वीं कक्षा में विद्यार्थी टैबलेट अपने पास रखने के हकदार होंगे। 12वीं कक्षा के जिन विद्यार्थियों को टैब दिए गए थे उनके लिए ऐसी कोई शर्त नहीं रखी गई है, क्योंकि उन्हें अगली कक्षा के लिए कालेजों में जाना होगा। स्कूल प्रबंध समिति यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक विद्यार्थी ने टैब, सिम तथा चार्जर जमा करवा दिया है। जो विद्यार्थी टैब जमा नहीं करवाएंगे, उनका परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया जाएगा। यही नहीं इन विद्यार्थियों का परिणाम डी.जी. लॉकर पर भी अपलोड नहीं किया जाएगा।

**8 शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड तथा सीबीएसई को पत्र जारी करके गाइडलाइन बता दी**

निदेशालय के अनुसार दसवीं के विद्यार्थियों को 27 मार्च तथा 12वीं के विद्यार्थियों को दस अप्रैल तक टैब जमा करवाना अनिवार्य है। शिक्षा निदेशालय ने साफ किया है कि अगर कोई विद्यार्थी टैब जमा नहीं करवाता है और गलती से उसका परीक्षा परिणाम जारी कर दिया जाता है तो स्कूल प्रबंधकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वह ऐसे विद्यार्थियों को एसएलसी, डीएमसी तथा चरित्र प्रमाण पत्र जारी नहीं करेंगे।

## सब इंस्पेक्टर 50 हजार रिश्वत के साथ अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
लघु सचिवालय के पीछे पार्किंग में वीरवार को स्टेट एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने कोऑपरेटिव सोसायटी के सब इंस्पेक्टर को प्लाट ट्रांसफर करने की एवज में 50 हजार रिश्वत लेते काबू किया है। नारनौंद के रहने वाले ओमप्रकाश ने एंटी करप्शन ब्यूरो को दी शिकायत में बताया कि नेताजी कॉलोनी में सोसायटी द्वारा प्लाट काटे गए हैं। जिसमें उसके दो प्लाट हैं। उन प्लाटों को ट्रांसफर करने की एवज में कोऑपरेटिव सोसायटी का सब इंस्पेक्टर प्रदीप 50 हजार की डिमांड कर रहा है।

## संसद में दीपेन्द्र हुड्डा ने पुरानी पेंशन स्कीम बहाली पर पूछा सवाल तो सरकार ने दिया गोलमोल जवाब

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**सांसद** दीपेन्द्र हुड्डा ने कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय से पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली पर सीधा सवाल किया तो सरकार ने उसका सीधा जवाब न देकर गोलमोल जवाब दिया।

प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा दिए गए जवाब से स्पष्ट है कि सरकार की नीयत पुरानी पेंशन योजना लागू करने की है ही नहीं। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा समेत देश भर में कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर आन्दोलनरत हैं लेकिन सरकार उनकी मांग को अनसुना कर रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने ये भी कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही प्रदेश के सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करेंगे। दीपेन्द्र हुड्डा लगातार राज्य सभा में व अर्धसैनिक बलों, केन्द्रीय व राज्य कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग को उठाने के लिए नोटिस दे रहे हैं। उन्होंने मांग करी कि व अर्धसैनिक बलों को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ देने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का



11 जनवरी, 2023 का आदेश तुरंत लागू किया जाए। इस संबंध में 6 मार्च, 2023 को हाईकोर्ट ने एक बार पुनः सरकार को 11 जनवरी का आदेश लागू करने के लिए 12 हफ्तों का समय दिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने जवाब ये स्वीकार किया है कि वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग की 22 दिसम्बर, 2003 की अधिसूचना के द्वारा 1 जनवरी, 2004 से होने वाली सभी नयी भर्तियों के लिये (सशस्त्र बलों को छोड़कर) लागू की गयी थी और पूरा देश जानता है कि उस समय भाजपा की सरकार थी। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा और सेवा करने वाले हर कर्मी एवं केंद्र व राज्य सरकार के तहत देश सेवा करने वाले कर्मचारियों के हित से समझौता नहीं किया जा सकता। अर्धसैनिक बलों के जवान देश और देशवासियों की रक्षा में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं। देश में जब कहीं संकट उत्पन्न होता है ये जवान अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं और कर्त्तव्यपालन करते हुए बड़ी से बड़ी कुबार्नी देने में भी कभी पीछे नहीं हटे। कश्मीर से लेकर नॉर्थ ईस्ट तक सरहदों की रक्षा हो, कई राज्यों में नक्सली ताकतों को परास्त करने, बंदरगाहों या एयरपोर्ट्स की सुरक्षा हो, हर जगह हमारे अर्धसैनिक बलों ने शौर्य और देश सेवा में कीर्तिमान स्थापित किए हैं। देश की सुरक्षा से जुड़े सैनिकों में भेद नहीं किया जा सकता। देश के लिये अपना सबकुछ न्यौछावर करने वाले सैनिकों का मान-सम्मान व उनका हित सर्वोपरि है।

## दिग्विजय चौटाला और लगन की शाही शादी धूमधाम से संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दिग्विजय चौटाला और लगन रंधावा की शाही शादी धूमधाम से संपन्न हो गई। भाई की शादी में हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने जमकर ठुमके लगाए। समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी वर वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे। उनके साथ हरियाणा के गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय और सरकार के और भी मंत्रियों ने शादी समारोह में शिरकत की।

**यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश भी पहुंचेः** इस शाही शादी में हरियाणा सरकार के अलावा के उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल सहित कई

**8 भाई की शादी में हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने जमकर ठुमके लगाए**

राजनीतिक हस्तियों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। सभी का जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिग्विजय के पिता अजय चौटाला ने स्वागत किया।

**नहीं पहुंचे दादा और चाचाः** इस हाई प्रोफाइल शादी में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो और दिग्विजय के दादा ओमप्रकाश चौटाला तथा चाचा अभय सिंह चौटाला समारोह में नहीं पहुंचे। बताया जा रहा है कि शादी के लिए परिवार की ओर से कार्ड भी दिया गया था। सिरसा में 10 मार्च को शादी के उपलक्ष्य में प्रीतिभोज दिया गया था। चौटाला हाउस पर रिंग सेरेमनी कार्यक्रम हुआ था।

## 2 स्टूडेंट्स पर कॉलेज के बाहर हमला

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हरियाणा के** हिसार में डीएन कॉलेज के बाहर दो छात्रों की युवकों ने पिटाई कर दी। युवकों के कमर व कंधे पर तेजधार हथियार से वार किए गए। इसके साथ ही हमलावर सोने की चेन भी छीनकर ले गए। छात्रों को दोस्तों ने सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**दोस्त के साथ कॉलेज के बाहर गयाः** छात्र अजय निवासी तलवंडी राणा ने बताया कि वह बीए पार्ट वन में कॉलेज हिसार में पढ़ता है। उसके पिता बिजली सदन में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। 15 मार्च करीब साढ़े 12 बजे मोबाइल पर युवक आकाश का फोन आया। उसने कहा कि उठ कॉलेज के बाहर आओ आपसे बात करनी है। उस समय वह कॉलेज के अंदर मौजूद था और साथ में दोस्त साहिल निवासी भिवानी था।

दोनों कॉलेज के आगे बंसल की दुकान पर पहुंचे तो पीयूष नाम का लड़का व आकाश व उनके साथ 8 से 10 लड़के मौजूद थे। आकाश ने आते ही धक्का मारा और पीयूष ने थप्पड़ मारा। जिससे वह गिर गया। इस पर दोस्त साहिल छुड़वाने के लिए आया तो आकाश व पीयूष ने उसे भी लात घूंसे मार कर नीचे गिरा दिया।

**कंधे पर चाकू से किया हमलाः** युवक ने कहा कि आरोपियों ने हमारे साथ मार पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान दोनों पर कमर और कंधे के पास तेजधार हथियार से वार कर दिए। जिससे खून निकलने लग गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। इस पर आरोपी भागने लगे और कहने लगे कि आज तो तुम बच गए, अगली मार मिलोगे तो जान से मार देंगे।

## पंचकूला में डॉक्टर के घर मृत मिली नौकरानी

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
**हरियाणा** के पंचकूला में सेक्टर-4 में डॉक्टर के घर में नौकरानी का शव बाथरूम में फंदे से लटका मिला। इसका दरवाजा अंदर से बंद था। मृतका की पहचान नेपाल निवासी चंपा के रूप में हुई है। मौत के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखा है। छानबीन की जा रही है। जानकारी के अनुसार चंपा सेक्टर 4 में एक डॉक्टर के घर पर नौकरानी का काम करती थी। गुरुवार सुबह करीब 10:30 वह बाथरुम में नहाने के लिए गई थी, लेकिन काफी देर के बाद भी वह बाहर नहीं आई।

## भाजपा गठबंधन सरकार कर रही है जनता के हितों की अनदेखीः ओमप्रकाश

### पूर्व मुख्यमंत्री बोले, सरकार बनने पर सबसे पहले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार गुरुवार को 19वें दिन जिला फरीदाबाद के बल्लबगढ़ के सेक्टर-3 जाट भवन से शुरू हुई और गांव सीही, सेक्टर 8, हनुमान मंदिर, मिलन स्वीट्स, सेक्टर-9,10,12,15,16,17 मैट्रो होस्पीटल, ओल्ड फरीदाबाद सब्जी मंडी, शास्त्री कालोनी, सेक्टर- 29, 30 बडखल चौक से होते हुए गांव बडखल पहुंची जहां रात्रि ठहराव हुआ। प्रदेश में किसानों की सरसों की फसल मंडी में आ गई है लेकिन उसकी सरकारी खरीद न होने के कारण किसानों को औने-पौने दामों में फसल को बेचना पड़ रहा है। यह बात उन्होंने गुरुवार को सेक्टर-3



स्थित राजा नाहर सिंह पैलेस में राजा नाहर सिंह के वंशज राजा राजकुमार तेवतिया तथा सुनील तेवतिया द्वारा एक विशाल जनसभा में कही। इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है जहां सभी धर्मों के लोग आपसी प्रेम-सद्भाव से रहते हैं पर देश का यह दुर्भाग्य रहा है कि कुछ लोग राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश को लूटने के लिए आपस में लड़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सोच चौधरी देवी लाल के दिखाए रास्ते पर चलने की है। चौधरी देवी लाल ने लोगों के लिए संघर्ष किया, ताकि उनकी मूलभूत जरूरतों रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा-स्वास्थ्य की सुविधा का बंदोबस्त सरकार करें। इनेलो सुप्रीमो ने बताया कि उन्होंने जब वर्तमान मुख्यमंत्री की कार्यशैली के बारे में लोगों से बात की तो उन्होंने मायूस मन से बताया कि क्या करेंगे मुख्यमंत्री की कोठी में जाकर, वहां काम तो होता ही नहीं है। दरख्वास्त लेकर जो जाता है उसे पुलिस वाले भगा देते हैं। उन्होंने कहा कि उसी दिन मैंने ठानी जिस दिन लोगों के सहयोग समर्थन से इनेलो की सरकार बनेगी तो लोगों को सरकार के द्वार पर नहीं आना पड़ेगा बल्कि सरकार लोगों के घर द्वार पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि सरकार बनने पर सबसे पहले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। बतौर मुख्यमंत्री मैं प्रदेश के सभी गांवों में जाया करता था। लोगों के दुख-तकलीफ का हाथोंहाथ निपटान किया जाता था। कहने की जरूरत नहीं इस परिवर्तन यात्रा के जरिए लोगों का झुकाव इनेलो की तरफ बढ़ता जा रहा है। इस लड़ाई के सुखद परिणाम निकलेंगे। आने वाले दिनों में इनेलो की सरकार बनेगी और प्रदेश में भरपूर विकास कार्य करवाए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री की घोषणाएं धरातल से कोसों दूर, विधानसभा घेरेंगे सरपंच

### मुख्यमंत्री को पता होना चाहिए कि कोटेशन से नहीं बल्कि सरकारी रेट से होते सरकारी काम

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**जिला** सरपंच एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उन घोषणाओं को झूठ का पुलिंदा व गुमराह करने वाली बताया है, जिसमें उन्होंने पंचायतों को पांच लाख की छूट देने सहित अन्य बातें कही है। एसोसिएशन का कहना है कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं का धरातल से कोई संबंध नहीं है। प्रदेशभर के सरपंच 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करेंगे। एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष आजाद सिंह हिन्दुस्तानी, गंगवा सरपंच भगवान दास एवं अन्य सरपंचों ने गुरूवार को एकत्रित होकर मुख्यमंत्री की घोषणाओं को झूठा बताया। उन्होंने कहा कि



मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणाएं धरातल से कोसों दूर हैं। वास्तव में सरकार इस तरह की घोषणाओं से सरपंचों के आंदोलन से जनता का ध्यान भटकाना चाहती है परंतु राज्यभर के सरपंच मुख्यमंत्री की ऐसी घोषणाओं के झांसे में नहीं आएंगे और 17 मार्च को जोरदार ढंग से विधानसभा का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपनी घोषणा में कहा है कि अब पंचायतें कोटेशन से पांच लाख तक के कार्य करवा सकती है। मुख्यमंत्री को यह ज्ञात होना चाहिए कि सरकारी काम

**8 एसोसिएशन का कहना है कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं का धरातल से कोई संबंध नहीं ह**

कोटेशन से नहीं बल्कि सरकारी रेटों पर होते हैं। आजाद सिंह हिन्दुस्तानी ने नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में खेत खलिहान योजना के तहत बनवाए जा रहे रास्तों पर भी सवालिया निशान लगाया और कहा कि इन रास्तों के निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री का प्रयोग किया गया है। यही नहीं, रास्तों के लिए जमीन तो पंचायतों ने दी है लेकिन रास्ते बनाने के बाद जो बोर्ड लगाए गए हैं, उनमें सरपंचों के नाम तक नहीं है, जिससे सरपंचों में रोष है। उन्होंने कहा कि नलवा के विधायक एवं डिप्टी स्पीकर ने इन रास्तों के उद्घाटन में जितनी जल्दबाजी दिखाई है, उतनी जल्दी अगर वे सामग्री ठीक लगवाने में दिखाते तो शायद ये रास्ते बहुत अच्छे बन सकते थे।

उन्होंने डिप्टी स्पीकर से मांग की कि वे नलवा हलके की जनता व सरपंचों से माफी मांगे। इस अवसर पर सरपंच विक्की सोनी, धनसिंह, राजेश झाझडिया, जयबीर देवां, राजेश जाखड़, जंग बहादुर मिंगनीखेड़ा, सतपाल बीड़ बबरान, प्रमोद कुमार, रामबीर धीरणवास, कुलदीप सिंह भेरियां सहित अन्य सरपंच उपस्थित रहे।

## सरकार आने पर भाजपा सरकार के घोटालों की होगी जांचः कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान राज्य सरकार की नीतियों और महंगाई को लेकर भाजपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आज जनता सड़कों से लेकर दफ्तरों तक धक्के खाने पर मजबूर है। हमारी सरकार आने पर भाजपा सरकार के घोटालों की जांच होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान गुरुवार को यहां जगाधरी के लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उदयभान कांग्रेस के 2 अप्रैल को यमुनानगर में होने वाले विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करने आए थे।प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में आज जनता सड़कों से लेकर दफ्तरों तक धक्के खाने पर मजबूर है। बुढ़ापा पेंशन के रूप में देवीलाल के समय से बुजुर्गों का सम्मान होता था, इस सरकार ने वो भी छीन लिया है। बीपीएल कार्ड से लाखों लोगों के नाम काट दिए गए है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर जनता को इन सभी परेशानियों से मुक्त कर दिया जाएगा और राज्य सरकार में चल रहे घोटालों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता पिछले नौ बरस से भाजपा के कुशासन से तंग आ चुकी है। उन्होंने कहा कि महंगाई अपनी चरम पर है। कानून व्यवस्था और बेरोजगारी पर हरियाणा नंबर वन बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 1 लाख 82 हजार पद खाली पड़े है। आज प्रदेश में पैदा होने वाला बच्चा 1 लाख 18 हजार रुपये कर्ज के साथ पैदा होता है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने गौतम अडानी को हर तरह से लूटने की छूट दे रखी है। प्रदेश में एक हजार चार सौ 40 मेगावाट बिजली के लिए हुड्डा सरकार ने सन 2035 तक का 2 रुपये 94 पैसे प्रति यूनिट का करार किया था। लेकिन करार जारी ना रखने पर खट्टर सरकार ने उस पर कोई जुर्माना नही लगाया।

# 20 लाख तक टर्नओवर वाले व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लिए सीए प्रमाणपत्र मुफ्त

## मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना का दायरा बढ़ा, डेढ़ करोड़ टर्नओवर वाले छोटे व्यापारी क्षतिपूर्ति के दायरे में

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत देते हुए ऐलान किया है कि जिन व्यापारियों का टर्नओवर 20 लाख रुपये सालाना है, उन्हें जीएसटी पंजीकरण के लिए अब सीए प्रमाणपत्र राज्य सरकार के एंपैनल्ड चार्टर्ड अकाउंटेंट से निःशुल्क प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा गुरुवार को हरियाणा निवास में आयोजित व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना का शुभारंभ करने के बाद की। इस अवसर पर हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बाल किशन व सदस्य तथा प्रदेशभर से आए व्यापारी भी उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि छोटे व्यापारियों को अपना पंजीकरण कराने के लिए सीए प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है और इसे प्राप्त करने के लिए उन्हें कुछ राशि का भुगतान करना पड़ता है। अब इस घोषणा के बाद छोटे व्यापारी, जिनका टर्नओवर 20 लाख रुपये तक है, वह सरकार के एंपैनल्ड चार्टर्ड अकाउंटेंट से सीए प्रमाणपत्र ले सकेंगे। इस खर्च का भुगतान राज्य सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रदेश में व्यापारियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब इस योजना में छोटे व्यापारियों, जिनका वार्षिक कारोबार 1.50 करोड़ रुपये तक है, को भी शामिल किया गया है। यह योजना एक अप्रैल से शुरू हो जाएगी।




उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आग लगने, दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा आदि के कारण माल के नुकसान के लिए लाभार्थी की श्रेणी के अनुसार मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत उन व्यापारियों को लाभ दिया जाएगा, जो 31 मार्च या पंजीकरण की तिथि को या बाद की तिथि को राज्य या केंद्रीय क्षेत्राधिकार में जीएसटी अधिनियम, 2017 के तहत पंजीकृत पात्र करदाता हैं। ऐसे करदाता योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत होने चाहिएं। उनके पंजीकरण शुल्क का भुगतान हितधारक अर्थात हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड द्वारा हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास को किया गया होना चाहिए। इस योजना के तहत डेढ़ करोड़ रुपये तक के कारोबार पर 20 लाख रुपये तक मुआवजा राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति व्यक्ति जीएसटी संग्रह के मामले में 68142 करोड़ की कलेक्शन के साथ हरियाणा बड़े राज्यों में शीर्ष स्थान पर है। कार्यक्रम में हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बाल किशन ने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि व्यापारी हितैषी और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के कारण ही दिल्ली के व्यापारी भी अपना कारोबार हरियाणा में स्थानांतरित करने को तैयार हैं।

## मेवात पहुंची फरीदाबाद पुलिस टीम पर हमला, मामला दर्ज

**फरीदाबादः** सूरजकुंड से ट्रैक्टर चोरी मामले के आरोपी पकड़ने के लिए मेवात के गोकुलपुर पहुंची फरीदाबाद क्राइम ब्रांच की टीम पर हमला करने के मामले में गुरुवार को पुलिस ने 15 आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत मामलादर्ज किया है। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने नूंह एसपी से बात करके इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने गुरुवार को बताया कि ट्रैक्टर चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था, जिसने बताया कि उसने चोरी का ट्रैक्टर में मेवात के रहने वाले अजहरुद्दीन को बेच दिया था। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम अजहरुद्दीन की तलाश में मेवात के गोकुलपुर गांव पहुंची थी, जहां पर आरोपी ने अपने साथियों को बुला कर हमला कर दिया। इस मामले में दो पुलिसकर्मियों को चोट आई है। आरोपियों के खिलाफ मेवात के पुन्हाना थाने में सरकारी कर्मचारी पर हमला करने, हत्या का प्रयास, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, अवैध हथियार अधिनियम, जान से मारने की धमकी आदि धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना 2021 के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

रिजर्व बैंक लोकपाल कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना 2021 के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 16 मार्च 2023 को होटल माउन्ट व्यू, सैक्टर 10, चंडीगढ़ में एक मीडिया इंटरेक्शन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जी20 के तत्वाधान तथा 15 मार्च को मनाए गए विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजीव द्विवेदी, लोकपाल, चंडीगढ़, पीआईबी के प्रतिनिधि श्री विवेक वैभव तथा श्रीमती वर्तिका एवं विभिन्न मीडिया घरानों ने प्रतिभागिता की, जिसमें लोकपाल महोदय ने प्रतिभागियों को 2021 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की।अपने संबोधन में लोकपाल महोदय ने बताया कि रिजर्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना, आरबीआई द्वारा विनियमित संस्थाओं के



विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा है। यह योजना ग्राहकों की शिकायतों का 30 दिनों के भीतर निवारण न होने या आरबीआई द्वारा विनियमित बैंक /एनबीएफसी /प्रणाली प्रतिभागियों द्वारा संतोषजनक निवारण न होने पर, अपनी शिकायत लोकपाल के समक्ष दर्ज कर सकते हैं। ऑनलाइन पर या डाक द्वारा केंद्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केंद्र, भारतीय रिजर्व बैंक, चंडीगढ़ - 160017 पर शिकायत दर्ज.की जा सकती हैं। अपवर्जन सूची में उल्लिखित सेवाओं को छोड़कर, विनियमित संस्थाओं की अन्य सेवाओं में कमियों से संबंधित सभी शिकायतें इस योजना में शामिल हैं। साथ ही ग्राहक अपनी शिकायत की वास्तविक स्थिति को शिकायत प्रबंधन प्रणाली पर देख सकते हैं। विनियमित संस्थाओं के ग्राहक अपने बैंक खातों से जुड़ी गोपनीय जानकारी आदि साझा न करें। इसके पश्चात मीडिया घरानों के प्रतिनिधियों ने योजना से संबन्धित प्रश्न किए जिनका उत्तर लोकपाल महोदय द्वारा दिया गया।

# 'एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट सुना चुका हरियाणा के हक में फैसला'

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**

**हरियाणा** सरकार में राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट हरियाणा के हक में फैसला सुना चुका है। हरियाणा सरकार इस फैसले को लागू कराने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इसमें पंजाब की रूख सही नहीं है। उन्होंने कहा कि एसवाईएल हरियाणा खासकर दक्षिणी हरियाणा के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि यहां दशकों से पानी की आवश्यकता बनी हुई है। अगर एसवाईएल बन जाती है तो खासकर दक्षिणी हरियाणा को सबसे बड़ा फायदा होगा। ओपी यादव गुरुग्राम को रेवाड़ी शहर में एक कार्यकर्ता के घर चाय पीने पहुंचे थे।

**मुख्यमंत्री ने दिखाया बड़प्पनः** मंत्री ओपी यादव ने कहा कि ई-टेंडरिंग को लेकर काफी समय से सरपंच आंदोलन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बड़प्पन दिखाते हुए 2 लाख से



बढ़ाकर सरपंचों को 5 लाख रुपए की पावर दे दी है। अब सरपंच साल में 5 बार यानी 25 लाख रुपए तक के काम कोटेशन के आधार पर करा सकेंगे। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने सरपंचों का मानदेय 5 हजार और पंचों का मानदेय प्रतिमाह 1600 रुपए कर दिया है, ये एतिहासिक फैसला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा

> 8 हरियाणा सरकार इस फैसले को लागू कराने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इसमें पंजाब की रूख सही नहीं है

सरकार हर वर्ग के हित के लिए काम कर रही है।

**बगैर भेदभाव किए जा रहे कामः** ओपी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले 8 सालों में प्रदेश में चंहुमुखी विकास हुआ है। बगैर भेदभाव हर हल्के का विकास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में हर वर्ग के हित के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बुढ़ापा पेशन बढ़ाकर साढ़े 2700 रुपए कर दी गई है। साथ ही पीपीपी के आधार पर 60 साल की आयु होते ही अब हरियाणा में पेंशन खुद ही बन जाती है। किसी बुजुर्ग को चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ी।

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता व उनकी टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अमित है, जो फरीदाबाद का रहने वाला है और उसके खिलाफ 2 मार्च को एनआईटी थाने में दुष्कर्म, मारपीट व धमकी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी ने एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और उसके साथ मारपीट की। अपनी शिकायत में महिला ने बताया कि उसका एक पांच वर्ष का बेटा है और वह काफी सालों से अपने पति से अलग रहती है। उसने बताया कि आरोपी के साथ उसकी दोस्ती दो साल पहले फेसबुक पर हुई थी, आरोपी ने उसके साथ बातचीत करते हुए उसे अपने प्यार के जाल में फंसा लिया और जुलाई 2022 में आरोपी ने उसे खाने पीने के बहाने से होटल में बुला लिया और नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया। इसके पश्चात आरोपी ने महिला से कहा कि वह उससे शादी करेगा।

# मत्स्य संपदा योजना स्वरोजगार में हो रही वरदान साबित

**टीम एक्शन इंडिया**/भिवानी

सरकार द्वारा आमजन के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अनेक स्वरोजगार परक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं में से मत्स्य विभाग की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना स्वरोजगार में वरदान साबित हो रही है। इस योजना को अपनाकर जिला से अनेक महिला व पुरूष सफल व्यवसायी बन रहे हैं। इसी कड़ी में गांव झुप्पा की सुमन भी झींगा पालन में प्रति वर्ष साढ़े आठ लाख रूपए कमा रही हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल द्वारा किसानों की आय को बढ़ाने के लिए कृषि में आधुनिक तकनीक, उद्यान आदि सहित मच्छली पालन पर पूरा जोर दिया जा रहा है। मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन के प्रोजेक्ट पर महिला व अनुसूचित जाति को 60 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है। इसी प्रकार सामान्य वर्ग व पिछड़े वर्ग को 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है। डीसी नरेश नरवाल के निदेर्शानुसार जिला में मत्स्य पालन विभाग द्वारा लोगों को झींगा मच्छली पालन के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिसका असर साफतौर पर दिखाई दे रहा है। परिणाम स्वरूप जिला में

> 8 इस योजना को अपनाकर जिला से अनेक महिला व पुरूष सफल व्यवसायी बन रहे हैं

फिलहाल लगभग 225 एकड़ में झींगा पालन किया जा रहा है। पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं मच्छली पालन व्यवसाय को अपनाकर लाखों रूपए कमा रही हैं। सुमन अपने परिवार के साथ एनसीआर (गुरुग्राम) में अपना व्यवसाय करती थी, लेकिन कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान उन्हें अपने गांव आना पड़ा, क्योंकि लॉकडाउन लंबी अवधि के लिए था। इसलिए उस अवधि के दौरान उन्हें लगा कि गांव में ही कोई कार्य करना चाहिए तो उन्होंने काम की तलाश करने पर पाया कि आस-पास के क्षेत्रों में झींगा पालन किया जा रहा है। सुमन ने भी झींगा पालन के लिए डीएफओ कार्यालय भिवानी से संपर्क किया। इस बारे विस्तार से जानकारी हासिल की। सुमन ने गांव झुंपा में अपने साथी विनोद और कमलेश के साथ मिलकर झींगा पालन शुरू किया और आज वह एक प्रतिवर्ष साढ़े आठ लाख रूपए कमाकर सफल मछली पालक बन चुकी हैं।

## ठगों द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही खाते से कटे 98 हजार रुपए

**कैथलः** बीमे की पेमेंट करने के बहाने लिंक भेज कर खाते से ठगों ने 98 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के बावजूद लोग ठगों के झांसे में आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कलायत में सामने आया है। कलायत निवासी राहुल पुत्र राज्यपाल ने बताया कि उसके पास फोन पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने पहले उसका नाम पूछा।

# ई-खरीद पोर्टल में खराबी के चलते दूसरे दिन भी हैफेड नहीं खरीद पाया सरसों

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

हरियाणा प्रदेश में सरसों की खरीद के दावे राज्य सरकार भले ही करती हो, परन्तु अनाज मंडियों में सरसों की सरकारी खरीद ई-खरीद पोर्टल के खराब होने के चलते नहीं हो पा रही है। जो खरीद हो रही है, वो ई-नेम के माध्यम से प्राईवेट स्तर पर पर्चियां काटकर की जा रही है। ई-नेम से होने वाली खरीद में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है। हरियाणा के कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल के गृह जिला में भी ऐसा ही हाल है। यहां पर अभी तक सरसो के न्यूनतम समर्थन मूल्य 5450 रुपए पर हैफेड ने एक भी दाना नहीं खरीदा है। जो भी खरीद हुई है, वह प्राईवेट स्तर पर हुई है। अनाज मंडी के उप-सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि अनाज मंडी में सरसों की खरीद शुरू हो चुकी है, परन्तु तकनीकी कारणों के चलते ई-खरीद पोर्टल

> 8 जो खरीद हो रही है, वो ई-नेम के माध्यम से प्राईवेट स्तर पर पर्चियां काटकर की जा रही है



से किसानों के गेट पास नहीं बन पा रहे है। पोर्टल में किसान का फोन नंबर तो सिस्टम उठा लेता है, परन्तु आधार कार्ड को इनवैलिड आ रहा है। जिसके कारण किसानों की सरसो की फसल के गेट पास नहीं बन पा रहे है। इसके लिए ई-नेम के माध्यम से किसानों के गेट पास बनाए जा रहे है। ई-नेम के माध्यम से बने गेट पास से किसान अपनी फसल को खुले बाजार में मंडी के माध्यम से बेच पा रहा है। उन्होंने बताया कि ई-नेम के माध्यम से खुले बाजार में लगभग 20 किसानों की 250 क्विंटल की फसल की खरीद हुई है। गौरतलब है कि ई-नेम के माध्यम से जो फसल बिकती है, इसमे किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलता, बल्कि फसल की गुणवत्ता के आधार पर खुले मार्केट में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर सरसों बिक रही है।

# परिवार पहचान पत्र के विरोध में हरियाणा के स्कूल

## टेक्निकल दिक्कत का दिया हवाला, सरकार ने एडमिशन में पीपीपी को किया अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**विपक्षी** दलों के बाद अब निजी स्कूलों ने भी हरियाणा में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) का विरोध किया है। स्कूलों की ओर से इसके पीछे की वजह टेक्निकल दिक्कत को बताया है। हरियाणा सरकार की ओर से शिक्षा विभाग के द्वारा नए एडमिशन के लिए प्रबंधन सूचना प्रणाली पोर्टल पर पीपीपी को अपलोड करना अनिवार्य किया है।

**अप्रैल से शुरू होंगे नए एडमिशनः** हरियाणा के स्कूलों में अप्रैल में नया शैक्षणिक सत्र शुरू



होगा। इस दौरान स्कूलों में नए एडमिशन भी किए जाएंगे। स्कूल प्रबंधन इस बार नए एडमिशन में पीपीपी को लेकर चिंतित है। स्कूलों के अनुसार अब सरकार के एमआईएस पोर्टल पर नए छात्रों के पंजीकरण करने के लिए पारिवारिक आईडी का उपयोग करना होगा। इसमें कई तरह की खामियों के कारण प्रबंधन ने एडमिशन में परेशानी होने की बात कही है।

**विकल्प के रूप में हो पीपीपीः** हरियाणा के स्कूलों ने सरकार से मांग की है कि एडमिशन की नई प्रक्रिया में परिवार पहचान पत्र को विकल्प के रूप में कर दिया जाए। प्रबंधन के अनुसार जल्द ही वह इस मांग को लेकर हरियाणा के शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

# जंगल में लकड़ी काटने से रोका तो वन कर्मचारी पर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

जंगलात में आरी लेकर घुसे एक व्यक्ति को पेड़ काटने से रोकने पर उसने साथियों के साथ मिलकर वन कर्मचारी पर हमला कर दिया। हमले में वन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरुवार को उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव रामगढ़ रोड़ निवासी विजयपाल पुत्र भगवान दास ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह और उसकी पत्नी गंगा देवी ग्रुप डी कर्मचारी हैं और उनकी सीवन के जंगलों में ड्यूटी है। वह प्रतिदिन की भांति जंगलात में गश्त करते हुए खेड़ी गुलाम अली की तरफ जा रहा था। उसने देखा कि खेड़ी गुलाम अली का रहने वाला पुनी पुत्र अमरनाथ आरी लेकर जंगल में घूम रहा था। उसने उसे आरी लेकर जंगल में घूमने के बारे में पूछताछ की। जिसमें क्रोधित हो गया और उसने आरी उसके सिर मे दाहिनी साईड़, माथे पर बाई साईड़ मारी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद उसने अपने साथियों को भी वहां बुला लिया।

# रिश्वतखोरी के मामले में सब-इंस्पेक्टर व डीआरओ सहित 4 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वतखोरी के अलग-अलग मामलों में सहकारिता विभाग के सब-इंस्पेक्टर तथा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत सरंचना विकास निगम के दो अधिकारियों समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी जींद, फरीदाबाद व पलवल से हुई है। एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले मामले में एसीबी ने को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी में प्लॉट ट्रांसफर करने की एवज में 50,000 रुपये की रिश्वत लेते

> 8 नारनौंद निवासी ओमप्रकाश ने एंटी करप्शन ब्यूरो को दी शिकायत में बताया कि उसने को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी में प्लाट ट्रांसफर करवाने के लिए सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार से सम्पर्क किया
>
> 8 करीब 2 माह तक प्रदीप कुमार उसके चक्कर कटवाता रहा। आखिर आरोपी सब-इंस्पेक्टर ने 50,000 रुपये की डिमांड की

सहकारिता विभाग, जींद के सब इंस्पेक्टर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

नारनौंद निवासी ओमप्रकाश ने एंटी करप्शन ब्यूरो को दी शिकायत में बताया कि उसने को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी में प्लाट ट्रांसफर करवाने के लिए सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार से सम्पर्क किया। करीब 2 माह तक प्रदीप कुमार उसके चक्कर कटवाता रहा। आखिर आरोपी सब-इंस्पेक्टर ने 50,000 रुपये की डिमांड की। इसलिए उसने एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत दी।

# बजट सत्रः बजट कमेटी की रिपोर्ट पर सीएम मनोहर लाल करेंगे चर्चा

## सत्र के पहले दिन बजट अध्ययन को लेकर बनाई गई 8 कमेटियों पर सीएम मनोहर लाल खट्टर चर्चा करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन बजट अध्ययन को लेकर बनाई गई 8 कमेटियों पर सीएम मनोहर लाल खट्टर चर्चा करेंगे। सत्र में विपक्षी दलों की ओर से 2 काम रोको प्रस्ताव दिए गए हैं। साथ ही 71 के करीब कॉलिंग अटेंशन भी आए हैं। हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने बजट सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी होने का दावा किया है।

**20 से 22 मार्च तक होगी बजट पर चर्चाः** स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि सदन में 20 से 22 मार्च तक बजट पर चर्चा की जाएगी। बजट अध्ययन के लिए 8 कमेटियों का गठन किया गया था। बजट अध्ययन पर कमेटियों की रिपोर्ट शाम तक आ जाएगी। कमेटी द्वारा दिए गए सुझावों पर फैसला मुख्यमंत्री लेंगे। चर्चा के बाद मुख्यमंत्री बजट अध्ययन पर अपना रिप्लाई फाइल करेंगे।

> 8 सत्र में विपक्षी दलों की ओर से 2 काम रोको प्रस्ताव दिए गए हैं। साथ ही 71 के करीब कॉलिंग अटेंशन भी आए हैं

**सरकार लाएगी 5 बिलः** हरियाणा सरकार की ओर से बजट सत्र के दूसरे फेज में पांच बिल लाए जाएंगे। स्पीकर ने बताया कि दूसरे दौर के लिए तारांकित 339 सवाल



विधायकों के द्वारा दिए गए हैं। इसके अलावा गैर तारांकित 185 सवाल आए हैं, जिनके ड्रा की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने बताया कि 22 मार्च को विधायी के कार्य किए जाएंगे।

**71 कॉलिंग अटेंशन आएंः** हरियाणा विधानसभा स्पीकर ने बताया कि सत्र के दौरान दो काम रोको प्रस्ताव दिए गए हैं। इसके अलावा 2 गैर सरकारी प्रस्ताव, एक प्राइवेट मेंबर बिल आया है। उन्होंने बताया कि 2 शॉर्ट ड्यूरेशन चर्चा प्रस्ताव आए टछअ के द्वारा दिए गए हैं। उन्होंने विधायकों से अपील की कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में बजट पर चर्चा में हिस्सा लेने के लिए आएं।

**1 लाख 83 लाख 950 करोड़ रुपए का बजटः**

बजट सत्र के पहले चरण में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर बतौर वित्त मंत्री गठबंधन सरकार का चौथा बजट पेश कर चुके हैं। मनोहर लाल ने इस बार 1 लाख 83 हजार 950 रुपए का बजट पेश किया है। यह पिछले वर्ष की अपेक्षा 11.6% ज्यादा है। उन्होंने कहा कि नए बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है।

# अवैध कॉलोनियों को नियमित करने पर हुई समीक्षा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**परिवार पहचान** पत्र को सम्पत्ति कर आई.डी. से समबद्ध करने को लेकर नगर निगम मिशन मोड में आ गया है। गुरूवार को जिला नगर आयुक्त अभिषेक मीणा ने एक समीक्षा बैठक में सम्बंधित शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों को एक मास का समय देकर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम एरिया की आई.डी. को निगम के क्षेत्रीय कराधान अधिकारी और पालिकाओं से सम्बंधित प्रॉपर्टी आई.डी. को रोजाना रिव्यू करेंगे। इस काम को करने के लिए जो भी संसाधन चाहिए, वो जरूर मिलेंगे, लेकिन प्रगति दिखानी होगी।

नगर निगम में इस काम को करने वाले कर्मचारियों को भी उन्होंने चेतावनी दी कि प्रगति नहीं दिखाई तो उनके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अतिरिक्त निगमायुक्त गौरव कुमार को भी निर्देश दिए कि वे इस काम की साप्ताहिक मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन सम्पत्तियों का डाटा ट्रेस नहीं हो रहा, उन्हे सरकार की ओर से जारी एस.ओ.पी. के तहत डील किया जाए।

**मीटिंग** में निगमायुक्त ने अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के बिन्दू पर रिव्यू करते हुए जानकारी दी कि करनाल नगर निगम एरिया की 41 कॉलोनियों में से 15 का सर्वे पूरा कर मुख्यालय को भेजा जा चुका है, शेष 26 का सर्वे कर लिया गया है और हाऊस की मीटिंग में प्रस्ताव पास कर उनकी सूची भी मुख्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त के अलावा 37 अन्य कॉलोनियों की सूची भी सम्बंधित आर.डब्ल्यू.ए. व बिल्डर्स के द्वारा नगर निगम को भेजी गई है। नियमानुसार हाऊस की मीटिंग में पास होने के बाद ही इन पर आगे की कार्रवाई होगी। पालिका क्षेत्रो में मौजूद कॉलोनियों की जानकारी देते



हुए निगमायुक्त ने बताया कि इन्द्री में नियमित की जाने वाली कोई कॉलोनी नहीं है, जबकि असंध में 11 कॉलोनियां हैं। तरावड़ी में 21 और निसिंग में 5 कॉलोनियां हैं। इसी प्रकार घरौंडा में 25 और नीलोखेड़ी में भी 4 कॉलोनियां हैं। असंध, तरावड़ी, निसिंग व घरौंडा की कॉलोनियों के सम्बंधित सदन की ओर से प्रस्ताव पास करके मुख्यालय को भेज दिए गए हैं, जबकि नीलोखेड़ी की कॉलोनियों के प्रस्ताव सम्बंधित हाऊस की मीटिंग में पास करने के बाद ही मुख्यालय को भेजे जाएंगे।

प्रॉपर्टी आई.डी. से जुड़ी आपत्तियों को दूर करने के दिए निर्देश- नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने निगम की प्रॉपर्टी आई.डी. शाखा के अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि एनडीसी पोर्टल पर जो भी आपत्तियां आएं, उनका समय रहते समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक इस पोर्टल पर करीब 22 हजार आपत्तियां दर्ज की गई हैं, जिनमें से 13 हजार से अधिक का समाधान किया जा चुका है। छः हजार 700 आपत्तियां ऐसी हैं, जिनमें दस्तावेजों की कमी पाई गई, उसे पूरा करने के लिए सम्बंधित नागरिकों को भेजी गई हैं। जबकि 1283 आपत्तियां दूर करने की प्रक्रिया चल रही है। नगर निगम/नगर पालिका की दूकानो में व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को मिलेगा मालिकाना हक-नगर निगम/नगर पालिकाओं की दुकानों में व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को सरकार की स्वामित्व स्कीम अनुसार मालिकाना हक देने के लिए भी रिव्यू मीटिंग में चर्चा हुई। इस दौरान जिला नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि घरौंडा में ऐसी 65 दुकानो के आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 25 पर कार्रवाई प्रक्रिया में चल रही है। शेष दुकाने ऐसी हैं, जिनका निर्माण निकाय विभाग की ओर से किया गया है, लेकिन वे अन्य विभाग की जमीन में मौजूद हैं, सम्बंधित विभाग की ओर से उनका मालिकाना हक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नीलोखेड़ी से 44 दुकानो के आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 41 दुकाने पुनर्वास विभाग की जमीन में निर्मित हैं, शेष 3 दुकानो की सम्बंधित दुकानदार द्वारा पात्रता पूरी न करने के कारण मामले रद्द कर दिए हैं। इसी प्रकार तरावड़ी में 17 दुकानों के आवेदनो पर प्रक्रिया चल रही है, जबकि इन्द्री में मौजूद 62 दुकानो में से 38 दुकानो को स्वामित्व देने के मामले पर प्रक्रिया की जा रही है, शेष को दस्तावेज पूरे करने के लिए कहा गया है। निसिंग में स्वामित्व दिए जाने को लेकर कोई दुकान नहीं है। अलबता असंध में स्वामित्व योजना के लिए 19 आवेदन आए थे, इनमें से 7 पर प्रक्रिया चल रही है। शेष के आवेदन सही नहीं पाए जाने पर उन्हें दोबारा ठीक करके भेजने के लिए लोटाए गए हैं। निगमायुक्त ने सभी नगर पालिका सचिवों को एक सप्ताह का समय देते निर्देशित किया कि अगली मीटिंग में ऐसे मामलों में प्रगति लेकर आएं।

## स्वैट टीम ने रेलवे स्टेशन पर चलाया विशेष चैकिंग अभियान



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जीआरपी** थाना करनाल प्रबंधक महावीर तोमर ने बताया कि आज हरियाणा पुलिस की स्वैट व जीआरपी टीम द्वारा सयुंक्त रूप से रेलवे स्टेशन पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान करनाल रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाली ट्रैनों में चैकिंग की गई तथा रेलवे परिसर के सभी प्लेटफार्म व यार्ड माल गोदाम को चैक किया गया।

उन्होंने बताया कि इस दौरान रेल गाडि?ों में चढने वाले यात्रियों, रेल गाड़ियों से उतरने दौराने वाले यात्रियों व रेलवे स्टेशन पर प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों का सामान चैक किया गया। इस चैकिंग के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। चैकिंग अभियान में हरियाणा पुलिस की स्वैट टीम, थाना प्रबंधक जीआरपी महावीर तोमर, उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक हवासिंह, महिला मुख्य सिपाही कविता, महिला सिपाही शिल्पा, महिला सिपाही रजनेश, सिपाही सोनी व नरेन्द्र ने हिस्सा लिया।

## न्यूज फ्लैश

### एक विशेष अभियान के माध्यम से ल्यूमिनस महिलाओं के लिए एनर्जी सेक्टर में क्रॉंति ला रहा है

**रोहतक** : एनर्जी सेक्टर में महिला प्रतिनिधित्व की कमी दुनिया भर में विचारणीय मुद्दा है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। भारत में एनर्जी सेक्टर के तहत महिलाएँ विभिन्न चुनौतियों का सामना करती आ रही हैं, जिनमें सांस्कृतिक पक्षपात, सीमित अवसर व प्रशिक्षण और शिक्षा तक अपर्याप्त पहुँच शामिल है। इस मुद्दे को संबोधित करने और एनर्जी इंडस्ट्री में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत भारत के सबसे भरोसेमंद पॉवर सॉल्यूशन ब्रांड, ल्यूमिनस ने एक नए अभियान की नींव रखी है, जिसकी शुरूआत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर की गई।इस अभियान का उद्देश्य एनर्जी सेक्टर में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को प्रोत्साहित करना और इंडस्ट्री में महिलाओं द्वारा निभाई जा सकने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालना है। अभियान के केंद्र बिंदु को ध्यान में रखते हुए एक डिजिटल फिल्म निर्मित की गई है, जो भारत की पहली लाइनवुमन बाबरी सिरिशा की प्रेरक कहानी बयां करती है। बाबरी सिरिशा वह महिला है, जिसने एनर्जी सेक्टर में अपनी पहचान बनाने के लिए तमाम बाधाओं को दरकिनार कर दिया। फिल्म में एक शक्तिशाली संदेश भी शामिल है कि एनर्जी इंडस्ट्री में सफलता पाने के लिए महिलाओं के पास समान अवसर हैं। इसके अतिरिक्त, ल्यूमिनस द्वारा महिला, एनर्जी और नए भारत पर पैनल डिस्कशन्स होस्ट किए जा रहे हैं, जिसमें एनर्जी सेक्टर में प्रतिष्ठित लीडर्स शामिल हैं। इसके चलते यह अपने नवीन ऊर्जा समाधानों के माध्यम से देश भर में महिला आंत्रप्रेन्योर्स का समर्थन करने की पहल कर रहा है।नीलिमा बुर्रा, चीफ स्ट्रेटेजी, ट्रांसफॉर्मेशन और मार्केटिंग ऑफिसर, ल्यूमिनस, ने कहा, "विभिन्न अध्ययन दशार्ते हैं कि जेंडर के प्रति दृष्टिकोण बहुत कम उम्र में ही बनने लगता है। अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों, शिक्षकों और देखभाल करने वालों को देखते हुए बच्चे लैंगिक भूमिकाओं, मानदंडों, भेदभाव और रूढ़िवादी व्यवहार को अपनाने लगते हैं और यह लम्बे समय से चला आ रहा है। लैंगिक भेदभाव अक्सर असमानताओं के स्थायीकरण के कारण होता है। इस इंडस्ट्री में लीडर होने के नाते, मेरा मानना है कि सफलता पाने हेतु महिलाओं के लिए समान अवसर उत्पन्न करना समय की माँग है। इस अभियान के माध्यम से, हम उस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं, जो एनर्जी सेक्टर के लिए उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है।"

### उपभोक्ताओं का अब रिटायरमेंट के बाद लोग अब जीवन के प्रति ज्यादा आशावादी रवैया अपनाते हैं : आईसीआईसीआई स्टडी

**गुड़गांव/फरीदाबाद**: अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थरों में से एक रिटायरमेंट के प्रति भारतीयों का वर्तमान रवैया है बदल रहा है और उनके लिए अब "रिटायरमेंट एक विराम है, एक पड़ाव नहीं,". यह खुलासा रिटायरमेंट योजना के प्रति लोगों के दृष्टिकोण को समझने के लिए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के एक अध्ययन में हुआ जिसका शीर्षक था "क्या भारत रिटायरमेंट के लिए तैयार है?" 65.4 रुपये लाख का कॉर्पस अब रिटायरमेंट के लिए आदर्श माना जाता है कुल आय का 11% रिटायरमेंट से जुड़ी बचत के लिए बांटा किया जाता है जो व्यक्ति रिटायरमेंट के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं वे 40 वर्ष के होने से पहले ही निवेश करना शुरू कर देते हैं 65% जवाब देने वालों ने अभी तक वार्षिकी योजनाओं (ल्लल्ल४३८ स्र´ल्ल२) में निवेश नहीं किया है, जबकि वे ऐसा करने का इरादा रखते हैं लगभग 66% जवाब देने वाले मुद्रास्फीति और गंभीर बीमारी के बारे में चिंतित हैं जो उनकी रिटायरमेंट सेविंग और उनकी जीवन शैली को प्रभावित कर रहे हैं। अध्ययन के निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर श्री मनीष दुबे ने कहा कि भारत की रिटायरमेंट आबादी तेजी से बढ़ रही है और 2031 तक इसमें 41% की वृद्धि दिखने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त, लोगों की औसत उम्र बढ़ने के साथ लोगों का एक बड़ा वर्ग लंबी रिटायरमेंट की योजना के समाधान की तलाश में है. दुबे ने कहा, "हमारे शोध में हमने पाया कि ज्यादा से ज्यादा लोग अब रिटायरमेंट को अपनी हॉबी का पता लगाने, अपने पैशन को जीने, और परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। रिटायरमेंट योजना एक लंबी अवधि की प्रक्रिया है, इसलिए व्यक्तियों को इस लक्ष्य के लिए जितनी जल्दी हो सके बचत करना शुरू कर देना चाहिए। इससे उन्हें जीवन भर पर्याप्त नियमित आय अर्जित करने में मदद मिलेगी।" निष्कर्ष बताते हैं कि रिटायरमेंट को एक ऐसे समय के रूप में सकारात्मक रूप से देखा जाता है जो संभावनाओं से भरा हुआ है। इसे एक ऐसे समय के रूप में देखा जाता है जब कोई नई शुरूआत कर सकता है और अपनी इच्छानुसार जीवन जी सकता है। बड़ी संख्या में लोग इसे मेंटेनेंस, अपग्रेडेशन और विकास के चरण के रूप में देखते हैं। जैसा कि 83% उत्तरदाताओं ने संकेत दिया है कि रिटायरमेंट के बाद भी वर्तमान जीवन शैली को जारी रखना उनकी टॉप प्रायोरिटी है। हर पांच में से तीन उत्तरदाताओं कहा कि उनके रिटायरमेंट लक्ष्यों में जीवन का आनंद लेना, दोस्तों के साथ जुड़े रहना, विदेश यात्रा करना, आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस करना और अपने जीवन के इस नए अध्याय में मन की शांति शामिल है। हालांकि रिटायरमेंट का फेज उत्तरदाताओं के बीच सकारात्मक भावनाओं को जगाता है, साथ ही वे अपने जीवन के नए अध्याय की योजना बनाते समय महंगाई और बढ़ते चिकित्सा खर्चों को भी ध्यान में रखते हैं। कुछ लोगों ने महसूस किया कि यह उनके जीवन स्तर को प्रभावित कर सकता है। सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से दो-तिहाई से अधिक ने बताया कि महंगाई को लेकर वे चिंतित हैं जो उनकी रिटायरमेंट सेविंग को प्रभावित करता है और जिससे उनकी लाइफस्टाइल भी प्रभावित होगी। साथ ही 67% उत्तरदाताओं ने अपनी रिटायरमेंट के दौरान एक लाइलाज बीमारी से पीड़ित होने पर चिकित्सा खर्चों का ध्यान रखने के लिए पर्याप्त रिटायरमेंट फंड की जरूरत बताई. वर्तमान में, कुल आय का 11% रिटायरमेंट से जुड़ी सेविंग्स की ओर जाता है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**मो. नं. : 9991270143**

## 2 किलो 950 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** की एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करने वाले आरोपी सुनील पाल पुत्र रामबीर वासी घरौंडा को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के मकान से एक बेड में से एक कट्टे में रखी 2 किलो 950 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना घरौंडा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में की गई पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि आरोपी गांजा पत्ती का नशा करने का आदी है और खर्चा चलाने के लिए गांजा पत्ती बेचने का काम भी करता है। आरोपी ने बताया कि वह उपरोक्त गांजा फूल पत्ती को हरिद्वार के रहने वाले एक व्यक्ति से तीस हजार रुपए में खरीदकर लाया था।

## मोटे अनाज पोषक तत्वों के भंडार: डॉ. गोयल

### अनुसंधान निदेशालय एमएचयू द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के अनुसंधान निदेशालय द्वारा पधाना में अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के अंतर्गत मोटे अनाजों के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के अनुसंधान निदेशक डॉ. रमेश गोयल ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर गांव के सरपंच प्रवीन कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। जागरूकता कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओंए किसानों और युवाओं ने भाग लिया।



निदेशक डॉ. रमेश गोयल ने कहा कि मोटे अनाज का प्रयोग पारंपरिक फसलों पर निर्भरता को काफी कम कर सकता है। खास बात ये भी है कि मोटे अनाज को उगने के लिए बहुत अधिक सिंचाई और पानी की जरूरत नहीं पड़ती है। अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के लिए 8 मोटे अनाजों को शामिल किया गया है, इनमें बाजरा, रागी, कुटकी, संवा, ज्वार, कंगनी, चेना और कोदो हैं। मोटे अनाज में पोषक तत्वों की भरमार होती है। मोटे अनाज बढ़ती उम्र वाले बच्चों, ज्यादा शारीरिक मेहनत करने वाले कामगारों तथा बूढ़े लोगों के लिए जरूरी है। मोटे अनाज को पैदा करने के लिए कम मेहनत और कम पानी की जरूरत होती है। इस प्रकार मोटे अनाजों में न केवल पोषक तत्वों का भंडार है बल्कि ये जलवायु लचीलेपन वाली फसलें भी हैं और इनमें अद्भुत पोषण संबंधी विशेषताएँ भी हैं। उन्होंने कहा कि इनसे कुपोषण और भूख की वैश्विक समस्या हल हो सकती हैं।

## मुद्रा चिकित्सा, योग विज्ञान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा** मिशन स्वस्थ भारत द्वारा संचालित आठ दिवसीय वेट लॉस चैलेंज के अंतर्गत दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में चलाई जा रही योग कक्षा फव्वारा पार्क में योगाभ्यास करवाया गया। वेट लॉस प्रतियोगिता में ऑनलाइन और ऑफलाइन बहुत से साधक शामिल हैं।



कक्षा में योग शिक्षिका निधि गुप्ता ने योग मोटापे को कम करने के लिए विभिन्न तरह के योगासन करवाएं। कक्षा में मर्जरी आसन, वशिष्ठ आसन, परिवृत्त पाश्र्वकोणासन, अधोमुख श्वान आसन, अंजनेय आसन का अभ्यास करवाया गया। वजन को कम करने के लिए योगाभ्यास के साथ-साथ मुद्रा विज्ञान के विषय में विस्तार से बताया। मुद्रा चिकित्सा, योग विज्ञान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है आसन और प्राणायाम के नियमित अभ्यास से वजन पर नियंत्रण किया जा सकता है और साथ ही जो लोग व्यस्त है या किसी बीमारी के चलते आसन नहीं कर सकते, वह मुद्रा चिकित्सा से लाभ उठा सकते हैं।

## जसबीर कौर ने किया उपमण्डल विधिक सेवा समिति असंध का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीजेएम** जसबीर कौर ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987, नियमों और विनियमों के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार उप-उपमण्डल कानूनी सेवा समिति, असंध की जाँच करने के लिए असंध का दौरा किया। उन्होंने उपमण्डल विधिक सेवा समिति, असंध द्वारा चलाए जा रहे मध्यस्थता केंद्र और फ्रंट ऑफिस का निरीक्षण किया। अनुमंडल विधिक सेवा समिति, असंध के प्रति अपने कार्य के प्रति समर्पण को लेकर पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक भी की गई।

## अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर, सड़कें-दो बिल्डिंग की गई ध्वस्त



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कस्बा तरावड़ी** में दो अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी विभाग का पीला पंजा चला। इसके साथ ही दो बिल्डिंग को भी ध्वस्त कर दिया। करीब एक से दो एकड़ में यह कॉलोनी पनप रही थी, जिस पर बुलडोजर चलाया गया है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल मौजूद रहा। हालांकि डीटीपी की कार्रवाई का लोगों ने विरोध जरूर किया। गुरुवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में डीटीपी गुंजन वर्मा अपने तोडफोड़ दस्ते के साथ तरावडी की सौंकडा पुलिया के पास बन रही अवैध कॉलोनी पर पहुंची।

जहां पर एक के बाद एक कॉलोनियों की सडकों व निर्माण को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। कॉलोनी में जेसीबी चलता देख मालिकों ने विरोध जरूर किया, लेकिन मौके पर मौजूद भारी पुलिस बल ने लोगों को आगे बढने नहीं दिया। लोगों का आरोप है कि उनके निर्माण को गिराने के लिए विभाग की तरफ से उन्हें नोटिस नहीं दिया गया।

डीटीपी गुंजन वर्मा ने बताया कि तरावडी में अवैध कॉलोनियां पनपती जा रही थी, जिसकी सूचना मिली थी। डॉक्यूमेंट जांच के बाद अर्बन एरिया एक्ट के तहत तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विभाग समय-समय पर इस तरह की अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई अमल में लाता रहता है। साथ ही लोगों से भी अनुरोध करता रहा है कि कोई भी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट न खरीदे। उन्होंने बताया कि अवैध कॉलोनियों में कोई रजिस्ट्री ना हो इसके लिए राजस्व अधिकारी को पत्र लिखा गया है, जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद अवैध कॉलोनी में कोई भी रजिस्ट्री नहीं हो पाएगी।

## गाड़ी का शीशा तोड़कर बैग चुरा ले गए चोर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल** में अपराधिक घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। चोर लुटेरे पुलिस से भी ज्यादा सक्रिय हो चुके हैं। चोरों में न तो पुलिस का खौफ है और न ही पकड़े जाने का। सीसी टीवी कैमरों के बावजूद भी चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चले जाते हैं। बीती देर रात चोर सुपर मॉल के सामने पार्किंग में खड़ी एक गाड़ी का शीशा तोडकर बैग चोरी करके ले गए। कार चालक ने मामले की शिकायत डायल 112 को की,



जिसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। गाड़ी मालिक ने बताया कि वह सुपर मॉल में अपने सगे संबंधियों व फैमिली के साथ आया हुआ था, जहां पर उसने एक छोटी सी पार्टी दी हुई थी। सुपर मॉल के बाहर पार्किंग में उसकी गाड़ी खड़ी थी। उसने गाड़ी को लॉक करने के बाद बैग गाड़ी की पिछली सीट पर ही छोड़ दिए थे और वह सुपर मॉल के अंदर चला गया था। पार्टी खत्म होने के बाद जब वह बाहर आया तो उसे अपनी गाड़ी की पिछली खिडकी के साथ वाला शीशा टूटा हुआ दिखाई दिया। जब गाड़ी खोली गई तो उसमें से एक बैग चोरी हो चुका था, बैग में कुछ जरूरी दस्तावेज व घर का सामान था। मौके पर पहुंचे इआरवी कर्मचारी राजवीर सिंह ने बताया कि गाड़ी का शीशा तोडकर बैग चोरी होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे। शिकायत के अनुरूप कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में रजापुर गांव के एक व्यक्ति की मौत

**गन्नौर: नेशनल** हाईवे पर लड़सौली के समीप सड़क दुर्घटना में पानीपत जिले के रजापुर गांव के एक व्यक्ति की मौत हो गई। चएसआईआईडीसी बड़ी थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। अमित रावल निवासी रजापुर पानीपत ने एएसआई प्रदीप कुमार को दी शिकायत में बताया कि उसका बड़ा भाई सतबीर उनके किरायेदार धर्मेंद के साथ किसी काम से दिल्ली गया था। धर्मेंद्र ने उसे बताया था कि मृतक सतबीर राई के पास उतर गया था।

## 'अल्ट्रा साउंड केन्द्रों के ओनर व ऑपरेटर निर्देशों का पालन करें'

### वर्कशाप में सी.एम सैल हरियाणा से जी.एल.सिंघल ने मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पीसी** एण्ड पीएनडीटी एक्ट के अन्तगर्त एक वर्कशाप का आयोजन डा. योगेश शर्मा, चेयरपर्सन जिला समुचित प्राधिकारी एवं सिविल सर्जन की अध्यक्षता में होटल ज्वैलस करनाल में किया गया। वर्कशाप में सी.एम सैल हरियाणा से जी.एल.सिंघल ने मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया तथा जिला करनाल में पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के अन्तगर्त रजिस्ट्रर्ड अल्ट्रासाउंड केन्द्रों के ओनर व आप्रेटर शमिल हुए। इसके अतिरिक्त कल्पना चावला मैडीकल कालेज व अस्पताल करनाल की



चिकित्स अधीक्षक डा. हिमांशु तथा जिला न्यायवादी डा. पंकज भी इस वर्कशाप में उपस्थित रहे। इस वर्कशाप का मुख्य उद्देश्य पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के अन्तगर्त सभी रजिस्ट्रर्ड केन्द्रों द्वारा पीएनडीटी एक्ट की पालना जैसे फार्म एफ को सही प्रकार से भरना, अपने केन्द्र के रिकार्ड का सही रख-रखाव, प्रत्येक माह की 5 तारीख तक अपने केन्द्र की रिपोर्ट कार्यालय में भिजवाना इत्यादि रहे। इस वर्कशाप में जी.एल. सिंघल तथा डा. शीनू चौधरी, जिला नोडल अधिकारी पीएनडीटी द्वारा पीएनडीटी एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया तथा पीएनडीटी एक्ट के अन्तगर्त होने वाले कोर्ट केसिज के बारे में भी चर्चा की गई। सिविल सर्जन तथा नोडल अधिकारी पीएनडीटी द्वारा सभी केन्द्रों के ओनर व आप्रेटरो को पीएनडीटी एक्ट व एमटीपी एक्ट की पालना करने तथा जिला के लिंग अनुपात में सुधार करने हेतु अपना सहयोग देने बारे भी कहा गया। वर्कशाप में विभिन्न केन्द्रों से आए ओनर व आप्रेटरों द्वारा किए गए सवालों का जवाब देते हुए उन द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम पीएनडीटी व एमटीपी एक्ट की उल्लंघना करने वालों के विरूद्ध सचेत है तथा लिंग अनुपात में सुधार करने हेतु प्रत्येक सफल कोशिश कर रही है।

# संपादकीय

## भारतीय सिनेमा और ऑस्कर सम्मान

**गीत** और संगीत मनुष्य मन को रसपूर्ण बनाते हैं। लेकिन दोनों में एक आधारभूत अंतर भी है। गीत का अर्थ होता है। अर्थ बुद्धि के माध्यम से मूल शब्दों के भाव को प्रकट करता है। गीत भी ध्वनि है। लेकिन उसका अर्थ बौद्धिक कार्यवाही से निकलता है। संगीत में ध्वनियों का प्रयोग होता है। प्राचीन भारतीय संगीत परंपरा में ध्वनि के अल्पतम अंश को भी सरस ढंग से प्रस्तुत किया जाता रहा है। षड्ज, ऋषभ, गांधार, मध्यम, पंचम, धैवत और निषाद शास्त्रीय संगीत के आधारभूत सुर हैं। संक्षेप में इन्हें सा, रे ग, म, प, ध और नि कहते हैं। शास्त्रीय संगीत परंपरा में राग हैं। प्रत्येक राग को सम्बंधित रागिनियाँ हैं। प्रत्येक राग में गाने का सुनिश्चित समय भी है। हिन्दू पूर्वजों ने नृत्य को भी शास्त्रीयता के अनुशासन में बाँधा है। नृत्य में गीत संगीत के साथ शरीर के भिन्न- भिन्न अंगों का भी प्रयोग होता है। जान पड़ता है कि नृत्य का विकास नाट्य कला के विकास के बाद का है। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में बताया है कि, प्राचीन काल में नाटकों के मंचन के बाद नाट्य शिल्पी शिव के पास गए। उन्होंने नाटकों का विवरण सुनाया। शिव ने कहा कि, आप का काम अच्छा है लेकिन इसमें नृत्य नहीं है। शिव ने सुझाव दिया कि वे उनके नृत्य का सदुपयोग कर सकते हैं। भारतीय नृत्य परंपरा प्राचीन है। नृत्य कला में नर्तक अपने अंतर्जगत के भावों को देह पर प्रकट करता है। नृत्य के चरम पर नर्तक स्वयं नहीं बचता। वह नृत्य में खो जाता है। नर्तक नृत्य बन जाता है। भारतीय सिनेमा में नृत्य कला के उत्कृष्ट प्रयोग हुए हैं। आजा नच ले नाम से बनी फिल्म में माधुरी दीक्षित का नृत्य मोहक के साथ मादक भी है। ऐसे ही हाल ही में एसएस राजामौली की बहुभाषीय फिल्म आरआरआर के लोकप्रिय गाने नाटू नाटू की अंतरराष्ट्रीय चर्चा है। मूल तेलुगू में नाटू नाटू का वास्तविक अर्थ हिन्दी में नाचो-नाचो है। ऑस्कर फिल्मों के लिए दिया जाने वाला महत्वपूर्ण पुरस्कार है। यह 1929 में पहली बार दिया गया था। ऑस्कर में नामांकित होना और अवार्ड पाना आसान नहीं है। हमारे देश के प्रतिष्ठित फिल्मकार अपनी फिल्में ऑस्कर के लिए ले जाते रहे हैं। मदर इंडिया, लगान और सलाम बॉम्बे जैसी फिल्में ऑस्कर में नामांकित हुईं थीं। ऑस्कर के लिए पहले फिल्में नामांकित होती हैं। फिर फिल्म निमार्ता और टीम मिलकर चयन समिति के सदस्यों को अपनी फिल्में दिखाते हैं। राजामौली और उनके सहयोगियों ने इस काम को सफलतापूर्वक किया है। नाटू नाटू गीत संगीतकार एमएम किरवानी की आकर्षक धुन है। इसे ऑस्कर पुरस्कार मिलने से भारतवासी बहुत प्रसन्न हैं। जीवन में नाचने जैसे अवसर सबके सामने आते हैं। विवाह बारात में लोग बुजुर्गों को धक्का देकर नाचने के लिए प्रेरित करते हैं। बुजुर्ग संकोच करते हुए कभी-कभी प्रशिक्षित नर्तक की तरह भी नाचते हैं और कभी कभी सहज भाव से। इस फिल्म में आजादी की लड़ाई में संघर्षरत नायकों को जब नाचने की चुनौती मिलती है तो वे अपने नृत्य से सबको आनंदित करते हैं। इसी तरह भारतीय डॉक्युमेंट्री लघु फिल्म दि एलिफैंट व्हिस्पर्स को भी ऑस्कर मिला है। यह दक्षिण भारत के एक गाँव के दंपति और उनके गोद लिए हाथी के बच्चे पर बनी सुंदर और हृदयस्पर्शी लघु फिल्म है। दोनों को मिले पुरस्कार से समूचा भारत प्रसन्न है।

## योगी सरकार का एक निर्णय और छद्म धर्मनिरपेक्ष बैचेन

मृत्युंजय दीक्षित

> “आज वही लोग रामायण पाठ और दुर्गा सप्तषती पाठ का विरोध कर रहे हैं प्रदेश सरकार प्रयागराज में माघ मेले का भव्य आयोजन भी कर चुकी है जिसकी प्रषंसा पूरे विष्व में हुई। अब माघ मेला के अवसर पर प्रयागराज में स्नानार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिली व स्नान करने योग्य गंगा जल भी मिला। अब यह बात तो तय हो गई है कि आगामी आने वाले दिनों में प्रदेश सरकार हिंदू सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन करवाती रहेगी और कई और बढ़े व ऐतिहासिक कदम भी सरकार उठाती रहेगी। सेकुलर दल सरकार के इस कदम का उस समय विरोध कर रहे हैं जब बंगाल की ममता सरकार भी दुर्गा पंजा पंडाल को सरकारी सहायता उपलब्ध करा रही है और दिल्ली की अरविंद केजरीवाल की आप सरकार मस्जिद के इमामों को वेतन दे रही है”

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के एक निर्णय से छद्म धर्मनिरपेक्ष दल बहुत बैचेन और व्यग्र हैं। चिंता में हैं कि अब उनकी तुष्टिकरण की राजनीति का क्या होगा ? प्रदेश की राजनीति में अभी तक कहा जाता रहा है कि दिवंगत सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव चरखा दांव लगाया करते थे लेकिन इस बार असली चरखा दांव योगी आदित्यनाथ जी ने चल दिया है और मुस्लिम तुष्टिकरण तथा जातिवादी नेताओं को चित्त कर दिया है। जो लोग रामचरित मानस जैसे दिव्य व पवित्र ग्रंथ की कुछ चौपाईयों का गलत अर्थ निकालकर हिंदू समाज में जातिभेद व विवाद उत्पन्न कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने का प्रयास कर रहे थे अब सकते में हैं। ये लोग यह सोच रहे थे कि प्रदेश में भगवा लहर को सनातन धर्म और सनातन संस्कृति के आस्था के केंद्र और धर्मग्रंथों का दुष्प्रचार करके और प्रदेश की सामाजिक समरसता का वातावरण दूषित करके रोका जा सकता है। प्रदेश सरकार ने आगामी 22 मार्च से 30 मार्च तक दुर्गा मंदिरों और शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती के पाठ, देवी जागरण व गायन के कार्यक्रम कराने का आदेश तो जारी किया ही है साथ ही अष्टमी और श्रीरामनवमी के दिन अखंड रामायण का पाठ कराने का आदेश भी जारी किया है। नवरात्रि के पावन अवसर पर इन कार्यक्रमों में महिलाओं एवं बालिकाओं सहित जनसहभगिता को बढ़ाने पर बल दिया गया है। इन सभी कार्यक्रमों के अवसर पर मंदिर परिसरों में विकास कार्यों एवं बुनियादी सुविधाओं की होर्डिंग भी लगेंगी। इन आयोजनों को भव्यता प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति चयनित देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में कलाकारों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। प्रदेश में पहली बार प्रशासन स्तर पर देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने जा रहे हैं। वर्तमान परिदृष्य में समाजिक व राजनीतिक दृष्टिकोण से यह आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अभी तक प्रदेश में जितनी भी तथाकथित धर्मनिरपेक्ष सरकारें रहीं उनके कार्यकाल में केवल और केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति का विकृत दौर ही देखा गया है। सर्वाधिक आश्चर्य की बात यह है कि सरकार के इस निर्णय का आज वही दल विरोध कर रहे हैं जिनके कार्यकाल में राजभवन व मुख्यमंत्री आवास रोजा इफ्तार का केंद्र बन जाते थे। आज समाजवादी दल जो सरकार के इस फैसले का विरोध कर



रही है उसी के कार्यकाल में कब्रिस्तानों के निर्माण के लिए 1200 करोड़ रुपए जारी हुए थे मंदिरों में रामायण पाठ का विरोध वो लोग कर रहे है जिन्होंने या तो भगवान राम को काल्पनिक बता रखा है या रामचरित मानस का अपमान किया है । यह वही लोग हैं जिनके मुखिया दिवंगत मुलायम सिंह यादव ने अयोध्या में निहत्थे राम भक्तों का नरसंहार किया था। सरकार के निर्णय का आदेश आने के बाद समाजवादी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर जहरीला बयान दिया कि अब, जब आम जनमानस ने स्वतः रामचरित मानस का पाठ करना बंद कर दिया है तब सकरार अपने धन से मंदिरों में रामायण पाठ कराने जा रही है। स्वामी प्रसाद का यह बयान बहुत ही विकृत व झूठा है। स्वामी प्रसाद का बयान कि, ह्लइस प्रकार का आयोजन महिलाओं, दलितों, पिछड़ों का अपमान है बहुत ही मूर्खतापूर्ण व राजनैतिक ईर्ष्यावश दिया गया बयान है। तथ्य यह है कि आज प्रदेश की राजनीति में स्वामी प्रसाद जैसे तथाकथित जातिवादी राजनैतिक नेताओं को कोई कोई भाव नहीं दिया जा रहा है। स्वामी प्रसाद जैसे नेताओं को यह पता ही नहीं है कि जब से उन्होंने रामचरित मानस का झूठा विमर्श गढ़ा है तब से हिंदू समाज ही नहीं अन्य विद्वान व नागरकि वर्ग भी रामचिरत मानस को एक बार फिर पढ़ रहा है। गीता प्रेस जो रामचरित मानस के प्रकाशन और विपणन का प्रमुख संसथान है उसके अनुसार स्वस्मी प्रसाद मौर्या के मानस विरोधी कृत्य के पश्चात मानस की बिक्री में वृद्धि हुयी है। विगत दिनों दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भी लोगों ने रामचरित मानस में रुचि दिखाई और पहले ही दिन दो सौ से अधिक प्रतियां बिक गयीं। समाजवादी दल के सभी मुस्लिम सांसद, मुस्लिम लीग, कांग्रेस, बहुजन समाजवादी पार्टी व एआईएएम भी सरकार के निर्णय का कड़ा विरोध कर रहे हैं तथा सरकार से सवाल कर रहे हैं कि आप रमजान में मुस्लिम समाज के लिए क्या कर रहे हैं? इन तथाकथित दलों की नजर में यह संविधान विरोधी कदम है। सपा मुखिया बयान दे रहे हैं कि यह रकम तो बहुत कम है अपितु इस काम के लिए सरकार को कम से कम दस करोड़ देने चाहिए थे। भाजपा सरकार की ओर से मंत्री जयवीर सिंह का बयान आया है कि सरकार भारतीय संस्कृति व परम्पराओं को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के कदम उठाती रहेगी साथ ही अगर आवश्यकता पड़ी तो ऐसे आयोजनों के लिए सरकार और अधिक धन राशि जारी करेगी। प्रदेश सरकार ने इस प्रकार का आयोजन करके हिंदू समाज को एक बहुत बड़ा उपहार दिया है और वह भी उस समय जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। योगी सरकार ने अपने इस कदम से अनेक लक्ष्यों पर सटीक निशाना साधा है। योगी जी के इस दांव से भाजपा यह सिद्ध करने में सफल हो रही है कि सभी धर्मनिरपेक्ष विरोधी दल असल में हिंदू विरोधी हैं। यह सभी दल सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या पर जो ऐतिहासिक फैसला सुनाया है उसे मन ही मन पचा नहीं पा रहे हैं। आगामी एक जनवरी को राम मंदिर का भव्य उद्घाटन होने के साथ ही इन दलों का राजनीतिक भविष्य ही अंधकारमय होने जा रहा है यही कारण है कि यह दल पूरी ताकत के साथ एक बार फिर हिंदू समाज व संस्कृति पर कुठाराघात कर रहे हैं। योगी जी ने विधानसभा सत्र में ही रामचरित मानस और उसकी पवित्रता पर अपनी स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट कर दी थी। योगी जी ने षानदार राजनैतिक कौषल दिखाते हुए सपा मुखिया अखिलेष यादव को भी अब धर्म की पिच पर खेलने के लिए मजबूर कर दिया है।यह तय है कि बसपा मुखिया अखिलेष यादव की परेषानियां और अधिक बढ़ने वाली हैं।अखिलेष यादव सरकार के फैसले का खुलकर विरोध तो नहीं कर पाये लेकिन अपनी पार्टी के नेताओं से बयान दिलवाकर वह बुरी तरह से घिरते भी नजर आ रहे हैं। ँदेष में योगी सरकार आने के बाद से ही प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा तो दिया ही जा रहा है साथ ही ऐसे निर्णय व आयोजन भी किए जा रहे हैं जिनसे सनातन संस्कृति व परम्पराओं का प्रचार- प्रसार भी हो रहा है। योगी सरकार ने सत्ता संभालने के बाद से ही प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयोजन षुरू किया। भव्य दीपोस्तव के आयोजन में दीपों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। काषी मे भव्य कारिडोर का निर्माण हो चुका है जबकि मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि कारिडोर का काम षुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री मथुरा में होली खेलने भी जाते रहे हैं।सावन के महीने में योगी सरकार में कांवड़ियों पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की जा रही है जिसमे स्व्यं मुख्यमंत्री भी षामिल होते हैं।एक वह भी समय था जब कांवड़ यात्रियो के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता था। आज वही लोग रामायण पाठ और दुर्गा सप्तषती पाठ का विरोध कर रहे हैं।प्रदेश सरकार प्रयागराज में माघ मेले का भव्य आयोजन भी कर चुकी है जिसकी प्रषंसा पूरे विष्व में हुई। अब माघ मेला के अवसर पर प्रयागराज में स्नानार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिली व स्नान करने योग्य गंगा जल भी मिला।

अब यह बात तो तय हो गई है कि आगामी आने वाले दिनों में प्रदेश सरकार हिंदू सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन करवाती रहेगी और कई और बढ़े व ऐतिहासिक कदम भी सरकार उठाती रहेगी। सेकुलर दल सरकार के इस कदम का उस समय विरोध कर रहे हैं जब बंगाल की ममता सरकार भी दुर्गा पंजा पंडाल को सरकारी सहायता उपलब्ध करा रही है और दिल्ली की अरविंद केजरीवाल की आप सरकार मस्जिद के इमामों को वेतन दे रही है। आखिर सेकुलरवाद के नाम पर यह दोहरी विकृत राजनीति क्यों चल रही है?

# कविता

## मशवरा है कि तेरे शहर की महफिल।

मशवरा है कि तेरे शहर की महफिल
बदले,
अब तक तो कभी खंजर कभी कातिल
बदले।

जिंदगी किस्तों में गुजर गई तो क्या,
जितने हमदर्द थे सारे शामिल बदले।।

लहरें चली आई मचलते हुए शहरों में,
अब ना तो कश्ती ना ही साहिल बदले।

कत्ल मेरा इल्जाम नहीं है उस पर,
कितना मासूम लगे रूप जब कातिल
बदले।

जिंदगी ने दिए हजारों जख्म हमें,
जिंदगी के गणित में सारे हासिल बदले।

संजीव ठाकुर

## ईश्वर प्रदत्त जीवन को समझिए

संजीव ठाकुर

**सिर्फ** मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है, पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैं' यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता है' मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया है' मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता है' एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है' जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं' आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिए' मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है ।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे।

# विचार

## वायु प्रदूषण एक बड़ी वैश्विक पर्यावरणीय चुनौती!

सुनील कुमार महला

**हाल** ही में वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट-2022 जारी की गई है, इस रिपोर्ट के अनुसार भारत को दुनिया का आठवां सबसे प्रदूषित देश बताया गया है। यह बहुत ही गंभीर व संवेदनशील है कि टॉप 20 प्रदूषित शहरों में 19 एशिया के हैं और इनमें से 14 हमारे देश के हैं। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में प्रदूषण का लेवल 2.5पीएम के अनुसार है। इनमें पहले नंबर पर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शहर लाहौर का प्रदूषण लेवल 97.4 आंका गया है। दूसरे नंबर पर चीन के राज्य झिंजियांग के शहर होटन का 94.3, तीसरे नंबर पर भारत के राज्य राजस्थान के शहर भिवाड़ी का 92.7, चौथे नंबर पर दिल्ली का 92.6, 5 वें नंबर पर पाकिस्तान के राज्य खैबर पख्तूनख्वा के शहर पेशावर का 91.8, छठे नंबर पर भारत के राज्य बिहार के शहर दरभंगा का 90.3, 7वें नंबर पर बिहार के शहर आसोपुर का 90.2, 8वें नंबर पर चाड के राज्य शारी बागिरमी के शहर अन जामेना का 89.7, 9वें नंबर पर भारत के नई दिल्ली का 89.1, 10वें नंबर पर बिहार के शहर पटना का 88.9, 11वें नंबर पर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का 88.6, 12वें नंबर पर हरियाणा के धारूहेड़ा का 87.8, 13वें नंबर पर इराक के राज्य बगदाद का 86.7, 14वें नंबर पर भारत के बिहार के छपरा का 85.9, 15वें नंबर पर उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर का 85.5, 16वें नंबर पर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के फैसलाबाद का 85.4, 17वें नंबर पर भारत के उत्तर प्रदेश के शहर ग्रेटर नोएडा का 83.2, 18वें नंबर पर हरियाणा के बहादुरगढ़ का 82.2, 19वें नंबर पर हरियाणा के फरीदाबाद का 79.7 और 20वें नंबर पर बिहार के मुजफ्फरपुर का 86.7 है। यह चौंकाने वाला तथ्य है कि टॉप 100 में 72 शहर दक्षिण एशिया के हैं और इनमें भी ज्यादातर भारत,पाकिस्तान और बांग्लादेश के शहर हैं। बताया गया है कि भारत की मेट्रो सिटीज दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित हैं। औसत पीएम2.5 की तुलना में चौथे रैंक पर दिल्ली है। यहां प्रदूषण का स्तर 92.6 है। 99वें रैंक पर कोलकाता में प्रदूषण का स्तर 50.2, 137वें रैंक पर मुंबई में प्रदूषण का स्तर 46.7, 199वें रैंक पर हैदराबाद में प्रदूषण का स्तर 42.4, 440वें रैंक पर बेंगलुरू में प्रदूषण का स्तर 31.5 और 682वें रैंक पर चेन्नई में प्रदूषण का स्तर 25.3 आंका गया है। रिपोर्ट में दक्षिण एशिया को वायु प्रदूषण का केंद्र बताया गया है। इस रिपोर्ट के आधार पर विश्व बैंक ने प्रदूषण में कटौती करने के लिए आने वाले खर्च का एनालिसिस किया है। इसके लिए 2.6 अरब डॉलर खर्च करने होंगे। रिपोर्ट में दक्षिण एशिया को वायु प्रदूषण का केंद्र बताया गया है। हालांकि एक राहत की बात यह है कि वर्ष 2021 में जहाँ हम प्रदूषण में पांचवे नंबर पर थे , वर्ष 2022 में खिसककर आठवें नंबर पर आ गए हैं, यानी कि प्रदूषण के मामले में पहले की तुलना में कुछ सुधार हुआ है। हवा में प्रदूषण नापने की इकाई यानी कि पी.एम. 2.5 में भी गिरावट आई है। तह 53.3 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर हो गया है। वैसे यह अभी भी डब्ल्यू एच ओ( विश्व स्वास्थ्य संगठन) की सेफलाइन(5) से 10 गुना से ज्यादा है, जो कि गंभीर है। एक राहत की बात यह भी है कि अब तक नई दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी थी, लेकिन अब नहीं है।सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली चौथे और नई दिल्ली 9 वें स्थान पर जबकि 8 वें स्थान पर अफ्रीकी देश चाड की राजधानी अनजामेना है। वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2022 के अनुसार औसत पीएम 2.5 की तुलना में चाड में प्रदूषण का लेवल 89.7, इराक में 80.1, पाकिस्तान में 70.9, बहरीन में 66.6, बांग्लादेश में 65.8, बुर्किना फासो में 63.0, कुवैत में 55.8, भारत में 53.3, मिश्र में 46.5 और ताजिकिस्तान में 46.0 है। दिल्ली प्रदूषित है लेकिन एनसीआर में सुधार हुआ है। दिल्ली के साथ एनसीआर में शामिल शहर गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में प्रदूषण के स्तर में गिरावट देखी गई है। औसत पीएम2.5 की तुलना में गुरुग्राम में 34%, फरीदाबाद में 21% तक सुधार हुआ। दिल्ली में 8% ही सुधार आया है लेकिन इन शहरों में प्रदूषण अभी भी बहुत ज्यादा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## तकनीक का मायाजाल

विजय गर्ग

**मायाजाल** में अभिव्यक्तियां, पहले तकनीक ने इंसान की अंगुली पकड़ी, फिर इंसान ने तकनीक की अंगुली पकड़ी सच कहें तो गूगल ने हमें स्टुपिड या बुद्धू बना दिया है। इसने हमारी स्मृति पर हमला कर उसे तगड़ी क्षति पहुंचाई है। लोग अब कुछ भी याद रखना नहीं चाहते। उन्हें पता है कि जो जानना है, वह गूगल कर पल में मालूम कर लेंगे। चूंकि पहले से कुछ भी जानना जरूरी नहीं रह गया है तो सोचना-विचारना और प्रश्न खड़े करना भी छूट गया है। अब तो बने-बनाए प्रश्न हैं और बने-बनाए उत्तर। पिछली सदी के पूर्वार्द्ध में वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था कि तकनीक इंसान पर भारी पड़ने वाली है। आइंस्टीन ने यह बात उस समय कही थी, जब मोबाइल और इंटरनेट जैसी सुविधाओं के आम इंसान तक पहुंचने में कई दशक बाकी थे। कहते हैं कि पहले तकनीक इंसान की अंगुली पकड़कर चलती है और फिर इंसान तकनीक की अंगुली पकड़कर चलने लगता है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि पिछली पीढ़ियों की तुलना में मौजूदा पीढ़ी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिहाज से सर्वाधिक भाग्यशाली है। अभिव्यक्ति अब बड़े पैमाने पर आम आदमी की पहुंच में है। आभासी दुनिया में आज उसके पास दसियों मंच हैं, जहां वह अपनी बात रख सकता है। लेकिन इन मंचों पर अभिव्यक्ति से जुड़े किंतु-परंतु अपना असर दिखाने लगे हैं। आभासी दुनिया में अभिव्यक्ति के आनंद से उपजा आत्मविश्वास लाइक-डिसलाइक की भूल-भुलैया में खो चुका है। अधिकांश लोग कट-कापी-पेस्ट, फारवर्ड और इमोजी लगा देने भर को अपनी रचनात्मकता का हिस्सा मानने लगे हैं। इस नकली आत्ममुग्धता ने हमारी भाषा को बहुत क्षति पहुंचाई है। हमारी अभिव्यक्तियां वाउ, नाइस, ओसम, सैडङ्ख जैसे शब्दों तक सिमटती जा रही है।

खयाल बुनने और उन्हें कागज पर उतारकर भेजने की जो कड़ी हमें खास बनाती थी, वह टूट चुकी है। एक समाज के रूप में हम अपनी भाषा खोते जा रहे हैं। इसने हमारी सोच को इस कदर प्रभावित किया है कि दुनिया-जहान से जुड़े रहने के बावजूद हमारा दिमाग कुछ खास दिशा से आगे सोच नहीं पाता। अधकचरी सूचनाओं और विचारों ने मानसिकता को इतना सतही बना दिया है कि हम कुछ सोचने और दिमाग लगाने की जहमत नहीं उठाना चाहते।

## देश गया तेल लेने

डॉ. सुरेश कुमार

**बेबी!** तुम्हें ऐसा कैसा भूत चढ़ा है। सब कुछ अच्छा तो चल रहा है। इतनी खूबसूरत हो। इतनी जवान हो। अभी अगले दस साल तक तुम्हारे पास कोई फटकने वाला भी नहीं है। फिर यह बेवजह की जिद क्यों कर रही हो? चलो यहाँ से अमेरिका चलते हैं। वहाँ भी तुम्हारी खूबसूरती के बेशुमार दीवाने हैं। मेरी बात मानो यह देशभक्ति छोड़ो अपना मेकअप किट संभालो। देश को बचाने का काम सैनिकों का है, हमारा नहीं। हम सेलिब्रिटीज हैं। हमारा काम पेज थ्री में बना रहना है। लाइमलाइट की चकाचौंध से घिरे रहना है। यह देशभक्ति का जुनून आर्मी वालों को फबता है। ऐसी पागलपंती तुम्हें सूट नहीं करेगी। अपने लिए न सही अपने फैंस का तो खयाल करो। इस गोरे और कोमल बदन पर इतनी ज्यादती तो न करो। देश को बचाने के लिए कोई न कोई सिरफिरा, जुनूनी और पागल मिल जाएगा। लेकिन तुम्हें कुछ हो गया तो तुम्हारे फैंस का क्या होगा? उन्हें तुम्हारी जैसी खुबसूरती का कहर बरपाने वाला कहाँ मिलेगा। तुम्हारी अदा और शोखियों के कितने दीवाने हैं यह भला तुम जानती भी हो। भावनाओं में बहकर तुम बचकाना हरकतें मत करो। देश का मतलब महज मिट्टी तो है। इसके लिए भला कोई सेंटी होता है। प्रैक्टिकल बनो प्रैक्टिकल। इस देश से जितना हमें कमाना था कमा लिया। अब यहाँ से निकलो। चलते हैं किसी और देश। देखना वहाँ पर भी तुम्हारे कातिल जलवे के चाहने वाले लाखों मिलेंगे। एक प्रसिद्ध अभिनेत्री के बॉय फ्रेंड ने कहा। यह बात तुम कह रहे हो जिसने देशभक्ति पर इतनी सारी फिल्में की है! इन्हीं फिल्मों के लिए लोगों ने दीवानों की तरह तुम पर अपना सब कुछ लुटाया! थिएटरों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगाईं! टिकट न मिलने पर मारा-मारी की! तुम्हारे डॉयलॉग बोलने की स्टाइल की नकल करते फैंस के बारे में तुम ऐसे-कैसे सोच सकते हो। वो तुम्ही को देशभक्ति का मसीहा समझते हैं। और तुम हो कि देश छोड़कर भागने की बात कर रहे हो। अभिनेत्री ने देशभक्ति कुमार को लताड़ते हुए कहा। अरे बेबी तुम समझती क्यों नहीं। वे फिल्में थीं। यह लाइफ है। फिल्में लाइफ नहीं होतीं और लाइफ फिल्म नहीं।

वहाँ तो हम नाटक करते हैं। जीना तो हमें रियालिटी में ही है न!

# 'सत्यार्थ प्रकाश सभी ग्रंथों का सार है'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आर्य बाल भारती** पब्लिक स्कूल में हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार अंबिका प्रसाद दिव्य की जयंती और प्रसिद्ध साहित्यकार कवि अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध की पुण्यतिथि मनाई गई इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या रेखा शर्मा ने की विद्यालय के उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे पूर्व सभी ने मिलकर वैदिक यज्ञ का आयोजन किया और शांति पाठ के साथ ही यह समारोह संपन्न हो गया। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधान आर्य रणदीप कादयान ने बताया कि इस विद्यालय में जहां वैज्ञानिकों की जयंती मनाई जाती है वही संस्कृत और हिंदी के विद्वानों की जयंती और पुण्यतिथि भी समय-समय पर मना कर छात्रों को इन विद्वानों से प्रेरणा लेने की सीख दी जाती है। विद्यालय के प्रबंधक आर्य राजेंद्र जागलान ने बताया कि 1 अप्रैल से आरंभ नए शिक्षा सत्र से विद्यालय के अध्ययन अध्यापन की शैली में व्यापक परिवर्तन किया जा रहा है अब अभिभावकों और अध्यापकों व छात्रों को सभी जरूरी सुविधाएं दी जाएंगी ताकि विद्यालय का परीक्षा परिणाम सभी विषयों में पहले से अधिक बेहतर आ सके विद्यालय के कोषाध्यक्ष मेहता मलिक ने बताया कि विद्यालय में तेजी से बढ़ रही छात्रों की संख्या को देखते हुए नए सेक्शन बनाए जाएंगे और साधन हीन परिवारों के बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी विद्यालय में प्रवेश का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है और 31 मार्च तक प्रवेश लेने वाले छात्रों को विद्यालय की ओर से विशेष छूट इसमें प्रदान की जा रही है प्राचार्या रेखा शर्मा ने कहा कि ऋते ज्ञा नात न मुक्तिः अर्थात ज्ञान के बिना जीवन के दुखों की समाप्ति नहीं हो सकती इसलिए हिंदी भाषा का ज्ञान अपनी संस्कृति को जानने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहां की महान देशभक्त गौ भक्त और वेदों के ज्ञाता महर्षि दयानंद सरस्वती ने उन संतो महर्षियों साहित्यकारों स्वतंत्रता सेनानियों जिन्होंने वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार और गौ रक्षा तथा गो कृषि को बढ़ावा देने में किसी भी रुप में सहयोग दिया उनका सम्मान करने का निर्देश दिया है उन्होंने कहा कि महान ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश सभी ग्रंथों का सार है और इसकी खूबी यह है कि इसे हिंदी में सरल शैली में लिखा गया है जिसे आम आदमी सहज ही समझ लेता है उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि आर्य बाल भारती स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ वैदिक संस्कार दिए जाते हैं यही नहीं विद्यालय में छात्रों को खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है यही नहीं विद्यालय में संगीत में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए भी व्यापक प्रबंध किया जा रहा है उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से विद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंट पंजाबी संस्कृत म्यूजिक आदि भी पढ़ाई जाएंगे इस अवसर पर हिन्दी और संस्कृत के अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया।

**8 विद्यालय में जहां वैज्ञानिकों की जयंती मनाई जाती है। वही संस्कृत और हिंदी के विद्वानों की जयंती और पुण्यतिथि भी मनाई जाती है**

# नशा जागरूकता को लेकर छात्रों को शपथ दिलाने के बाद किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**बादशाही** रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मिशन ड्रंग फ्री हरियाणा के प्रतिनिधियों ने शिक्षकों व छात्रों को नशे से बचाव के प्रति जागरूक किया। प्रतिनिधि पुरूषोत्तम शर्मा ने कहा कि नशा करने से परिवार में आर्थिक नुकसान होने के साथ उसके स्वास्थ्य पर भी गलत असर पड़ता है। नशे की लत इंसान को खोखला बनाती है। प्रधानाचार्य रामबीर सरोहा ने कहा कि कुछ नशीली दवाइयां ऐसी होती हैं जिसकी लत से समय रहते व्यक्ति को दूर नहीं जाए तो वह उसकी मौत का कारण भी बन जाती है। शहर में शराब, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट का चलन ज्यादा है। आज के युवाओं को नशे से दूर करने के लिए हमें समाज को जागरूक करने की जरूरत है।

# सरसों की खरीद का जिले में एकमात्र केंद्र शहजादपुर

**किसानो को ओपन मार्केट में सस्ती दरों पर बेचना पड़ रहा सरसों**

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**जिले की** सबसे बड़ी मंडी अंबाला शहर की अनाज मंडी है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी जिले में सरसो की खरीद का एक मात्र केंद्र शहजादपुर मंडी को बनाया गया है। किसानो व आढ़तियों ने अंबाला मंडी में खरीद केंद्र बनाने की मांग रखी है। सरकार ने इस बार सरसो का एमएसपी 5400 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है, लेकिन शहजादपुर मंडी दूर होने के कारण अंबाला में सैकड़ो किसानो को ओपन मार्केट में कम रेट पर सरसों बेचना पड़ रहा है। ओपन मार्केट में करीब 4700 से 4800 रुपए के बीच बिक रहा है। जिसे कोल्हू वाले या कुछ आढ़ती खरीद रहे हैं। किसानों का कहना है कि अंबाला शहर में भी खरीद केंद्र बनना चाहिए। आढ़ती भारत भूषण अग्रवाल का कहना है कि अंबाला की मंडी सबसे बड़ी मंडी है, लेकिन फिर भी पता नहीं क्यों सरकार हर बार शहजादपुर को ही सरसों का खरीद केंद्र बना देती है। इसके चलते जमींदार भी परेशान हो रहे हैं। वहीं मार्किट कमेटी का कहना है यदि किसान मांग रखेंगे तो सरकार को डिमांड भेज दी जाएगी। 5300 किसानों ने करवाया रजिस्ट्रेशन-इस बार अंबाला में 5300 से ज्यादा किसानों ने सरसों की फसल का रजिस्ट्रेशन करवाया है। किसानों का कहना है कि केवल शहजादपुर में खरीद केंद्र होने के चलते वे अपनी फसल को ओने पौने दामों पर बेचने को मजबूर है। वे चाहते हैं कि सरकार खरीद केंद्र बढ़ाये। सरकार को भेजेंगे डिमांड-मार्किट कमेटी के सचिव दलेल सिंह का कहना है कि शहजादपुर के नजदीक पड़ने वाले किसानों ने ज्यादा रजिस्ट्रेशन करवाया जिसे देखते हुए खरीद केंद्र वहां स्थापित किया गया है।

# किसानों के भरोसे पर खरा उतर रहा कृषि विज्ञान केंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कृषि** विज्ञान केंद्र ऊझा के प्रांगण में गुरूवार को आयोजित किए गए जिला स्तरीय कृषि मेले में चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो.बलदेव राज कम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र पानीपत की गिनती देश के उत्तम के.वी. के. में होती है। केंद्र के वैज्ञानिकों का किसानों तक नई-नई तकनीकों को पहुंचाने में अहम योगदान रहा है। फसल अवशेषों का अच्छी तरह से प्रबंधन कृषि वैज्ञानिकों की मेहनत को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 में लगभग 20 हजार एकड़ को प्राकृतिक खेती के तहत लाने का फैसला किया है। किसान प्रकृतिक खेती में अपनी भूमिका दर्ज करें व छोटे क्षेत्र वाले किसान प्राकृतिक खेती को जरूर अपनाये। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषण अनाज वर्ष मनाने की घोषणा की है।

उन्होंने बताया कि भारत बाजरे का एक प्रमुख उत्पादक है, जो एशिया के उत्पादन का लगभग 80 प्रतिशत और वैश्विक उत्पादन का 20 प्रतिशत हिस्सा है। यह सदियों से मध्य भारत का प्रमुख भोजन रहा है लेकिन हाल के वर्षों में मोटे अनाज का खान-पान में प्रचलन कम हुआ है।
मोटे अनाज की मांग बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है ताकि भारतीय मोटे अनाज (बाजरा), व्यंजनों, मूल्य वर्धित उत्पादों को विश्व स्तर पर स्वीकार किया जा सके। मेले में प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो.बलदेव राज कम्बोज ने जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मेले में आये किसानों ने केंद्र का भ्रमण भी किया।

## न्यूज फ्लैश

### रुपए दोगुने के लालच देकर 20 लाख रुपए ठगे

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** रुपए दोगुने करने का लालच देकर शहजादपुर के संदीप गोयल से 4 लोगो ने 20 लाख रुपए ठग लिये। संदीप गोयल ने बताया कि उसकी किरयाना की दुकान है। बुर्ज शहीद निवासी दर्शन कुमार की भी उसके पास दुकान है। सितंबर 2021 में दर्शन कुमार ने गांव खानपुर ब्राह्मणा निवासी राजीव कुमार और गांव जंगूमाजरा निवासी कमलजीत और सुधीर राठोर से मुलाकात कराई। उन्होंने कहा कि राजीव शेयर मार्केट में पैसा लगाकर 8 से 10 महीने में पैसे डबल कर देते हैं। हर महीने 10 प्रतिशत ब्याज मिलता है। शिकायतकर्ता ने बताया कि पहले उसने दर्शन व राजीव के कहने पर 10 हजार रुपए लगाए। राजीव ने विश्वास दिलाया कि वे लोग पैसा डबल करके देंगे। इसकी एवज में मात्र 2 प्रतिशत कमीशन लेने की बात कही। उसने राजीव की बातों पर विश्वास कर लिया और दर्शन को 2 लाख रुपए देने को राजी हो गया। आरोपी ने उसके डॉक्यूमेंट्स लेकर शेयर मार्केट में उसका अकाउंट बनाया और ट्रेंडिग करनी शुरू कर दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने आरोपियों की बातों में फंस 20 लाख रुपए इन्वेस्ट किए। अब आरोपी उसके पैसे वापिस नहीं कर रहे और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सक्षम युवाओं ने डीसी को सौंपा मांगपत्र

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
सक्षम युवाओं ने डीसी अंबाला को ज्ञापन सौंपकर उनकी समस्याओ समाधान करने की मांग की है। हरियाणा सक्षम यूनियन के राज्य प्रधान मुकेश ने ज्ञापन में कहा कि इस योजना के तहत 6 हजार रुपए वेतन दिया जाता था। हाल ही में इस योजना में प्रावधान किया गया है कि 75 प्रतिशत वेतन सबंधित विभाग व 25 प्रतिशत वेतन रोजगार विभाग ही देगा। जिस कारण सभी विभागो ने इससे किनारा करना शुरू कर दिया। विभाग सक्षम युवाओं की डिमांड नहीं भेज रहे हैं। तहसीलों व अन्य विभागों में लगे शत प्रतिशत सक्षम युवाओं को 3 महीने के लिए लेकर महज 1 महीने के बाद ही रिलीव कर बेरोजगार बनाकर घर बिठा दिया। डीसी से सक्षम युवाओं ने मांग की है कि वे जल्द से जल्द हमारी समस्याओ का समाधान करें।

### एचडीएफसी बैंक और फ्लिपकार्ट होलसेल ने पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया

**हिसार:** भारत के सबसे बड़े प्राईवेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और विशाल ऑफलाईन एवं ऑनलाईन पहुँच के साथ ऑम्नीचैनल बी2बी प्लेटफॉर्म तथा भारत में विकसित, फ्लिपकार्ट समूह ने आज उद्योग का प्रथम को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। यह क्रेडिट कार्ड केवल फ्लिपकार्ट होलसेल सदस्यों के लिए है। यह क्रेडिट कार्ड डाईनर्स क्लब इंटरनेशनल नेटवर्क पर चलेगा, जो डिस्कवर ग्लोबल नेटवर्क का हिस्सा है। इसका उपयोग विश्व में 200 से ज्यादा देशों में किया जा सकता है, जहाँ डाईनर्स क्लब कार्ड स्वीकार किए जाते हैं। एचडएफसी बैंक में कंट्री हेड, पेमेंट्स एंड कंज्यूमर फाईनेंस टेक्नॉलॉजी एंड डिजिटल बैंकिंग, पराग राव ने कहा, ह्यह्यएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश में अग्रणी कार्ड जारीकर्ता के रूप में हमारा प्रयास है कि हम इस महत्वपूर्ण वर्ग को कस्टमाईज्ड समाधान प्रदान करें। फ्लिपकार्ट होलसेल के साथ इस साझेदारी द्वारा हमें उम्मीद है कि हम और ज्यादा किराना स्टोर्स एवं छोटे व्यापारियों को सहयोग दे सकेंगे, ताकि उन्हें अपने विनिमयों को ऑप्टिमाईज करने, अपने ऑपरेशंस को स्ट्रीमलाईन करने और एक फायदेमंद अनुभव प्रदान करने में मदद मिले। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमें फ्लिपकार्ट होलसेल के साथ साझेदारी करने की खुशी है, और हमें विश्वास है कि यह नया कार्ड रिटेलर्स के लिए बहुत फायदेमंद होगा। इस गठबंधन के अंतर्गत फ्लिपकार्ट होलसेल के रजिस्टर्ड सदस्यों को फ्लिपकार्ट होलसेल ऑनलाईन खर्चों पर उद्योग का प्रथम ऑफर, यानि 5 प्रतिशत का कैशबैक मिलेगा। दूसरे फायदों में 1,500 रु. मूल्य का एक्टिवेशन कैशबैक, जीरो ज्वाईनिंग शुल्क, तथा यूटिलिटी बिल्स एवं अन्य खर्चों पर अतिरिक्त कैशबैक शामिल है। को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लॉन्च से भारत में छोटे व्यापारियों को क्रेडिट की उपलब्धता बढ़ेगी और डिजिटल भुगतान को स्वीकार करने में तेजी आएगी तथा उन्हें कई अन्य फायदे भी मिलेंगे। यह क्रेडिट कार्ड केवल फ्लिपकार्ट होलसेल सदस्यों के लिए लॉन्च किया गया है। किराना सदस्यों को फ्लिपकार्ट होलसेल ऑनलाईन खर्चों पर उद्योग में सर्वाधिक 5 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। फ्लिपकार्ट होलसेल सदस्य स्टोर में आकर या बेस्ट प्राईज फ्लिपकार्ट होलसेल ऐप पर आवेदन कर सकते हैं।
फ्लिपकार्ट होलसेल के बिजनेस हेड, कोटेश्वर एल एन ने कहा, ह्यह्यफ्लिपकार्ट होलसेल में हम टेक्नॉलॉजी और इनोवेशन की मदद से किराना रिटेल के परिवेश में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस उद्देश्य के तहत हम छोटे व्यापारियों को आसान और सही क्रेडिट विकल्प उपलब्ध कराने पर केंद्रित हैं, ताकि उनकी वित्तीय समस्याओं का समाधान हो सके। इन क्रेडिट कार्ड्स के लॉन्च के द्वारा हम छोटे रिटेलर्स को अपने कैश फ्लो बेहतर तरीके से संभालने और संपूर्ण बी2बी परिवेश में डिजिटाईजेशन के फायदों का विस्तार करने में मदद कर रहे हैं। अपने सदस्यों को आसान फाईनेंस उपलब्ध कराने और ऑनलाईन खर्चों पर उद्योग में सर्वाधिक 5 प्रतिशत का कैशबैक प्रदान करने के लिए हमें एचडीएफसी बैंक के साथ गठबंधन करने की खुशी है।

# खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**सहायक** खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी योगेन्द्र पुनिया ने बताया कि उपायुक्त सुशील सारवान के मार्गदर्शन में तथा जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक जितेश गोयल के दिशा-निर्देशों में सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी कार्यालय समालखा में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जागरूता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों सहित सामान खरीद बारे भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि कोई सामान/वस्तु खरीदने पर उसका बिल दुकानदार से जरूर प्राप्त करें, ताकि सामान/वस्तु में वाद दायर किया जा सके। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिनियम-2019 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में भी बताया गया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता सरंक्षण अधिनियम में अनुचित व्यापार/व्यवहार पर रोक लगाने की व्यवस्था की गई है।

# सिवाह गांव में होगा कृषि एवं वैदिक शिक्षा सम्मेलन का ऐतिहासिक आयोजन

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत करेंगे शिरकत**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आर्य समाज** के संस्थापक एवं गोभक्त महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती वर्ष की विश्व व्यापी कार्यक्रमों की श्रंखला के तहत गौ आधारित प्राकृतिक कृषि एवं वैदिक शिक्षा सम्मेलन का आयोजन 21 मार्च को गांव सिवाह में किया जा रहा है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत शिरकत करेंगे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के प्रधान राधाकृष्ण आर्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संजय भाटिया शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक, जिला सरपंच एसोसिएशन के प्रधान एवं आर्य प्रतिनिधि सभा के अंतरंग सदस्य आर्य रणदीप कादियान बृहस्पतिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। आर्य रणदीप कादियान ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर से आर्य समाज से जुड़ी बड़ी हस्तियां व गौभक्त शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के मार्गदर्शन में देशभर में देसी गाय के माध्यम से गो आधारित प्राकृतिक कृषि की जा रही है।

# श्री फाउंडेशन ट्रस्ट ने रेडक्रॉस सोसाइटी को माइक्रोस्कोप भेंट किया




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**श्री** फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा अपने सी०एस०आर० कार्यक्रम के अन्तर्गत रेडक्रॉस सोसाइटी, पानीपत को एक उच्च क्वालिटी का माइक्रोस्कोप भेंट किया गया। श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, उप-महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया की रेड क्रोस सोसाइटी, पानीपत के आग्रह पर रेड क्रोस सोसाइटी को एक उच्च क्वालिटी का माइकोस्कोप भेंट किया गया जिससे कि ब्लड सैम्पल आदि की जॉच सही एवं सुचारू रूप से हो सके ताकि ब्लड का सही आंकलन हो पायें। रेड क्रोस सोसाइटी की डा० पूजा सिंधल द्वारा श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत को बहुत साधुवाद दिया। डा० पूज सिंधल ने कहा की श्री फाउण्डेशन टृस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा रेड कोस सोसाइटी, पानीपत को जरूरत के सामान की मदद की जाती रही है एवं हमेशा आसपास के गांवो एवं विधालयों में मेडिकल की सुविधा प्रदान करती है। श्री सीमेन्ट के अधिकारी प्रियंका चौधरी एवं राहुल भारद्वाज इस अवसर पर मौजूद रहें ।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

# सीआईए ने तार चोर गिरोह के 9 सदस्य किये गिरफ्तार

**गिरोह ने कबूली 27 वारदातें, भारी मात्रा में तारें बरामद, गिरोह ने कबूली 27 वारदातें**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**सीआईए** वन अंबाला ने तार चोर गिरोह के 9 सदस्यों को काबू करते हुए उनसे भारी मात्रा में तारें बरामद की है। आज प्रेसवार्ता में एसपी जशनदीप रंधावा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सदर अम्बाला में दर्ज चोरी के दो मामलों में सीआईए वन के निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह के नेतृत्व में अकुंश उर्फ बिल्ला, सन्दीप उर्फ मोटा, हैप्पी, रणजीत उर्फ मंगू, अनीश कुमार उर्फ विक्की उर्फ बोना, विशाल उर्फ दीप्पा, रोहित उर्फ बच्ची व गुरसेवक उर्फ पोटा को गिरफ्तार किया है। यह सभी आरोपी गांव आनंदपुर जलबेड़ा के रहने वाले हैं। इनको गिरफ्तार करने के बाद 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आज आरोपियों को जेल भेज दिया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि बकरा मंडी का राजन भी उनके साथ शामिल है। जिसे काबू कर लिया गया है।
27 वारदातें कबूली-आरोपियों ने थाना नग्गल व सदर अम्बाला क्षेत्र में बिजली तार चोरी की 27 वारदातों को अन्जाम देना कबुल किया। आरोपियों से 50 एमएम की 2 क्विंटल 90 किलोग्राम एलमुनियम तार, 30 एमएम की 2 क्विंटल, 47 किलोग्राम एलमुनियम तार, 3 किलो 500 ग्राम तांबा तार, दो तार काटने वाले कटर व वारदात में प्रयोग की गई दो मोटरसाईकिल बरामद की गई।
इन गांवो मे की वारदातें-आरोपियो ने बलाना, उगाड़ा, भानोखेड़ी, डडियाना, जलबेड़ा, मलौर, खैरां, लौटां, निहारसी, हुमायुंपुर, चौड़मस्तपुर, नग्गल, कलेरां व अन्य गांवो में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है।

# आग लगने से ट्रक हुआ खाक



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहर में** पुराने इंडस्ट्रियल एरिया में बिजली की तारों की चपेट में आकर फोम के ट्रक में आग लग गई, फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई लेकिन तब तक पूरा ट्रक जलकर राख हो चुका था। सूचना मिलते ही पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने फोम कम्पनी के मालिक विनोद गुप्ता ने बताया कि ट्रक फैक्टरी से फोम की वेस्ट मैटिरियल लेकर निकला था कि सड़क के ऊपर से जा रही बिजली की तारों से छू गया और चिंगारी निकली जिससे आग लग गई। ड्राईवर ने गाड़ी से कूदकर जान बचाई।

# विधानसभा घेराव को लेकर सरपंचों ने की बैठक

**17 मार्च को सरपंच विधानसभा घेराव के लिए गन्नौर से होंगे रवाना**



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**सरकार द्वारा** सरपंच कोटेशन से 5 लाख तक के कार्य करवाने की घोषणा के बाद सरपंचों का विरोध जारी है। वीरवार को बीडीपीओ कार्यालय में सरपंचों की गन्नौर एसोसिएशन के प्रधान एवं पुरखास धीरान के सरपंच बहादुर सिंह के नेतृत्व में बैठक कर पंचायती राज संस्थाओं में ई-टेंडरिंग व राइट टू रिकॉल के फैसले को वापस लेने के लिए सरपंचों ने सरकार पर दबाव बनाने की नई रणनीति बनाई है। बहादुर ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी है, चंडीगढ़ में प्रदेशभर के सरपंच 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करेंगे। गन्नौर से काफी संख्या में सरपंच घेराव में शामिल होंगे। उन्होंने ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों की ओर ध्यान नहीं दे रही है। ई-टेंडरिंग, परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता और राइट टू रिकॉल नियम पर आपत्ति जताई। एसोसिएशन ने मांग की कि संविधान के 73 वें संशोधन की 11वीं सूची में ग्राम पंचायतों को प्रदत्त सभी 29 अधिकार व पंचायती राज संस्थाओं में ई-टेंडरिंग व राइट टू रिकॉल के फैसले को वापिस लिया जाएगा। खेड़ी तगा के सरपंच वेदप्रकाश ने कहा कि सरपंचों द्वारा खर्च पैसों में भी अधिकारी ही बिल पास करते है तो सरकार को अपने फरमान को वापिस लेना चाहिए। आहुलाना सरपंच प्रतिनिधि अजीत पहल ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगे नही मानेगी तो वे जेल शेखपुरा के सरपंच कर्मबीर ने कहा कि रिकाल को पहले सांसदों व विधायकों पर लागू करके ई टैंडरिंग को खत्म किया जाए। सरकार सरपंचों के हकों को छीन रही है। उनके ऊपर बंधन लगा दिए है। 5 लाख करके सरकार ने बंधन लगा दिया है।

# सिसोदिया पर सीबीआई का शिकंजा

## नया केस दर्जः दिल्ली सरकार की फीडबैक यूनिट में करप्शन और विपक्षी नेताओं की जासूसी करवाने का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**शराब** नीति मामले में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर सीबीआई ने नया केस दर्ज किया है। यह केस दिल्ली सरकार की फीडबैक यूनिट में कथित भ्रष्टाचार को लेकर है। सीबीआई का दावा है कि गैरकानूनी तरीके से फीडबैक यूनिट को बनाने और चलाने से सरकारी खजाने को 36 लाख रुपए का घाटा हुआ है। इस यूनिट पर विरोधी पार्टी के नेताओं, अधिकारियों और ज्यूडिशयरी मेंबर्स की जासूसी का भी आरोप है।

**2015 में यूनिट बनी, 2016 में केस हुआः** फीडबैक यूनिट केजरीवाल सरकार ने 2015 में सत्ता में आने के बाद बनाई थी। 2016 में विजिलेंस डिपार्टमेंट के एक अधिकारी केसी मीणा ने एफबीयू को लेकर शिकायत की थी जिसके बाद मामले में जांच शुरू हुई थी। पिछले महीने ही गृह मंत्रालय ने सीबीआई को इस मामले में मनीष सिसोदिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की परमिशन दी थी। सीबीआई का कहना है कि ये यूनिट राजनीतिक जानकारियां इकट्ठा करती थी। यूनिट की 40% रिपोर्ट इन्हीं जानकारियों के बारे में थीं।

**सिसोदिया समेत 7 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमाः** इस मामले में सिसोदिया के अलावा तत्कालीन विजिलेंस सेक्रेटरी सुकेश कुमार जैन, सीआईएसएफ के रिटायर्ड डीआईजी राकेश कुमार सिन्हा, इंटेलिजेंस ब्यूरो के रिटायर्ड जॉइंट डिप्टी डायरेक्टर प्रदीप कुमार पुंज, सीआईएसएफ के रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडेंट सतीश खेत्रपाल और गोपाल मोहन के खिलाफ भी प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

आरोपियों पर संपत्ति का दुरुपयोग, आपराधिक साजिश और धोखा देने के लिए जालसाजी करने समेत कई आरोप लगाए गए हैं।

**भाजपा बोली- केजरीवाल को भी बनाएं आरोपीः** भाजपा ने इस मामले में अरविंद केजरीवाल को भी आरोपी बनाने की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने कहा है कि ये आतंरिक सुरक्षा का मामला है और इसमें यूएपीए ( अनलॉफुल एक्टिविटीज प्रिवेंशन एक्ट) लगाया जाना चाहिए।

### देश के लिए दुखद!: सीएम अरविंद केजरीवाल

**फीडबैक** यूनिट में कथित अनियमितताओं को लेकर मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई की एफआईआर के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि पीएम की योजना मनीष के खिलाफ कई झूठे मामले लगाकर उन्हें लंबे समय तक हिरासत में रखने की है। देश के लिए दुखद!

### 2015 में फीडबैक यूनिट का हुआ था गठन

**बता दें** कि अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की मंजूरी से फीडबैक यूनिट का गठन सितंबर 2015 में किया गया था। यूनिट को सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय को रिपोर्ट करने के आदेश थे। तर्क दिया गया था कि सरकारी योजनाओं की मानिटरिंग और भ्रष्टाचार फैलाने वाले अधिकारियों को पकड़ने के लिए यह यूनिट बनाई गई थी।

# मार्च 2024 तक खत्म हो जाएगा भलस्वा से कूड़े का पहाड़: केजरीवाल



**तीरथ राज /नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा करते हुए कहा कि लैंडफिल साइट्स पर पहले से दोगुनी गति से काम चल रहा है और मार्च-अप्रैल 2024 तक पूरा कूड़ा खत्म हो जाएगा। जल्द ही हम दिल्ली को कूड़ा मुक्त करेंगे।
इस महीने ओखला लैंडफिल साइट के बाद मुख्यमंत्री का यह दूसरा दौरा है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इस दौरान साइट से कूड़ा खत्म करने की प्रक्रिया को समझा और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को दोगुनी गति से काम करते हुए अगले साल मार्च-अप्रैल तक पूरा कूड़ा खत्म करने के निर्देश दिए, ताकि यहां रहने वाले निवासियों को शुद्ध हवा मिल सके। दिल्ली को साफ सुथरा व सुंदर बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि भलस्वा से दिसंबर तक 30 लाख मीट्रिक टन कूड़ा उठा देंगे और मार्च-अप्रैल 2024 तक पूरा कूड़ा खत्म कर देंगे। लैंडफिल साइट्स पर पहले से अब दोगुनी गति से काम चल रहा है और जल्द ही हम दिल्ली को कूड़ा मुक्त करेंगे। इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज, एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबेराय, डिप्टी मेयर आले इकबाल, एमसीडी कमिश्नर व क्षेत्रीय विधायक अजेश यादव, पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।
भलस्वा लैंडफिल साइट से कूड़ा हटाने की प्रक्रिया का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 30 सालों में भलस्वा लैंडफिल साइट एक बड़ा कूड़े का पहाड़ बन गया है। पूरी दिल्ली का कूड़ा यहां आता है। इस कूड़े के पहाड़ को हटाने का कार्य चल रहा है। एनजीटी के आदेश के बाद 2019 में यहां से कूड़ा हटाया जाना शुरू हुआ था। उस समय भलस्वा लैंडफिल साइट पर करीब 80 लाख मीट्रिक टन कूड़ा मौजूद था। 2019 से लेकर आजतक 30 लाख मीट्रिक टन कूड़ा हटाया जा चुका है। जबकि 50 लाख मीट्रिक टन साइट पर पड़ा है। केजरीवाल ने आगे कहा कि हमलोगों ने दिसंबर 2023 तक 30 लाख मीट्रिक टन कूड़ा हटाने का लक्ष्य रखा है। हमें पूरी उम्मीद है कि अगले साल मार्च-अप्रैल तक लैंडफिल साइट पर बचा 50 लाख मीट्रिक टन कूड़े को हटा दिया जाएगा। कूड़ा हटाने की पहले जो गति थी, अब उससे दोगुनी गति से काम चल रहा है। इसकी समीक्षा भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले यहां से 6500 मीट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन उठाया जा रहा था। लेकिन कल (बुधवार) से 9 हजार मीट्रिक टन कूड़ा उठ रहा है। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि लैंडफिल साइट पर जो नया कूड़ा आ रहा है, उसके लिए अलग से इंतजाम किया गया है। नए आने वाले कूड़े के निपटान की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है और लगातार उसको डिस्पोज किया जा रहा है। दिल्ली में प्रतिदिन करीब 11 हजार मीट्रिक टन कूड़ा बनता है। उसमें से 8100 मीट्रिक टन से अधिक कूड़े के डिस्पोजल का हम लोगों के पास इंतजाम है।
वहीं, करीब 2800 मीट्रिक टन कूड़ा रोजाना बच रहा है। इसके लिए ओखला में एक हजार मीट्रिक टन का अतिरिक्त क्षमता बढ़ाने का काम चल रहा है।

### सीएम का दौरा

= मुख्यमंत्री ने एमसीडी को दोगुनी गति से काम करते हुए अगले साल मार्च-अप्रैल तक पूरा कूड़ा खत्म करने के निर्देश दिए।



ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के लिए आयुष मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय के बीच करार।

# फाइनेंस कमिश्नर के दफ्तर के बाहर बुजुर्ग ने चलाई गोली




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के पॉश एरिया सिविल लाइंस इलाके में गुरुवार को फाइनेंस कमिश्नर के दफ्तर के बाहर एक बुजुर्ग ने गोली चला दी। गोली दूसरे बुजुर्ग प्रदीप बहल (65) के हाथ पर लगी। जख्मी हालत में उनको नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी केके शर्मा (70) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इनके पास से लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर ली है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि केके शर्मा और प्रदीप बहल के बीच कई सालों से एक केस चल रहा था। बृहस्पतिवार को केके शर्मा केस हार गए। गुस्से में आकर उन्होंने केस जीतने वाले प्रदीप बहल पर गोली चला दी। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि बृहस्पतिवार 11.15 बजे सिविल लाइंस थाना पुलिस को गोली चलने की सूचना मिली थी। वहां पहुंचने पर पता चला कि केके शर्मा नामक व्यक्ति ने प्रदीप बहल पर तीन राउंड फायरिंग कर दी है। केके शर्मा ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट से एमएलओ रिटायर हुए थे। इनका पंचदीप हाउसिंग सोसायटी, विकासपुरी के संबंध में प्रदीप बहल व अन्यों से मध्यस्था का केस चल रहा था। बृहस्पतिवार को फैसला आने के बाद वह बुरी तरह हताश हो गई। केस जीतने के बाद प्रदीप फाइनेंस कमिश्नर के दफ्तर के बाहर चाय की दुकान पर मौजूद थे। इस बीच केके शर्मा ने गोली चला दी। आरोपी को मौके से ही दबोच लिया गया। हाथ में गोली लगने के बाद प्रदीप को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामला दर्ज

= गोली दूसरे बुजुर्ग प्रदीप बहल (65) के हाथ पर लगी। जख्मी हालत में उनको नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया

# 'समाज में सद्भाव लाने में वैदिक परंपरा ही अदा कर सकती है भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**साहित्य** अकादमी के छह दिवसीय साहित्योत्सव का अंतिम दिन बच्चों से जुड़ी गतिविधियों पर केंद्रित रहा। इसके अतिरिक्त एक अन्य कार्यक्रम व्यक्ति और कृति शीर्षक से आयोजित किया गया, जिसे नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने संबोधित किया।
सत्यार्थी ने सोशल मीडिया के बढ़ते बुरे प्रभावों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि हमें इस पर अंकुश लगाना होगा। समाज में व्याप्त असुरक्षा, निराशा एवं संकुचित होते संबंधों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इससे छुटकारा तब ही मिल सकता है जब भारत भूमि से ह्यकरुणा का वैश्वीकरणह्न का संदेश पूरी दुनिया को दिया जाएगा। उन्होंने अपने बचपन के दिनों में रामचरितमानस का प्रभाव, पिता और बड़े भाई के साथ कठिन मेहनत, हिंदी के प्रति अपना प्यार और भारत की नैतिक शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी वैदिक परंपरा ही समाज में सद्भाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है। सत्यार्थी ने कहा कि साहित्य अकादमी साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों के लिए तीर्थ स्थल का दर्जा रखती है। सत्यार्थी ने कहा, "मैं कई अन्य तीर्थों की यात्रा कर चुका हूं और आज साहित्य अकादमी जैसे तीर्थस्थल में भी मेरी उपस्थिति दर्ज हो गई है। यह उपस्थिति मेरे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि मैं कोई बड़ा साहित्यकार नहीं हूं लेकिन साहित्य के महत्व और इसके प्रभाव को अवश्य समझता हूं।"

# ससुर ने बहू का सिर फोड़ा, नौकरी करना चाहती थी

## ससुर को ऐतराज था इसलिए ईंट से मारा, 17 टांके आए, पुलिस ने मामला दर्ज किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** व्यक्ति ने ईंट से अपनी बहू का सिर फोड़ दिया। घटना प्रेम नगर इलाके में हुई। जो वहां लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। वीडियो में काजल नाम की महिला गली में टहलते हुए नजर आ रही है। तभी पीछे से उसका ससुर आता है। दोनों में किसी बात पर बहस होती है। इसके बाद वह शख्स उसके सिर पर ईंट मार देता है। अचानक हुए वार से महिला गिर पड़ती है। बाद में वह खुद को बचाने वहां से भागती है। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**पास बैठा शख्स तमाशबीन बना रहाः** जब ससुर-बहू की मारपीट हो रही थी, तब वहां बैठा एक व्यक्ति पूरे घटनाक्रम को देखता रहा, लेकिन उसने महिला की मदद के लिए कुछ नहीं किया। पुलिस ने कहा कि ईंट रखने वाले व्यक्ति की पहचान महिला के ससुर के रूप में हुई है। घटना के बाद काजल को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसके सिर पर 17 टांके आए।

**बहू के नौकरी करने से ऐतराज थाः** रिपोर्ट्स के मुताबिक काजल के पिता सत्यप्रकाश ने बताया कि उनकी बेटी की शादी प्रवीण से हुई थी। जो सिविल डिफेंस सर्विस में काम करता है। उनकी बेटी भी नौकरी करना चाहती थी। उसे इंटरव्यू देने जाना था, लेकिन काजल के ससुर को इस बात से ऐतराज था। इसी को लेकर उनमें बहस भी हुई थी। काजल ने ससुर की बात मानने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उसने इस घटना को अंजाम दिया।

### जांच जारी

= घटना प्रेम नगर इलाके में हुई। जो वहां लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। काजल नाम की महिला गली में टहलते हुए नजर आ रही है

# फिल्म निर्माता विवेक को 10 अप्रैल को हाईकोर्ट में पेश होने का आदेश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने गौतम नवलखा को राहत देने से जुड़े अवमानना के मामले में फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री को 10 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।
विवेक अग्निहोत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए थे। उन्होंने कहा कि उन्हें बुखार है। उसके बाद कोर्ट ने उन्हें 14 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया।
6 दिसंबर, 2022 को कोर्ट ने विवेक अग्निहोत्री को तलब किया था। कोर्ट ने विवेक अग्निहोत्री को 16 मार्च को पेश होने के लिए कहा था। हाई कोर्ट के तत्कालीन जज जस्टिस मुरलीधर की बेंच से गौतम नवलखा को राहत का आदेश देने के बाद विवेक अग्निहोत्री ने जस्टिस मुरलीधर पर पक्षपात का आरोप लगाया था।
उसके बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए 2018 में विवेक अग्निहोत्री और आनंद रंगनाथन के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की थी।

### आदेश

= स्वतः संज्ञान लेते हुए 2018 में विवेक अग्निहोत्री और आनंद रंगनाथन के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की थी

# मां की हत्या कर बेटे ने आत्महत्या का बनाया मन, नहीं जुटा सका हिम्मत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिमी** दिल्ली के द्वारका सेक्टर 23 थाना क्षेत्र में एक बेटे ने मां की हत्या करने के बाद खुद भी जान देने की कोशिश की, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पाया। पुलिस के अनुसार पीड़ित परिवार द्वारका में किराए के फ्लैट में रह रहा था और आर्थिक परेशानी से जूझ रहा था। प्रतिकूल स्थिति के कारण मां और बेटे दोनों अवसाद से ग्रस्त थे। अवसाद के कारण दोनों ने आत्महत्या का मन बना लिया। महिला ने नींद की कई गोलियां खा ली थी, लेकिन इससे भी उनकी जान नहीं गई। अंत में बेटे ने टाई से मां का गला घोट दिया। बाद में बेटे ने पंखे से लटककर जान देने का मन बनाया लेकिन, हिम्मत नहीं जुटा सका। अंत में उसने पूरे मामले से अपने एक स्वजन को अगवत कराया। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। मौके से पुलिस को महिला का शव मिला।

### अरेस्ट

= प्रतिकूल स्थिति के कारण मां और बेटे दोनों अवसाद से ग्रस्त थे। अवसाद के कारण दोनों ने आत्महत्या का मन बना लिया

# मेट्रो स्टेशन के पास पीछे से गला दबाकर युवक से छीना मोबाइल फोन, 2 गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी में चोरों और बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। अक्सर लोगों से छिनैती और लूट की घटना सामने आ रही है। दिल्ली पुलिस ने एक 55 साल के शख्स से मोबाइल छीनने के दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। एक आरोपित पर पहले से दिल्ली के अलग-अलग थानों में 10 से अधिक डकैती और झपटमारी के केस दर्ज हैं।

**सीसीटीवी में कैद लूट की वारदातः** बता दें कि दिल्ली के प्रताप नगर स्टेशन से किशन गंज स्थित अपने घर जा रहे एक 55 साल के व्यक्ति से दो आरोपितों ने बुधवार की रात को मोबाइल छीन लिया।
1 मिनट 28 सेकेंड के सीसीटीवी वीडियो में रात 10 बजकर 20 मिनट पर प्रताप नगर मेट्रो स्टेशन के पास राज कुमार (55) पुत्र गोवर्धन दास रोड के किनारे खड़े थे।

# तत्कालीन एसएचओ की सजा निलंबन मांग पर सीबीआई को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़ित युवती के पिता की पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले के दोषी माखी थाने के तत्कालीन एसएचओ अशोक कुमार भदौरिया की उस मांग पर सीबीआई को नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी की सर्जरी के लिए सजा को निलंबित करने की मांग की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 2 मार्च को उन्नाव रेप पीड़ित युवती के पिता की हत्या के मामले के जांच अधिकारी कामता प्रसाद को अपने बेटे की सगाई में शामिल होने के लिए दो हफ्ते की अंतरिम जमानत दी है।
इससे पहले 13 मार्च, 2020 को तीस हजारी कोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़ित युवती के पिता की हत्या के मामले में कुलदीप सिंह सेंगर समेत सात दोषियों को दस-दस साल की कैद और दस-दस लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई थी।
तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि जुमार्ने की ये रकम पीड़ित युवती को दी जाएगी।

### निलंबित करने की मांग

= जांच अधिकारी कामता प्रसाद को अपने बेटे की सगाई में शामिल होने के लिए दो हफ्ते की अंतरिम जमानत दी है

# शिकंजा: फर्जी पुलिसकर्मी बनकर हजारों डॉलर लूटते थे ईरानी गैंग के ठग

## आरोपित ईरान के बलूचिस्तान के मूल निवासी हैं, यहां नोएडा सेक्टर 168 में रहते थे, उनकी पहचान गोलम बहरानी उर्फ खालिद खान और मोजतबा जोलफागरी के रूप में हुई है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण** पश्चिम जिले के स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने ईरानी गैंग के दो ठगों को गिरफ्तार किया है। ठग खुद को पुलिसकर्मी बताकर लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने उनके कब्जे से 1120 यूएस डालर, 10 दिरहम, 150 यूरो, दो सेडान कारें, पुलिस विभाग के स्टीकर और पांच फर्जी नंबर प्लेट बरामद किए हैं।
आरोपित ईरान के बलूचिस्तान के मूल निवासी हैं। यहां नोएडा सेक्टर 168 में रहते थे। उनकी पहचान गोलम बहरानी उर्फ खालिद खान और मोजतबा जोलफागरी के रूप में हुई है।

**जानें पूरा मामलाः** अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने बताया कि 12 मार्च को ईरानी नागरिकता वाले शिकायतकर्ता फतीह जामा मुहम्मद फेथ वसंत कुंज साउथ थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वे महिपालपुर स्थित फाक्स एपैरेल्स शाप के पास खड़े थे कि इसी दौरान एक स्विफ्ट कार में सवार तीन-चार लोग उनके पास आए। उन्होंने खुद को पुलिसकर्मी बताया और शिकायतकर्ता से उनका बैग चेक कराने को कहा। चेकिंग के लिए जब उन्होंने अपना बैग दिया तो आरोपित उनके बैग में रखे 1680 यूएस डालर लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। छानबीन के दौरान 14 मार्च को थाना पुलिस को गुप्त सूत्रों से पता चला कि आरोपित ईरानी गैंग के थे और वे नोएडा में एक अन्य वारदात को अंजाम देने के लिए मिलने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार के साथ पुलिस ने उक्त विदेशी मुद्राएं भी आरोपितों के कब्जे से बरामद कर लिया।

**विदेशियों के सामने पुलिस बनकर लूट की वारदात को देते थे अंजामः** पूछताछ के दौरान आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे वारदातों को अंजाम देने के लिए दो सेडान कारों पर अलग-अलग फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उनका उपयोग करते थे। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर दोनों सेडान कारें, पांच फर्जी नंबर प्लेट और पुलिस विभाग के स्टीकर भी बरामद कर लिए। आरोपित वारदात को अंजाम देने से पहले कारों के नंबर प्लेट बदल देते थे और उन पर पुलिस विभाग का स्टीकर लगा देते थे। आरोपित गोलम बहरानी ने पुलिस को बताया कि वे लोग कुछ सालों पहले ईरान से दिल्ली आए थे।
इसके बाद उन्होंने ईरान के अपने कुछ जानने वाले लोगों के साथ मिलकर ईरानी गैंग बनाया था। वे ज्यादातर विदेशी लोगों के सामने खुद को पुलिसकर्मी के रूप में पेश करके उनके साथ ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। इसके लिए वे रास्तों में चलते विदेशी नागरिकों को निशाना बनाते थे।

### गिरफ्तार

= कब्जे से 1120 यूएस डालर, 10 दिरहम, 150 यूरो, पुलिस विभाग के स्टीकर और पांच फर्जी नंबर प्लेट बरामद किए हैं

## न्यूज फ्लैश

### इतिहास की सबसे निर्मम हत्याओं से जुड़ी थ्योरी और सच का पता लगाइए

**नई दिल्ली।** हिस्ट्री टीवी 18 पर शनिवार, 18 मार्च 2023 को रात 9 बजे एक नए इन्वेस्टिगेटिव स्पेशल हिस्ट्रीज ग्रेटेस्ट मिस्ट्रीज : जैक द रिपर का प्रीमियर हो रहा है। एकेडमी अवॉर्ड नॉमिनी और एमी अवॉर्ड विजेता लॉरेंस फिशबर्न द्वारा होस्ट किया गया यह स्पेशल एपिसोड 19वीं सदी के विक्टोरियन इंग्लैंड में कई महिलाओं की चौंकाने वाली हत्याओं पर केंद्रित है जो आज भी हमें हैरान और चकित कर देती हैं। घंटे भर का यह विशेष कार्यक्रम जैक द रिपर के नाम से मशहूर कुख्यात सीरियल किलर को पकड़ने की कोशिशों पर आधारित है और साथ ही यह महिलाओं की हत्याओं के पीछे जो व्यक्ति था उसकी पहचान का खुलासा करने का भी प्रयास करता है। पिक्चर इटचैपल - लंदन के ईस्ट एंड में भीड़भाड़ वाला इलाका जहाँ भारी संख्या में गरीब और सेक्स वर्कर रहते हैं। इस शो का पहला एपिसोड हमें सबसे पहले केस तक ले जाता है जहाँ सुबह-सुबह एक क्षत-विक्षत शव मिलता है जिसे देखकर ही पता चल जाता है कि किसी की निर्मम हत्या की गई है। कुछ ही हफ़्तों के अंदर चार अन्य महिलाओं की भी लगभग इसी तरह से मौत हो जाती है। एक्सपर्ट्स इन अलग-अलग घटनाओं में पीड़ितों के गले पर धारदार हथियार से हमलों से लेकर, पेट, कमर और जननांगों पर घावों के साथ-साथ आंतरिक अंगों और चेहरे की दशा देखकर इन अलग-अलग केस को जोड़कर देखने की कोशिश करते हैं।

कार्यक्रम में ऐसे इतिहासकारों, लेखकों और जासूसों से बातचीत की गई है जो इन हत्याओं की छानबीन करके रहस्यमयी केस के अलग-अलग पहलू पर नजर डालते हैं और उपलब्ध सबूतों और अलग-अलग थ्योरी को समझकर हत्यारे और उसके मोटिव से पर्दा हटाने का प्रयास करते हैं। ऐसे विभिन्न सबूतों में से एक था प्रसिद्ध "डियर बॉस" लेटर, जिसके चलते इस हत्यारे की एक सार्वजनिक छवि का निर्माण हुआ और लोग हत्यारे को वासना से लिप्त एक भ्रष्ट व्यक्ति के रूप में देखने लगे जो निर्मम हत्या करने के बाद अंग काटने में भी संकोच नहीं करता था। इसी के चलते व्हाइटचैपल हत्याओं को जैक द रिपर के पीड़ितों के रूप में जाना जाने लगा। भय और चिंता के माहौल में इन हत्याओं ने बड़ी तेजी से सुर्खियां बटोरीं और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों की एक तस्वीर भी पेश की! साथ ही ईस्ट एंड में बदतर होती जा रही परीस्थितियों के समाधान की ओर ध्यान आकर्षित किया गया।

### बायजूस और स्माइल फाउंडेशन ने साझेदारी की

**नई दिल्ली।** सुविधा से वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पढ़ाई के समान अवसरों की मदद से शिक्षित करने एवं उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य के साथ, बायजूस की सामाजिक प्रभाव वाली पहल एजुकेशन फॉर ऑल ने भारतीय विकास संस्थान स्माइल फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। इस भागीदारी की संकल्पना अनेक शहरों में लागू की जाने वाली पहल के तौर पर की गई है जिसका लक्ष्य शहरी और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले सुविधा से वंचित स्टूडेंट्स को 25,000 से अधिक लाइसेंस वितरित करना है। वर्तमान में यह कार्यक्रम दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक जैसी अन्य जगहों में फैला हुआ है और इस साझेदारी का उद्देश्य सरकारी स्कूलों और कम लागत वाले निजी स्कूलों में पढ़ रहे 6-18 आयु वर्ग के स्टूडेंट्स को विश्व स्तरीय डिजिटल शिक्षा कार्यक्रमों तक पहुँच उपलब्ध कराना और उन्हें सशक्त बनाना है। इस साझेदारी के अंतर्गत बायजूस द्वारा स्टूडेंट्स को उच्च गुणवत्ता वाले, टेक्नोलॉजी पावर्ड शिक्षण कार्यक्रम पेश किए जाएंगे और इसके लिए उन्हें मुफ्त स्ट्रीमिंग लाइसेंस और एंड्रॉइड बॉक्सेस से सुसज्जित स्मार्ट क्लासरूम्स उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे स्टूडेंट्स को विशेष रूप से तैयार की गई सामग्री तक पहुँच प्राप्त करना और एक इंटरैक्टिव शिक्षा अनुभव पाना संभव हो सकेगा और इस तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और डिजिटल पहुँच के बीच की कमी को पूरा किया जा सकेगा।

### जोनल नेटबॉल टूर्नामेंट में ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली के छात्र चमके

**नई दिल्ली।** ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, द्वारका -19, दिल्ली के छात्रों ने हाल ही में दिल्ली शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित अंडर -14 बॉयज जोनल नेटबॉल टूर्नामेंट में पहला स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट में अंडर-19 लड़कों ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि अंडर-17 लड़कियों ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया। क्वालिफाइंग राउंड के बाद सेमीफाइनल और फाइनल राउंड हुए, जिसमें देश भर के स्कूलों से कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई। टूर्नामेंट में 27 से अधिक जोन ने भाग लिया। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल रचना जुनेजा ने कहा, हमें अपने छात्रों पर बहुत गर्व है। छात्रों ने अनुशासन की एक प्रशंसनीय भावना का प्रदर्शन किया और स्कूल का नाम रोशन किया है। इस टूर्नामेंट के शाम का समापन छात्रों के चेहरों पर गर्व और उपलब्धि के भाव के साथ हुआ क्योंकि वे अपने साथ अपनी ट्राफियां और पदक लिए हुए थे।" ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में नेटबॉल कोच श्री अनिल खत्री ने कहा, "मुझे अपने सभी छात्रों पर बहुत गर्व है। उन्होंने हर दिन कड़ा अभ्यास किया और मुझे खुशी है कि वे विजयी भी हुए। मैं उन्हें भविष्य में शुभकामनाएं देता हूं, और मुझे यकीन है कि उन्होंने न केवल ऑर्केडियंस बल्कि स्कूलों के छात्रों को खेल खेलने और सीखने के लिए प्रेरित किया है। हम और अधिक टूर्नामेंटों की प्रतीक्षा कर रहे हैं जो मेरे छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेंगे।

# जिले की राजनीति में आयाराम-गयाराम का खेल शुरू

## पूर्व विधायक चौधरी मूलाराम परिवार ने जननायक जनता पार्टी को कहा अलविदा, थामा कांग्रेस का दामन

**एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**



**चुनावी** बिगुल अभी बजा भी नहीं कि जिला महेन्द्रगढ़ की राजनीति में दल बदलने का क्रम शुरू हो गया है। जेजेपी में इसकी शुरूआत हो चुकी है, हालांकि कुछ ही दिनों पहले बीजेपी से अलविदा होकर पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा ने कांग्रेस का दामन थामा था , लेकिन बीती सांय घटे घटनाक्रम ने जननायक जनता पार्टी को गहरा आघात पहुंचाया है । पार्टी छोड़ने वालों में पूर्व विधायक चौधरी मूलाराम , उनकी पत्नी मंजु चौधरी और उनके पुत्र जेजेपी के जिला युवा प्रधान अभय सिंह शामिल रहे। बतादें कि अतीत में गुर्जर बाहुल्य क्षेत्र के अलावा इस परिवार का अन्य हलकों में भी प्रभाव माना जाता रहा है । इस परिवार से एक बार मंजु चौधरी ओर एक बार खुद मूलाराम इंडियन नेशनल लोकदल और जेजेपी के सिंबल पर हल्का नांगल चौधरी से चुनावी रण में आने के बाद भी हार का सामना करने पर विवश हुऐ थे , लेकिन इस परिवार ने जन संपर्क कायम रखते हुए अपने राजनैतिक वजूद को जिंदा रखने के प्रयास जारी रखे । नतीजन यह संभावना जताई जा रही थी कि आगामी विधानसभा चुनाव में इस परिवार का कोई सदस्य एक बार फिर नांगल चौधरी विधानसभा के लिए जोर आजमाइश कर सकता है । वहीं राजनैतिक गलियारों में चर्चा थी कि यह परिवार दल बदलते हुए कांग्रेस का भी दामन थाम सकता है ओर हुआ भी वही बीती सांय परिवार के सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भुपेंद्रसिंह हुड्डा के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे तथा सांसद दीपेंद्र हुड्डा से मुलाकात करते हुए कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया । कहने को तो जननायक जनता पार्टी के अधिकांश कार्यकर्ता यही बात दोहरा रहे हैं कि कोई फर्क नहीं पड़ेगा , लेकिन जमीनी हकीकत से रूबरू होने पर एक बात जरूर सामने आई है कि बेशक जननायक जनता पार्टी को मूलाराम परिवार के पार्टी छोड़ने से कोई फर्क पड़ता नजर नहीं आ रहा , लेकिन एक बात तय है कि पार्टी ने नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र से अपने जनाधार को अवश्य खोया है । अब पेंच कांग्रेस में भी फसता नजर आ रहा है , चूंकि हालिया दौर में जो आया राम गया राम का खेल शुरू हुआ , इसके पीछे सिर्फ नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र की टिकट हासिल करना ही नजर आ रहा है । एक तरफ पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के जरिए विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क शुरू कर चुके, वहीं अब उनके प्रतिद्वंद्वी के रूप में मूलाराम परिवार भी मैदान में आने का मन बना चुका है । अब कांग्रेस नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र से किस चेहरे पर दांव आजमाते हुए जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी , यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इतना निश्चित है कि इस दल बदलने के खेल में यदि कोई टिकट हासिल करने की दौड़ में पिछड़ा तो वही पार्टी के लिए सिरदर्द बन सकता है ।

# फोर्टिफाइड चावल के जरिये करेंगे एनीमिया की चुनौती का सामना

## अभियान चला कर फोर्टिफाइड चावल को लेकर बनी भ्रांतियों को किया जाएगा दूर



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**फोर्टिफाइड** चावल में गुण हजार हैं, लेकिन उतनी ही इसे लेकर जनमानस में भ्रांतियां भी हैं। इन भ्रांतियों को दूर करने के लिए समग्र अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में सेव फूड शेयर फूड एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों में फोर्टिफिकेशन हेतु जनपद स्तर पर खाद्य कारोबारियों के साथ समीक्षा एवं सुझावों का आदान प्रदान किया गया। । भारत में आयोडीन युक्त नमक जो कि एक प्रकार का फोर्टिफाइड भोजन भी है, के सेवन से आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों और गोइटर जैसी बीमारियों के प्रसार में कमी आई है। थोड़े समय में एनीमिया की समस्या को हल करने के लिए चावल का फोर्टिफिकेशन भी एक व्यवहार्य निवारक है। आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी 12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को जोड़ने की एक प्रक्रिया चावल फोर्टिफिकेशन, एनीमिया की चुनौती को दूर करने के लिए एक प्रभावी निवारक और लागत प्रभावी पूरक रणनीति है। जिन्होंने एनीमिया को दूर करने के लिए एक प्रभावी हस्तक्षेप के रूप में फोर्टिफाइड चावल की प्रभावकारिता को साबित किया है। फोर्टिफिकेशन भोजन में आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों यानी विटामिन और खनिज (ट्रेस तत्वों सहित) की मात्रा बढ़ाने की प्रक्रिया है, ताकि इसकी पोषण गुणवत्ता में सुधार हो सके और स्वास्थ्य के लिए न्यूनतम जोखिम के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा सके। खाद्य फोर्टिफिकेशन को शीर्ष तीन प्राथमिकताओं में से एक माना जाता है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे, सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. गौरी शंकर, वरिष्ठ लिपिक सत्यप्रकाश सारस्वत, खाद्य कारोबार मुकेश वार्ष्णेय, मुकेश कुमार, विनीत रमन, रूप किशोर, शंकर सहित विभिन्न व्यापारियगण उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली में होगा शामिलः** फोर्टिफाइड चावल के सेवन के लाभों के बारे में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम बनाने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है। फोर्टिफाइड चावल के बारे में मिथकों और भ्रांतियों के बारे में जागरूक करें।

### जलभराव से परेशान लोगों ने घेरा नगर पालिका कार्यालय

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** शहर के कमला नगर इलाके की जल निकासी न होने से हालात नारकीय बने तो लोगों ने पालिका का घेराव कर समाधान की मांग कर डाली। जनता का आक्रोश देख पालिका अधिकारी भी पुलिस प्रशासन और बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचे और नाले पर बने अवरोधों को दूर कर गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित की। साथ ही पक्के अतिक्रमणों को हटाकर नाले निर्माण का आश्वासन दिया है। हाईवे किनारे बसी कमलानगर कालोनी में पिछले काफी दिनों से नालियों के गंदा पानी रास्तों में खडा था। जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा था। पालिका से शिकायत की तो नाले को अवरूद्ध पाया। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने पल्ला झाड लिया। गुरुवार को मामले को लेकर कालोनीवासियों में समस्या से आक्रोश फैल गया। तमाम लोग एकत्रित होकर पालिका पहुंचे और अधिकारियों का घेराव कर नारेबाजी करते हुए समस्या के तत्काल समाधान की मांग उठाई। कार्यकारी अधिशासी अधिकारी योगेंद्र शर्मा ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और तत्काल भारी मात्रा में पुलिस फोर्स एवं पालिका की टीम को लेकर मौके पर पहुंच गए।

# थाना के पास हुई चोरी की वारदात , बशीरपुर गांव में एक दुकान को बनाया निशाना

## सीसीटीवी में कैद हुआ चोर, नारनौल में भी हुई थी दो जगह चोरी की घटना

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**जिले** में चोरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है । आए दिन कहीं ना कहीं चोरी द्वारा वारदात की जाती है। अचरज की बात तो यह है निजामपुर कस्बे में पुलिस थाने से महज 200 मीटर दूर एक दुकान में बीती रात चोरी हो गई। इसी रात गांव बसीरपुर में भी एक दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। एक दिन पूर्व नारनौल के मोहल्ला मिश्रवाड़ा में भी चोरों ने दो दुकानों को अपना निशाना बनाया था। निजामपुर कस्बा और गांव बसीरपुर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दो जगह से हजारों रुपए की नकदी चुरा ली। कस्बा निजामपुर में चोरों ने रेलवे स्टेशन के पास एचडीएफसी बैंक के सामने एक दुकान को अपना निशाना बनाया जो कि थाने से मात्र 200 मीटर की दूरी पर है । जहां पर अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे करीब 23 सौ रुपए चुरा लिए। पीड़ित दुकानदार गांव पवेरा निवासी रामनिवास ने पुलिस में दी शिकायत में बताया है कि उसने रेलवे स्टेशन के पास किराना ठंडा पेय की दुकान की हुई है। रात्रि में दुकान बंद करके अपने घर पर गया था। सुबह आकर देखा तो उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। जब उसने सामान चेक किया तो गले में रखे करीब 2300 रुपए गायब मिले। वहीं दूसरी ओर गांव बसीरपुर में भी अज्ञात चोरों ने रणधीर नामक व्यक्ति की दुकान का ताला तोड़कर उसके यहां से भी रुपए चुरा लिए। दोनों शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किसानों ने निर्माण कार्य रुकवाया, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## ज्ञापन के जरिये समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**



**गांव सकीतरा** एवं हरीपुरा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग के किनारे से लगा हुआ है। यहां सर्विस एवं लिंक रोड बनाने का काम चल रहा है। इससे श्रद्धालुओं का आवागमन सुलभ होगा। यहां निमार्णाधीन सर्विस रोड पर निर्माण कार्य के लिये सम्बंधित कार्यदायी संस्था के लोग मशीनरी के साथ पहुंचे तो दर्जनों किसानों ने विरोध जाहिर करते हुए काम रुकवा दिया। काम रुकवाने के बाद मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी को लिखित शिकायत देकर संबंधित अधिकारी तक पहुंचाने को कहा। उसके बाद सभी किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और गोवर्धन एसडीएम से मिलकर समस्या से एक बार फिर अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। इससे पहले गोवर्धन पर्वतराज स्थित छोटी परिक्रमा मार्ग किनारे निमार्णाधीन सर्विस रोड निर्माण कार्य को नाराज किसानों ने अपना विरोध प्रकट कर कार्य को रोक दिया। उसके बाद सभी पीड़ित किसान गोवर्धन तहसील एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे जहां गोवर्धन एसडीएम कमलेश गोयल से मिलकर ज्ञापन सौंपा। पीड़ित किसानों ने ज्ञापन के जरिये कब्जा परिवर्तन मेड़बंदी व पैमाइश की समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।

# निगम बिजली की पूर्ण आपूर्ति करें : विधायक

## विधायक ने बिजली दफ्तर पहुंचकर किया निरीक्षण व बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने के दिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने कहा कि भीषण गर्मी से पहले ही यूएचबीवीएन सोनीपत में बिजली की पूर्ण आपूर्ति को सुनिश्चित करे। भीषण गर्मी शुरू होते ही बिजली की डिमांड भी बढ़ जाती है, लेकिन विभाग बिजली की आपूर्ति पूरी नहीं कर पाता। इसकी वजह से आमजन को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है, यहां तक की पशुओं के लिए भी पेयजल संकट गहरा जाता है। इसलिए बिजली निगम का प्रत्येक अधिकारी अपने क्षेत्र में बिजली की सप्लाई या अन्य कोई समस्या है तो उसे समय से पहले दूर कर ले। विधायक सुरेंद्र पंवार बृहस्पतिवार को ओल्ड डीसी रोड स्थित बिजली निगम कार्यालय में निरीक्षण करने पहुंचे थे, इस दौरान उन्होंने एसई बिजली निगम को सोनीपत शहर में बिजली की पूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**दिशा-निर्देश**

= शहर में उन स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां पर तार कमजोर हो चुके है, इन्हें भी जल्द बदला जाएगा

विधायक सुरेंद्र पंवार को एस.ई बिजली निगम सोनीपत ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए 6 नए फीडर शुरू किए गए है, जिससे लाइन पार की कई कालोनियों के साथ-साथ शहर की अन्य कालोनियों में बगैर किसी व्यावधान के बिजली आपूर्ति करने में सहायता मिलेगा। इसके साथ ही 53 नए ट्रांसफार्मर एड किए जा चुके है। शहर में उन स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां पर तार कमजोर हो चुके है, इन्हें भी जल्द बदला जाएगा।

### मथुरा में दो युवतियों के फंदे पर लटके मिले शव

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
नौहझील और सुरीर क्षेत्र में दो युवतियों के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले हैं। दोनों युवतियों के परिजन दूसरे प्रदेश से यहां ईंट भट्टों पर मजदूरी करने आए थे। घटनाओं में पुलिस प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग और आत्महत्या की बात कह रही है, जबकि परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। नौहझील थाने में तैनात इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असलियत का पता चल सकेगा। अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जायेगी। हफ्तेभर पहले लड़की से छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया था। हर बिंदु से मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जायेगी। लड़की हाथ पर कुछ लिखकर गई है उसके आधार पर भी जांच की जा रही है।

# सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**उपायुक्त** उद्योग रामेन्द्र कुमार ने अवगत कराया है कि मथुरा के सभी ब्लॉक में 22 मार्च से 27 मार्च तक सैनिक सुरक्षा जवान और सैनिक सुरक्षा सुपरवाइजर व एसआईएस अधिकारी सेवा के लगाए जाएंगे। मथुरा जिले के समस्त ब्लॉक लेवल पर एसआईएस सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड न्यू दिल्ली के द्वारा सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र मे अपना भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर है। भर्ती अधिकारी पी.एन मल्लिक व राकेश चौधरी ने देते हुए बताया है कि भर्ती के लिए सुरक्षा जवान की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल व इंटरमीडिएट, लम्बाई 167.5 सेमी और सुरक्षा सुपरवाइजर की लम्बाई 170 सेमी व उम्र 21 से 37 वर्ष एवं वजन 56 से 90 किग्रा होना चाहिए। नौकरी के दौरान मिलने वाली सुविधाएं जैसे पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, पेंशन, मेडिकल इंश्योरेंस, बोनस और 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी मिलेगी। प्रशिक्षण के उपरांत लाल किला दिल्ली, एम्स हॉस्पिटल दिल्ली, आरएमएल हॉस्पिटल दिल्ली, सफदरजंग हॉस्पिटल दिल्ली, एलआईसी ऑफिस दिल्ली, कुतुब मीनार दिल्ली, मेरठ इंडस्ट्रीज एरिया, यमुना एक्सप्रेस आगरा टोल टैक्स, ताजमहल, लाल किला आगरा, फतेहपुर सीकरी दरगाह आगरा, धार्मिक स्थल, अस्पताल, बैंक, एयरपोर्ट, मेट्रो, होटल एवं निजी इंडस्ट्रीज में ड्यूटी दी जायेगी।

# वृंदावन में भगवान रंगनाथ के विशाल रथ को खींचने उमड़ा सैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**वृंदावन** के रंगनाथ मंदिर के ब्रह्मोत्सव में गुरुवार को भगवान गोदा रंगमन्नार ने दिव्य रथ पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। रथ को खींचकर श्रद्धालु धन्य हुए। इससे पूर्व सुबह को रंगनाथ मंदिर के पुरोहितों के निर्देशन में वैदिक रीति रिवाजों और विधान पूर्वक दिव्य रथ का छत्र कलश पूजन किया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भगवान गोदा रंगमन्नार को दिव्य रथ में विराजमान कराया गया। करीब 15 फीट चौड़ा, 20 फीट लंबे व 60 फीट ऊंचे रथ की छवि देखते ही बन रही थी।



श्री रंगनाथ मंदिर दिव्य देश के ब्रह्मोत्सव में गुरुवार को ठाकुर गोदा रंगमन्नार भगवान चंदन निर्मित विशालकाय रथ पर विराजमान होकर भक्तों को धन्य करने निकले। वैदिक परंपरा अनुसार सुबह ब्रह्म मुहूर्त में ठाकुर रंगनाथ भगवान श्री देवी, भूदेवी के साथ निज गर्भगृह से पालकी में विराजमान होकर ज्योतिष गणना अनुसार मीन लग्न में दिव्याकर्षक रथ में विराजित हुए तो रंगनाथ भगवान के जयजयकार से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। लगभग एक घंटे की पूजा प्रक्रिया के बाद जैसे ही सात कूपे का धमाका व काली के स्वर ने रथ के चलने का संकेत किया। भक्तों का उत्साह दोगुना हो गया। रंगनाथ भगवान के जयकारे लगाकर विशालकाय रथ को खींचने की होड़ सी लग गयी।

### तस्करी हो रही दो लाख की शराब पकड़ी

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस ने गैर प्रान्त से अवैध शराब की तस्करी करने वाले शराब तस्करों को 1110 टैट्रा पाउच (200 लीटर, कुल कीमत लगभग दो लाख रुपये) अवैध अंग्रेजी शराब राजस्थान मार्का के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद शराब राजस्थान प्रदेश की है। शराब के परिवहन में प्रयुक्त बिना नम्बर की स्विफ्ट डिजायर कार को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। अकबरपुर पुल के पास चेकिंग में जुटी टीम को सूचना मिली कि बिना नंबर प्लेट की सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार से अवैध शराब भरकर कोसी छाता की तरफ से आ रही है। पुलिस चैकी केडी के पास दिल्ली मथुरा रोड एनएच 19 पर बैरियर लगाकर चैकिंग की गई।

# विद्यालयों के गेट पर बिक रहे गुटखा तंबाकू का खरीददार कौन, जिम्मेदार मौन!

## शासनादेश में 200 मीटर के दायरे में प्रतिबंधित हैं गुटखा तंबाकू की बिक्री

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**शिक्षण संस्थानों** की लापरवाही से शासनादेश के विपरीत विद्यालयों के गेट पर गुटखा तंबाकू की दुकानें संचालित हो रही हैं। इससे छात्र छात्राओं के जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। इस ओर शिक्षण संस्थाओं का कोई ध्यान नहीं है। उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग के शासनादेश में शिक्षण संस्थान, स्कूल, कॉलेज के 200 मीटर के दायरे में मादक पदार्थ शराब, भांग, गुटखा, तंबाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था।



गोवर्धन क्षेत्र में शिक्षण संस्थान संचालकों की लापरवाही से शिक्षण संस्थान के गेट पर गुटखा, तंबाकू की दुकानें संचालित हैं। गोवर्धन में सरकारी नॉरमिल स्कूल, दानघाटी मंदिर द्वारा संचालित इंटर कॉलेज, आदर्श कामिनी, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, मुरारी कुंज, जतीपुरा के श्रीजी बाबा इंटर कॉलेज, राधाकुंड में आदि गौड़ विद्यालय के नजदीक गुटखा, तंबाकू की दुकानों पर खुलेआम बिक्री हो रही है। गुटखा तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। युवा पीढ़ी नशे की आदि होती जा रही है। इसका प्रमुख कारण जागरूकता का अभाव है। गोवर्धन के ज्यादातर विद्यालयों के गेट पर गुटखा तंबाकू की दुकानें चल रही हैं। कॉलेजों में केंटीन पर गुटखा की बिक्री हो रही है।

# पुलिस ने आरोपी जवान को कश्मीर से किया काबू

## छेड़छाड़ के विरोध पर युवतियों को बाइक से गिराया था जिसमें एक की हो गई थी मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**गांव** गोपालवास निवासी महिला से छेड़छाड़ व धक्का मारने पर गिरी महिला के मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी सीआरपीएफ जवान नवीन को मंगलवार शाम को जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार किया है। आरोपी नवीन को मौके पर ले जाकर जहां यह घटना घटी हुई थी वहां पर शिनाख्त की गई। शिनाख्त करने बाद आरोपी को गुरुवार को उसे वारदात स्थल पर ले जाकर छानबीन की गई। वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद हो गई। उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां पर न्यायाधीश ने 14 दिन जेल भेज दिया। यहां बता दे कि बाइक सवार द्वारा युवतियों को लिफ्ट



देकर छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर युवतियों को चलती बाइक से धक्का देने से गिरकर एक युवती की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती की शिकायत पर सतनाली थाना पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। मृतका दादरी जिले के गांव गोपालवास की निवासी है तथा अपनी बहन के साथ सतनाली सामान लेने आ रही थी। हादसे में 28 वर्षीय मोनिका की मौत हो गई जबकि 26 वर्षीय ममता घायल हो गई। गांव गोपालवास निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रविवार को वह अपनी चचेरी बहन के साथ सतनाली आ रही थी। इसी दौरान गांव का ही नवीन वहां से गुजर रहा था। नवीन ने उनसे कहा कि वह सतनाली जा रहा है चलोगे क्या। इसके बाद वह दोनों बाइक पर सवार हो गई। सतनाली की ओर कुछ दूरी पर चलते ही नवीन उनके साथ छेड़छाड़ करने लगा तथा गलत भाषा का प्रयोग करने लगा। इसका विरोध करने पर सतनाली व गोपालवास के बीच में ही युवक ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद मोनिका की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 26 वर्षीय ममता घायल हो गई थी। आरोपी सीआरपीएफ में तैनात है। वारदात के बाद वह जम्मू-कश्मीर फरार हो गया था। सतनाली थाना पुलिस वहां पहुंची और उसे गिरफ्तार कर महेंद्रगढ़ लौटी । उससे वारदात स्थल की पहचान कराई गई। वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई। गुरुवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनकर भावविभोर हो गए भक्त







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विहिप नरेला** जिला द्वारा आयोजित हिंदू नववर्ष महोत्सव के दूसरे दिन 51 कुंडी महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचार के साथ किया गया। वहीं, साध्वी ऋतंभरा के मुखारविंद से सती प्रसंग शिव पार्वती विवाह प्रसंग सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। महारुद्र यज्ञ में समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा व उनकी धर्मपत्नी मुख्य यजमान बने। विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला द्वारा नरेला के रामलीला ग्राउंड में हिंदू नववर्ष महोत्सव का आयोजन 15 से 22 मार्च तक किया जा रहा है। हिंदू नववर्ष महोत्सव के अंतर्गत सात दिवसीय दिव्य राम कथा, विशाल श्री राम बारात, खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव, विशाल कवि सम्मेलन आदि का आयोजन किया जा रहा है। हिंदू नव वर्ष महोत्सव के दूसरे दिन 51 कुंडीय महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को वैदिक मंत्रोचार के साथ किया गया।

महारुद्र यज्ञ में समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा व उनकी धर्मपत्नी मुख्य यजमान रहे। महारुद्र यज्ञ के लिए यज्ञशाला में 51 हवन कुंड बनाए गए है। जिन पर यजमानो ने परिवार के सदस्यों के साथ विधिवत वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन पूजन कर आहुति डाली और यज्ञशाला की परिक्रमा की। यज्ञ में विद्वान ब्राह्मणों ने सभी 51 यजमानो की विधिवत पूजा अर्चना कराकर उन्हें यज्ञ मंडप में प्रवेश कराया और कहां की महारुद्र के आशीर्वाद से सभी के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। जीवन में कोई भी गलती हो जाए तो महारुद्र मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं। इसके बाद सात दिवसीय दिव्य राम कथा के दूसरे दिन साध्वी ऋतंभरा ने अपने मुखारविंद से सती प्रसंग श्री शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया इसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा सुनने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे थे देर शाम तक चली दिव्य राम कथा में हर तरफ भक्ति का माहौल छाया रहा। बीच-बीच में जयघोष से पूरा पंडाल गुंजायमान होता रहा। इस दौरान भारी संख्या में भक्तजनों की उपस्थिति रही।









## धीरपुरः पार्षद नेहा अग्रवाल ने सफाई व्यवस्था को लेकर मेयर को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**धीरपुर वार्ड** से आम आदमी पार्टी की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने वार्ड की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर दिल्ली नगर निगम की मेयर शैली ओबरॉय और डिप्टी कमिश्नर बीपी भारद्वाज को पत्र लिखा। पार्षद नेहा अग्रवाल ने वार्ड क्षेत्र में साफ-सफाई व अन्य सफाई व्यवस्था से जुड़े सामानों को लेकर भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।



**मेयर पत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठायाः** निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने पत्र में लिखा है कि वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। हर जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। नेहा अग्रवाल ने आगे लिखा कि साफ-सफाई व्यवस्था की बदहाल स्थिति के लिए सफाई कर्मचारियों के पास सामान नहीं है, जिससे वार्ड में गंदगी का आलम है।

**पार्षद ने पत्र में विभिन्न सामानों का भी जिक्र कियाः** पार्षद नेहा अग्रवाल ने पत्र के माध्यम से सैनटरी इंस्पेक्टर व अन्य कर्मचारियों से बात करके वार्ड में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न जरूरी सामानों की मांग रखीं जैसे कि अभी वार्ड में व्हील बारो 17 हैं और 21 की जरूरत है, वहीं वार्ड में 10 हाथगाड़ी और 32 की जरूरत है। साथ ही 19 ट्राई-साईकिल रिक्शा की भी जरूरत है। पार्षद नेहा अग्रवाल ने पत्र के माध्यम से कहा कि सफाई कर्मचारियों को उपरोक्त सभी सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए जल्द से जल्द मुहैया कराया जाएं ताकि वार्ड में गंदगी का आलम न हो।

## मंगोलपुरीः प्रशासन की अनदेखी...





मंगोलपुरी इंडस्ट्रीयल एरिया के फुटपाथ पर रोजाना शाम को जूतों का बाजार लगने से लोगों को परेशानी होती है, साथ ही हुंडई कंपनी के सामने वाले फुटपाथ पर मोटर साईकिल खड़ी है। जिस पर एमसीडी अधिकारी व प्रशासन नहीं दे रहा है ध्यान।

## भारतीय जनता पार्टी ने देश में विकास करके दिखाया: जितेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भलस्वा** मंडल के भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप देश में विकास देख रहे है, इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा को जाता है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि आज भाजपा के राज में शहरों सहित गांव की दशा व दिशा में काफी सुधार हुआ है। जिससे ग्रामीण लोग भी भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री ढीका ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और



उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने बच्चों की रक्षा करते है। उन्होंने आगे बताया कि आज हम इमारते बनने के चक्कर में पेड़ काटते तो जा रहे है लेकिन पेड़ लगाने पर कम ध्यान दे रहे है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें।



दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित न्याय अधिकार महाकुंभ के दौरान अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, कोली/कोरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर खेमचंद कोली, यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राज बहादुर यादव, अभय यादव व अन्य

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया उपराज्यपाल निवास का घेराव

### राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पूछे गए सवालों पर प्रधानमंत्री मोदी ने कोई जवाब क्यों नही दिया: चौधरी अनिल कुमार







**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के नेतृत्व चलो राजभवन अभियान के तहत सैंकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अडानी महाघोटाले की जांच के लिए जेपीसी गठन की मांग को लेकर उपराज्यपाल निवास का घेराव किया। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने अडानी समूह को फायदा पहुंचाने की जन विरोधी नीति के चलते जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक के करोड़ों निवेशकों की लाखों करोड़ की राशि डूब रही है और प्रधानमंत्री देश की जनता को जवाब देने की बजाय अडानी पर चुप्पी साधे हुए है। प्रदर्शनकारियों में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के अलावा पूर्व सांसद



रमेश कुमार, पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक व कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, अल्का लांबा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणविजय लोचव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अमृता धवन, वरिष्ठ डा. नरेश कुमार, कमलकांत गोस्वामी, जिला अध्यक्ष राजेश चौहान, सतबीर शर्मा, मनोज यादव, विष्णु अग्रवाल, जुबैर अहमद, धर्मपाल चंदेला, और आदेश भारद्वाज, अध्यक्ष खेमचंद सैनी, कपूर सिंह सिसोदिया, देवेंद्र काकू, ईश्वर बागड़ी, नीतू तोमर, सुजीत कुमार, पीएस रावत, देवेंद्र शर्मा, चौधरी शैलेंद्र बल्लू पहलवान, नेत्र पाल, कैलाश प्रधान, स्नेह शास्त्री, धर्मेंद्र भैया, निगम पार्षद जरीफ, लीगल सेल चेयरमैन एडवोकेट सुनील, राजेश गर्ग, वाईस चेयरमैन अनुज आत्रेय, अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अब्दुल वाहिद हिदाय तुल्लाह, पूर्व निगम पार्षद पुष्पा सिंह और मीर सिंह सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, सेल एवं प्रकोष्ठों और ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी भारी संख्या में मौजूद थे। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लेकर मोदी-अडानी भाई-भाई, देश बेच खा गए मलाई, जे.पी.सी. का गठन करो-गठन करो आदि नारे लगा रहे थे। चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि अडानी घोटाले में जहां देश की आर्थिक स्थायित्व की दो संस्थाएं एल.आई.सी. और एस.बी.आई. डूबने स्थिति में पहुॅचाने वाले अडानी के बावजूद पीएम का विदेश जाना और वहां अडानी को नए बिजनेस डील मिलना कोई संयोग नही मोदी सरकार का प्रयोग हैं।

### अरविन्द केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें: चौधरी अनिल कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि कि शराब घोटाला हो, डीटीसी घोटाला हो और अब फीडबैक यूनिट जासूसी मामला मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के इशारे पर हुए तमाम भ्रष्टाचारों पर सीबीआई कांग्रेस द्वारा उजागर करने पर मामलों पर एफ.आई.आर. दर्ज करके कार्यवाही कर रही है। कांग्रेस नेताओं द्वारा उपराज्यपाल के समक्ष फीडबैक यूनिट के द्वारा जासूसी कराने के मामले आपत्ति दर्ज कराई जिस पर शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद मनीष सिसोदिया पर आरोपी नम्बर 1 के रुप में एफ.आई.आर. दर्ज करने के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ गई है। अनिल कुमार ने कहा कि सीबीआई ने दिल्ली सरकार की 2015 में तैयार की गई फीडबैक यूनिट में कथित अनियमितताओं को लेकर सिसोदिया पर नया मामला दर्ज किया, क्योंकि इसके तहत विपक्ष पर जासूसी कराने का आरोप है और यूनिट में भर्ती के लिए केन्द्र सरकार से अनुमति नहीं ली गई। दिल्ली सरकार के अंतर्गत हो रहे एक के बाद एक भ्रष्टाचारों की जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा दें।

# हैफेड ने पानीपत अनाज मंडी में की 913 क्विंटल सरसों की खरीद

## पहले दिन खरीदी गई सरसों के लिये बारदाना नहीं आने पर किसानों को हुई परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हैफेड ने** पानीपत अनाज मंडी में बुधवार से सरसो की खरीद शुरू की है और पहले दिन 236 क्विंटल सरसो की खरीद की गई। लेकिन हैफेड का बारदाना नहीं आने से किसानों को सारी रात अपनी सरसो की रखवाली करनी पड़ी। वहीं बृहस्पतिवार को आढ़तियों को पहले दिन खरीदी गई सरसो के लिये बारदाना मिला और बृहस्पतिवार को दोपहर बाद सरसो का तोल हो पाया। जबकि पानीपत मंडी में बृहस्पतिवार को दोपहर बाद हैफेड द्वारा एक ही दिन में 913 क्विंटल सरसो की खरीद की गई है। दूसरी तरफ किसानों का कहना है कि सरसो में नमी के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। सरसो की जो अच्छी ढेरी होती है, उसको तो खरीद लिया जाता है जबकि बाकि सरसो की खरीद नहीं की जा रही है। अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान एवं एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मबीर मलिक ने कहा कि हैफेड द्वारा अच्छी सरसो की तो खरीद की जा रही है और बाकि सरसो को कौन खरीदेगा। इससे किसानों को मजबूरन औने-पौने दामों में अपनी सरसो को बेचना पड़ेगा।



इसलिये सरकार से मांग है कि किसानों की सारी सरसो की खरीद एमएसपी पर की जाये। वहीं धर्मबीर मलिक सहित अन्य आढ़तियों ने कहा कि हैफेड द्वारा सरसो की खरीद के बाद उसमें कितना तेल निकलता है, इसके लिये आढ़ती जिम्मेवार नहीं होगे। बता दे कि मापदंडों के अनुसार हैफेड द्वारा 8 प्रतिशत नमी वाली सरसो की खरीद की जाएगी और उसमें ऑयल कांटेंट यानि तेल की मात्रा एक क्विंटल सरसो में 39 से लेकर 42 लीटर होनी चाहिये। तेल की इस मात्रा का आढ़ती विरोध कर रहे है और आढ़तियों का कहना है कि खरीद के बाद सरसो में कितना तेल निकलता है, इसके लिये आढ़ती जिम्मेवार नहीं होगे। धर्मबीर मलिक ने बताया कि उनको आढ़त तो मात्र सवा प्रतिशत मिलनी है और सरसो की खरीद के बाद यदि हैफेड यह कहता है कि इसमें तेज कम निकला है तो उससे आढ़तियों का कोई लेना-देना नहीं है।

# नई अनाज मंडी में 21 मार्च को होगा राष्ट्रवादी महासम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यालय में राकांपा के प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष मराठा वीरेंद्र वर्मा ने शिरकत की। बैठक में मराठा वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि राकांपा द्वारा 19 मार्च को नई अनाज मंडी में होने वाला राष्ट्रवादी महासम्मेलन अब 21 मार्च को नई अनाज मंडी में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि सभी एक बात से भलीभांति परीचित हैं कि 19 मार्च को महाराष्ट्र में रायगढ़ किला में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। सभी विपक्षी दल उसमें भाग ले रहे हैं। इस जयंती समारोह में एनसीपी राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी को लेकर अब करनाल की नई अनाज मंडी में होने वाला राष्ट्रवादी महासम्मेलन 19 मार्च की बजाए 21 मार्च दिन को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में राष्ट्रवादी महासम्मेलन में पहुंचने की अपील की। उन्होंने बताया कि महासम्मेलन को लेकर कार्यकताओं की पूरी तैयारी है और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचकर एनसीपी प्रमुख शरद पवार के विचार सुनेंगे। बैठक में प्रदेश महासचिव एडवोकेट रामकुमार कश्यप, भाग सिंह मधुबन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन हरियाणवीं कलाकारों ने मचाई धूम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीएम सिटी में पहली बार पंडित चिरंजीलाल शर्मा गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन जहां शार्ट फिल्में, फीचर फिल्में दिखाई गई, वहीं इन फिल्मों के माध्यम से समाज की कुरीतियों को बदलने के लिए मानसिकता बदलने की बात कही गई। गुरुवार को शाम के सत्र में बतौर मुख्य अतिथि घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि फिल्में समाज का आईना हैं। अच्छी फिल्में जहां जीवन की राह प्रशस्त करती हैं, वहीं बुरी फिल्मों के दुष्परिणाम भी हैं। इसलिए सकारात्मक फिल्मों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। सिनेमा के पात्रों का मानसिकता से लेकर पहनावे तक का असर होता है, इसलिए सिनेमा के विशेषज्ञों को ऐसा परोसना चाहिए जो पूरे समाज के लिए हितकर हो, खासतौर पर हमारी युवा पीढ़ी व बच्चों के लिए। उन्होंने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए फेस्टिवल डॉयरेक्टर धर्मेंद्र डांगी को खासतौर पर बधाई दी और ऐसे आयोजन करने के लिए उत्साह बढ़ाया। अपनी बेटी ऐशना कल्याण, दामाद मधुर के साथ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में आए घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण के साथ विशेष अतिथि एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन के असल नायक एसपी चौहान ने कहा कि अच्छी फिल्में इंसान के पौष्टिक भोजन की तरह हैं। जैसे शरीर पौष्टिक भोजन से स्वस्थ रहता है, उसी तरह पॉजिटिव फिल्मों का असर हमारे सबके मन मस्तिष्क पर होता है। उन्होंने अश्लीलता, नग्नता से दूर अच्छी फिल्में देखने की वकालत की और अपने परिवार के साथ सुख शांति से रहने, मां बाप की सेवा करने के लिए स्टूडेंटस को प्रेरित किया। शाम के सत्र में मुख्यअतिथि घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण का स्वागत शानदार हरियाणवीं अंदाज म्हारा मुख्य मेहमान आया रै नामक गीत से नाच गाकर किया गया। विशेष अतिथि एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन के असल नायक एसपी चौहान ने भी हरियाणवीं कलाकारों का हौसला बढ़ाया। गुरुवार को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में कुल दस फिल्में दिखाई गई। इनमें से कुछ शार्ट फिल्में और फीचर फिल्में रहीं। इनमें मुख्य रूप से अनिद्रा, एहसास, मराठी फिल्म गुल्हर, मिड डे मील और ओपरी पराई फिल्मों की चर्चा बनीं रही। विधायक हरविंद्र कल्याण ने ओपरी पराई फिल्म देखीं, जिसकी उन्होंने सराहना की। फेस्टिवल डॉयरेक्टर धर्मेंद्र डांगी ने बताया कि 17 मार्च का दिन महिला सशक्तिकरण पर आधारित होगा। इस दिन महिलाओं से संबंधित फिल्में दिखाई जाएंगी, वीडियोज व वेब सीरिज का भी प्रदर्शन होगा। सिने तारिका शिखा मल्होत्रा व डॉयरेक्टर दैदीप्य जोशी दोपहर बाद कार्यक्क्रम में शिरकत करेंगे। सुबह के सत्र में लेखक संदीप साहिल की बॉयोग्राफी संघर्ष को सलाम पर आधारित एसपी चौहान के जीवन पर बनी फिल्म एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन दिखाई जाएगी। इस फिल्म में सिने अभिनेता जिम्मी शेरगिल व अभिनेत्री युक्ता मुखी ने एसपी चौहान व श्रीमति चौहान का रोल अदा किया है। इस दौरान सांझी फिल्म भी दिखाई जाएगी। फेस्टिवल में लगातार भागीदारी कर रही सोशल वर्कर गुरविंद्र कौर व सुषमा मक्कड ने बताया कि इस तरह के आयोजन का करनाल में होना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने शार्ट फिल्म एहसास की मुक्तकंठ से तारीफ की और फेस्टिवल डॉयरेक्टर को बधाई दी। जिद, कॉलेज कांड सहित कई वेब सीरिज व कई फिल्में कर रहे अभिनेता कृष्ण मलिक ने बताया कि 18 मार्च को करनाल के कलाकारों की ओर से तैयार की गई म्यूजिक वीडियो का प्रतियोगिता श्रेणी में प्रदर्शन किया जाएगा। स्टार कलाकार हर्ष गहलोत, अभिनेता कृष्ण मलिक, निदेशक विशाल काठपाल, गुरप्रीत मिगलानी ने इसमें मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं।

### अवैध खनन करने पर लगाया 5.50 लाख का जुर्माना

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिले के गांव फरीदपुर में खान के आसपास लगते क्षेत्र में अवैध माइनिंग में लगे भू-माफिया पर साढ़े 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। माफिया रात के अंधेरे में अवैध खनन करता है। फरीदपुर के पास रेत खनन की गुप्त सूचना के बाद थाना प्रभारी दीपक कुमार ने छापा मारा था। यहां जेसीबी द्वारा अवैध खनन किया जा रहा था। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो जेसीबी मशीन से डंपर में रेत भरा जा रहा था। पुलिस की टीम की रेड से अचानक खनन माफिया में हडकंप मच गया, जिसके बाद खनन कर्ता मौके से फरार हो गए।

## अपहृत बरामद, तीन अपहर्ता गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना नजीबाबाद पुलिस किसान सेवा सहकारी समिति के संचालक पद के प्रत्याशी का नामांकन वापस लेने का दबाव बनाने व धमकी देकर अपहरण करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 15 मार्च को थाना नजीबाबाद में सुनिता देवी पत्नी नरेश कुमार निवासी गाँव पुरुषोत्तमपुर थाना नजीबाबाद जिला बिजनौर सचिन पुत्र महाराज निवासी गाँव पुरनपुर गढी. जनपद बिजनौर, मोनू पुत्र कुलवीर सिंह निवासी गाँव दरियापुर थाना नजीबाबाद, तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध उसके पति नरेश पुत्र हरिकेश पर नामांकन नहीं करने, पर्चा नहीं लेने, भरने की चेतावनी दी गई थी।

# जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा ने कसी कमर

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी।** **देश के** प्रधानमंत्री एवं काशी के सांसद नरेन्द्र मोदी के 24 मार्च को प्रस्तावित काशी दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम और जनसभा को सफल बनाने के लिए काशी क्षेत्र,जिला और महानगर इकाई ने भी तैयारी शुरू कर दी है। गुरूवार को पार्टी के रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक क्षेत्र अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने कहा कि काशी एक बार फिर विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता का



स्वागत करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री हमेशा की तरह काशी के लिए कुछ न कुछ नयी सौगात लेकर आते हैं,इस बार भी प्रधानमंत्री लगभग 1800 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। सुनील ओझा ने कहा कि स्वच्छता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। हर बार की तरह उनके वाराणसी आगमन के पूर्व पार्टी व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाती है। इस बार भी पार्टी ने तय किया है कि 21-22-23 मार्च को जनजागरण के लिए महानगर के सभी वार्डो में सुबह 7 से 9 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाएगी। इस निमित्त वार्ड स्तर पर कार्यकर्ताओं की टीम बनायी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख चौराहों पर साज-सज्जा और स्वागत की जिम्मेदारी जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों को सौंपी गयी है, जहां ढोल नगाड़े के बीच पार्टी कार्यकताओं के साथ पीएम का जोरदार स्वागत किया जाएगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि 24 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रस्तावित जनसभा को लेकर पार्टी ने व्यापक योजना बनाई है । पार्टी के सभी मोर्चे 21-22-23 मार्च को वाहन जुलूस के माध्यम से जनजागरण अभियान चलाएंगे। वाहन जुलूस शहर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों से होकर गुजरेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रस्तावित जनसभा की व्यवस्था में लगे व्यवस्था प्रमुख अपनी अपनी टोली बना लें और कार्यक्रम होने तक अपनी टीम के साथ नियमित बैठकें करे, साथ ही व्यवस्था में लगी अन्य टीमों के साथ सामंजस्य स्थापित करे एवं व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी ना रह पाए इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में पीएम मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न विभागों के अनुभवी कार्यकर्ताओं की टीम बनाई गइ।

# 'मनोहर सरकार ने मानदेय बढ़कर सरपंचों व पंचों का किया सम्मान'

**टीम एक्शन इंडिया/ बहादुरगढ़/सिद्धार्थ राव**
भाजपा नेता पंकज जैन ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में सरपंच व पंचों का मानदेय बढ़ाकर यह साबित कर दिया है कि वह प्रदेश के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना की। भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सरपंचों व पंचों का मानदेय बढ़ाने के साथ-साथ सरपंचों को 5 लाख तक के



विकास कार्य करवाने का अधिकार भी दे दिया है जिससे गांव का सरपंच अब 5 लाख तक के विकास कार्य करवा सकेगा और इससे ऊपर के कार्य ई- टेंडरिंग के माध्यम से होंगे। डॉ पंकज जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह भी कहा है कि पंचायतों के विकास कार्य में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं होगा। ई-टेंडरिंग से जो भी विकास कार्य होंगे अगर उसकी गुणवत्ता में कोई खराबी आती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पंच और सरपंचों का मानदेय बढ़ाकर पंचायतों को सशक्त किया है। हरियाणा में सरपंचों का मानदेय 3 हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये कर दिया गया है।

## मांगों को लेकर सपाइयों ने भरी हुंकार

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी साधन सहकारी समिति के चुनाव में हो रहे धांधली को रोके जाने व अष्टभुजा टोल प्लाजा पर टोल टैक्स के नाम पर ट्रैक्टरों से अवैध वसली बंद करने एवं शास्त्री गंगा पुल पर बड़े वाहनों को चालू करने की मांग को लेकर सपा ने हुंकार भरी। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को पार्टी कार्यालय से नेताओं व कार्यकताओं के साथ वह पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेक्ट पहुंचे। जिलाधिकारी को संबोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे अमरेन्द्र वर्मा को सौंपा। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग जिस तरीके से साधन सहकारी समिति चुनाव में धांधली करा रहे हैं।

# विश्व क्षय दिवसः अंतर्राष्ट्रीय आयोजन की तैयारियां हुई तेज



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी।** **विश्व क्षय** दिवस (24 मार्च) पर वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय आयोजन की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। गुरुवार को तैयारियों का जायजा लेने प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा शहर में आये। प्रमुख सचिव चिकित्सा ने कार्यक्रम स्थल सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में चल रही तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव चिकित्सा ने सबसे पहले काशी विद्यापीठ ब्लॉक के कोरौता हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। और क्षय रोगियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में सम्पूर्ण जानकारी ली। प्रमुख सचिव ने टेली मेडिसिन सेवा के अलावा गैर संचारी रोग से सम्बन्धित सेवाओं के अभिलेखों का भी अवलोकन किया। वहां की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) प्रिया मल्ल व एएनएम रजत कुमारी ने सेंटर की व्यवस्थाओं की उन्हें विस्तार से जानकारी दी। यहां से वे सेवापुरी ब्लाक के करघना (प्रथम) हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहुंचे । जहां सीएचओ अंजनी भारती व एएनएम सुप्रिया ने केन्द्र में क्षय रोगियों को मिलने वाली सुविधाओं के साथ ही अन्य रोगियों को भी दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं से भी उन्हें अवगत कराया। यहां से प्रमुख सचिव शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवपुर पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। सीएचसी शिवपुर के अधीक्षक डा. करन गौतम ने उन्हें अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने सारनाथ में निमार्णाधीन अस्पताल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.संदीप चौधरी समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

# 100 किलोग्राम गांजे के साथ पिपली टोल प्लाजा से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा/ सोमपाल सैनी**
सोनीपत जिले की सीआईए-2 स्टाफ की पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना में मादक पदार्थ सहित दो आरोपियों को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी सुरेंदर व हरिओम दोनों निवासी गाँव नुरण खेडा जिला सोनीपत के रहने वाले है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि को सीआईए-2 स्टाफ सोनीपत के अनुसंधानकर्ता सब इंस्पेक्टर राजबीर अपनी पुलिस टीम के साथ मौजूद थे। जिन्हें सुचना मिली कि डस्टर गाड़ी नंबर एच आर 06 ए सी2602 में भारी मात्रा में सोनीपत केएमपी रोड से होते हुए शहर खरखौदा की तरफ आ रहे हैं। सुचना पर पुलिस पार्टी ने तुरंत कार्यवाही करते हुए पिपली टोल पहुँचे। जोकि मिली सूचना के अनुसार एक गाडी डस्टर केएमपी की तरफ से पीपली टोल प्लाजा पार करके खरखौदा की तरफ आती हुई दिखाई दी। जिसको पुलिस पार्टी ने रुकवाकर गाडी में सवार दो युवको को गाडी सहित काबु करके नाम-पता पुछा तो ड्राईवर सीट पर बैठे युवक ने अपना नाम हरिओम निवासी गाँव नुरनखेड़ा बतलाया तथा ड्राइवर की बगल वाली सीट पर बैठे युवक ने अपना नाम सुरेन्द्र गाँव नुरनखेड़ा बतलाया जोकि गाड़ी की चेकिंग करने पर गाड़ी से अवैध गांजा मिला। जिसका बाद में ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वजन करने पर 101 किलो 800 ग्राम मिला। इस घटना का थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया गया। जाँचकर्ता टीम द्वारा गिरफतार आरोपी से प्रारम्भिक पूछताछ करने पर अपने द्वारा किए अपराध को स्वीकार करते हुये बताया कि इस अवैध गांजा को नामपता नामालूम व्यक्ति से विशाखापत्तनम (आंध्रप्रदेश) से लिया है। गिरफतार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



# आहुलाना नहर के पुल से थोड़ी ही दूरी पर किशोर वशीम का मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
आहुलाना गांव में पश्चिमी यमुना लिंक नहर में नहाते समय डूबे गढ़ी झंझारा गांव के किशोर वसीम का शव 3 दिन के बाद वीरवार को थोड़ी ही दूरी पर मिल गया। किशोर वसीम के शव को परिजनों दिन-रात ग्रामीणों व पुलिस के साथ नहर की रोहतक व सोनीपत ब्रांच में तलाश कर रहे थे। जब सफलता नही मिल रही तो परिजनों ने वीरवार को ट्रैक्टर के पीछे रस्सा बांधकर एक साइकिल को नहर में डाला, और जिस जगह किशोर डूबा था, वहा डाल दी। परिजनों को पूरा शक था कि किशोर वाशिम डूबी हुई जगह के आसपास ही मिल सकता है। उन्होंने ट्रैक्टर को नहर की पटरी के साथ चलाते हुए साईकिल को पानी के अन्दर डालकर घसीटते हुए ले जा रहे थे तो करीब एक् किलोमीटर के दायरे में किशोर साइकिल में उलझकर ऊपर आ गया। उसके बाद परिजनों ने शव को बाहर निकाला। उसके बाद परिजनों ने किशोर वशिम के शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और शव को वाहन में रखकर गढी -ां-ाारा गांव में ले आए। बताया गया कि उसी दौरान पुलिस की जिप्सी उनके पीछे-पीछे रहे। उसके बाद पुलिस ने परिजनों को पोस्टमार्टम करवानेके लिए कहती रही लेकिन नही माने। उसके बाद एसडीएम अनुपमा मलिक, एसीपी सतीश गौतम व अन्य पुलिस अधिकारी व दर्जनों पुलिस अमला गांव में पहुंच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा तो परिजन बोले उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है और न ही कोई कार्रवाई चाहते है। वे शपथ पत्र तक देने को तैयार है। इसी दौरान दोनो तरफ से प्रयास चलता रहा। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आखिर में गांव के मौजिज व्यक्ति ने परिजनों को समझाया और पुलिस प्रशासन से मांग रखी कि एक घंटे के भीतर ही पोस्टमार्टम कराकर शव उन्हें सौंपा जाए। उसके बाद परिजन सहमत हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में ले जाया गया।



# मांडोठी के कबोसिया पाना स्थित शिव मंदिर में दिया एक लाख एक हजार रुपये का दान

**टीम एक्शन इंडिया/ बहादुरगढ़/सिद्धार्थ राव**
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एवं आरजे अस्पताल के चेयरमैन राजेश जून ने मांडोठी गांव के पाना कबोसिया स्थित शिव मंदिर में 1 लाख 1 हजार रुपये का दान दिया। मांडोठी गांव में पाना कबोसिया लोदान ढोला कमोडा जोहड़ पर बने शिव मंदिर में पहुंचे प्रदेश डेलीगेट राजेश जून का शिव मंदिर कमेटी के सदस्यों ने स्वागत किया तथा मंदिर में 1 लाख 1 हजार रुपये सहयोग स्वरूप भेंट करने के नेक कार्य की सराहना की। मंदिर कमेटी व ग्राम वासियों ने प्रदेश डेलीगेट राजेश जून को हलके की सेवा करने का आशीर्वाद भी दिया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जून ने कहा कि धार्मिक स्थल सभी के सांझे होते हैं। शिव मंदिर के रखरखाव व समय समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में किसी तरह की कमी न रहे इसलिए सभी सामर्थ्य लोगों को यथासंभव दान जरूर करना चाहिए। राजेश जून ने कहा कि शास्त्रों में भी लिखा गया है कि दान की जड़ हमेशा हरी होती है। कोई भी मनुष्य किसी धार्मिक स्थल, मंदिर या किसी नेक कार्य में आर्थिक सहयोग करता है।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 17 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' का 46वां हफ़्ता

## शालीमार बाग (ए) वार्ड से निगम पार्षद जलज कुमार चौधरी ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, केक काटकर मनाया गया दांडी मार्च दिवस





### "राकेश भारद्वाज चौक" पर केक काटकर धूमधाम से मनाया गया दांडी मार्च दिवस





**'राकेश भारद्वाज चौक'** पर हर रविवार को आदर्श रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में विभिन्न व्यंजनों से सजी थाली तो परोसी ही जाती है। इसके साथ ही संस्था हर बार किसी नए आइडिया और अनोखी पहल के साथ कुछ अलग पेश करती है। जो हर किसी के लिए कौतुहल का विषय बना रहता है। आपको बता दें कि इससे पिछले रविवारों में मजदूर दिवस, मातृत्व दिवस, परिवार दिवस, अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस सहित जन्मदिवस भी मनाए गए। धूमधाम से केक काटकर मनाया गया दांडी मार्च दिवस। सभी ने एकदूसरे को बधाई दी।

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। स्वर्गीय राकेश भारद्वाज जी और उनके मित्र सुरेंदर चोपड़ा द्वारा लगाया गया एक छोटा सा पौधा आज एक वट वृक्ष का आकार ले चुका है। पिछले 46 हफ्तों से निरंतर हर रविवार को आदर्श रसोई का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में लजीज व्यंजनों से भरी थाली परोस जा रही है।




### आदर्श रसोई ने स्थापित किए हैं सच्चे आदर्श

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "राकेश भारद्वाज चौक" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "**आदर्श रसोई**" ने अपना 46वां रविवारीय कार्यक्रम बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### निगम पार्षद जलज कुमार चौधरी ने किया विधिवत रूप से आदर्श रसोई का शुभारंभ

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर कार्यक्रम में बतौर शुभारंभकर्ता शालीमार बाग (ए) वार्ड से निगम पार्षद जलज कुमार चौधरी पहुंचे।

मुख्य अतिथि जलज कुमार चौधरी ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवित शुरूआत की। इसके उपरांत निगम पार्षद जलज कुमार चौधरी ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर भव्य अभिनंदन किया और इस दिन को विशेष बनाया। राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक था। साथ ही अतिथियों के साथ-साथ पदाधिकारियों का भी उत्साह देखते ही बनता था।

### क्या बोले पार्षद जलज कुमार चौधरी

इस विशेष मौके पर निगम पार्षद जलज कुमार चौधरी ने कहा कि आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन सामाजिक कार्य कर रही है और दिन प्रतिदिन समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है। आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा की आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं।

पुण्य आत्मा श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच और समाज के प्रति दायित्व को को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है जो काबिलेतारीफ है और टीम के सभी सम्मानित सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### राकेश भारद्वाज जी के विचार हम सब के लिए अनुकरणीय: जलज कुमार चौधरी

जलज कुमार चौधरी ने कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी सोच को आदर्श रसोई के माध्यम से नया आयाम मिला है।

साथ ही राकेश भारद्वाज जी ने हमेशा अपने अनुभव से सभी का मार्गदर्शन किया। आज इस स्थान पर ऐसे कई विशिष्ट सदस्य मौजूद हैं जिनके जीवन में अपने विचारों व अनुभव से मार्गदर्शन किया। ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि आज आदर्श रसोई के माध्यम से मुझे सेवा करने का मौका मिला। इस तरह के सामाजिक कार्यों से जुड़कर मन को आत्मिक शांति मिलती है।

पार्षद ने आगे कहा कि आज श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार, नेक नीयत से लोगों की मदद करना सभी को याद है। यहीं कारण है कि आज जब राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का रविवारीय कार्यक्रम होता है तो लोग दौड़े चले आते हैं।

### आदर्श रसोई के मध्यम से श्रद्धेय राकेश भारद्वाज आज भी लोगों के बीच ज़िंदा है : जलज कुमार चौधरी

निगम पार्षद जलज कुमार चौधरी ने कहा कि श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी हम सभी के लिये प्रेरणास्त्रोत हैं। आदर्श रसोई के माध्यम से राकेश भारद्वाज जी हम सभी के बीच ज़िंदा है। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी ने हमेशा अपने अनुभव से सबका मार्गदर्शन किया। आदर्श रसोई का हर एक सदस्य रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहता है और अपना भरपूर योगदान देता है। आदर्श रसोई के विचार लोगों को प्रेरणा देते हैं और इस तरह की जनसेवा का भाव रखने वाली संस्था आज समाज को जरूरत है। मैं आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करता हूं।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। निशुल्क पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।






















आदर्श रसोई ने पिछले 46 रविवार से परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाएं हुए मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध कर रही हैं। हम सभी को ऐसे नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समाज में अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम की आज समाज को जरूरत है और **–जलज कुमार चौधरी, निगम पार्षद**



आदर्श रसोई ने हमेशा ही जरूरतमंदों के लिए कार्य किया और राकेश भारद्वाज जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए रसोई का आयोजन निरंतर रूप से हो रहा है। टीम कार्यक्रम में योगदान दे रही है जिसके लिए पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन और बधाई। यहीं कारण है कि आज आदर्श रसोई समाजसेवा में नए कीर्तिमान छू रहा है। **– रामलाल उनियाल, वाईस चेयरमैन**



आदर्श रसोई की नींव परम श्रद्धेय और मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी और सुरेन्द्र चोपड़ा जी ने रखी थी। जिसका लक्ष्य था जरूरतमंदों की नि:स्वार्थ भाव से भरपेट भोजन कराना। सप्ताह दर सप्ताह यह संस्था अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य कर रही है। साथ ही इस लक्ष्य को हासिल करने में संस्था का हर एक व्यक्ति अपना योगदान दे रहा। **– रवि भारद्वाज, संयोजक**



ये आदर्श रसोई का 46वां रविवारीय आयोजन था। आदर्श रसोई का हर एक पदाधिकारी इस नेक कार्य में अपना योगदान देता है। मैं संस्था के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयो से आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहते हैं। **– मोहन गर्ग, आदर्श रसोई चेयरमैन**



आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई का उद्देश्य था जरूरतमंदों की सेवा करना और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक की हुई है। **–सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान**



आदर्श रसोई पिछले 46 हफ्तों से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। साथ ही कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तय की जाती है। सभी अपने विचार आदान-प्रदान करते हैं। इस सफल कार्यक्रम के लिए पूरी टीम का अभिनदंन। **पम्मी मल्होत्रा, महासचिव**




